पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 8:39 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद, मंगलवार, 23 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 304, पृष्ठ 20
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

ऐसे हुई प्राण प्रतिष्ठा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोपहर 12 :04 बजे राम मंदिर में प्रवेश किया। इस दौरान उनके हाथों में पूजा सामग्री थी। मोदी भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे थे। चार मंडपों से आगे बढ़ते हुए वह दोपहर 12 :07 बजे वह मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। जिसके बाद विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण शुरु हुआ। मोदी के साथ गर्भगृह में पूजा में संघ प्रमुख मोहन भागवत मौजूद रहें। दोपहर 12 :10 बजे पूजा अर्चना के बाद प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू हुई। शंखनाद की ध्वनि और मंत्रोच्चारण के बीच रामलला की मूर्ति गर्भगृह में विराजमान की गई। गर्भगृह में मौजूद प्रधानमंत्री, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम की आरती की। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। जिसके बाद प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 12 :31 बजे संपन्न हुआ। गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी दोपहर लगभग एक बजे गर्भ गृह से बाहर आए। शास्त्रानुसार दोपहर में अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुष्ठान का संचालन 121 आचार्य ने किया।

विमला में विराजे राघव

मोदी ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साथ फूंका नए कालचक्र की शुरुआत का बिगुल

- अजय दयाल, अयोध्या

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नया इतिहास रचा। भारत के सांस्कृतिक-अध्यात्मिक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए न केवल रामलला की वैदिक मत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की बल्कि एक नये कालचक्र की शुरुआत का बिगुल भी फूंक दिया। अयोध्या धाम में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाव विभोर प्रधानमंत्री ने मनोभाव प्रकट करते हुए कहा कि हमारे राम आ गए। राम लला टेंट में नहीं रहेंगे, अब दिव्य मंदिर में रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा पक्का विश्वास और अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है उनकी अनुभूति देश और विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही है। ये क्षण अलौकिक है। ये माहौल, वातावरण, ऊर्जा और घड़ी अलौकिक है। मोदी के मुताबिक, 22 जनवरी 2024 कैलेंडर पर लिखी तारीख नहीं, ये नए कालचक्र का उद्गम है। सदियों के धैर्य की आज धरोहर मिली है। 1000 साल बाद भी लोग आज की तारीख और पल की चर्चा करेंगे। राम मंदिर का निर्माण पूरा होने के साथ भारत विश्व गुरु भी बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया। सदियों का इंतजार खत्म हो गया। अब आगे क्या। जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने आई हैं। उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे। नहीं, आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि काल चक्र बदल रहा है। ये सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को चुना गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हजारों साल बाद की पीढ़ी हमारे कार्यों को याद करेगी। हमें आज इस पवित्र समय से अगले एक हजार साल की नींव रखनी है। ये काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रही अमिट स्मृति रेखाएं हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैय, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे राम आ गए हैं। समस्त देशवासियों को बहुत बहुत बधाई।



राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत। ● एजेंसी

- **श्रीराम मंदिर परिसर से मोदी ने व्यक्त किए अपने भाव कहा देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार है**
- **हजार साल बाद भी लोग आज की तारीख और पल की चर्चा करेंगे, मंदिर पूरा होने के साथ भारत बनेगा विश्वगुरु**
- **कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनेगा तो आग लग जाएगी, राम आग नहीं ऊर्जा हैं: मोदी**
- **कालचक्र बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा, आपकी छोटी से छोटी कोशिश इसे संभव करेगी**
- **सदियों की प्रतीक्षा बाद आए राम टेंट में नहीं, दिव्य मंदिर में रहेंगे**

भगवान राम 14 वर्ष बाहर रहकर बाहर के कलह मिटाकर अयोध्या वापस आये थे। अब दोबारा राम अपने घर वापस आये हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे-छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा। हमें अपने को संयम में रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आने से पहले कठोर तप रखा। जितना कठोर तप रखा जाना चाहिए था, उससे ज्यादा कठिन तप रखा। मेरा उनसे पुराना परिचय है। मैं जानता हूं, वे तपस्वी हैं ही। प्रधानमंत्री ने तप किया, अब हमें भी तप करना है।

-मोहन भागवत, आरएसएस प्रमुख

मोदी की खास बातें

- *मैं अभी गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके समक्ष हूं।*
- *कहने को बहुत कुछ है मगर कंठ, शरीर अभी भी स्पंदित है। चित अभी भी उस पल में लीन है।*
- *संविधान के पहली प्रति में राम विराजमान हैं। इसके अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक कानूनी लड़ाई चली। आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का जिसने न्याय की लाज रख ली।*
- *देश ने इतिहास की गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता से खोला है वो दिखाता है कि हमारा भविष्य हमारे अतीत से बहुत सुंदर होने वाला है।*

श्रीराम से मांगी माफी

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां मौजूद जनसमुदाय से भावुक और भरे हुए गले से मनोभाव प्रकट किए। मोदी ने इस दौरान राम से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक यह कार्य कर नहीं पाए। आज वह कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे।

निश्चिंत रहिए! रामकृपा से अब कभी कोई भी अयोध्या की परिक्रमा में बाधक नहीं बन पाएगा। यहां गलियों में गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं होगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। अपितु राम नाम संकीर्तन से गुंजायमान होगी। रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है। रामराज बैठे त्रैलोका। हर्षित भये गए सब सोका। योगदान करने वाले सभी वास्तुविदों, अभियंताओं, शिल्पियों और जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद।

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री



भेंट किया चांदी के राम मंदिर का मॉडल

मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत का स्वागत किया। योगी ने दोनों को श्रीराम मंदिर का चांदी का मॉडल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



रामलला के साथ ही आज भारत का स्वाभिमान लौटकर आया

- **श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक ने जनमानस को दिया 'नव प्रण'**

राज्य ब्यूरो, अयोध्या। 500 वर्ष के पराभव काल के कलंक को मिटाकर अयोध्या के भव्य जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कई मायनों में नए प्रतिमान गढ़ते हुए देश को विश्वगुरू बनाने के नए सोपान की ओर अग्रसर करेगा। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इसी बात को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख व सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने जनमानस को इस घड़ी में 4 नव प्रण दिलाकर यह आशा जताई कि इनका पालन कर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के भीतर ही भारत विश्वगुरू बनकर पूरी दुनिया में अपनी आभा बिखेरने लगेगा।

उन्होंने सोमवार को नवनिर्मित राम मंदिर प्रांगण से अपने मनोभाव प्रकट करते हुए कहा कि आज का आनंद शब्दों में वर्णातीत है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत उठ खड़ा होगा इसका यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साक्षी बन रहा है। सब में आनंद है, सब में उमंग है। हमने सुना इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने के पूर्व पीएम मोदी ने कठिन व्रत रखा जो कि उनके तपस्वी स्वभाव को दर्शाता है।

रामलला के लिए चांदी का छत्र और वस्त्र लेकर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुनहरा कुर्ता, क्रीम कलर धोती और गमछा पहने ठीक दोपहर 12 :05 बजे राममंदिर परिसर के मुख्य गेट से पैदल ही आगे बढ़ते देख लोग एकटक निहारने लगे। मोदी के हाथ में रामलला को भेंट देने के लिए लाल रंग के कपड़े पर की गई अनुपम कढाई से सजी वस्त्र और उस पर चांदी का छत्र रखा था। उन पर परिसर में बैठे करीब 8 हजार मेहमानों की निगाहें थीं, लेकिन मोदी आस्था के वशीभूत मन में रामनाम संकीर्तन करते अगले दो मिनट में सीधे सिंह द्वार से राममंदिर में प्रवेश किए। फिर नृत्य मंडप, रंगमंडप, गूढ़ मंडप होते हुए गर्भगृह में पहुंचे। जहां श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, जगतगुरू स्वामी परमानंद, केशव परासरन और आचार्यों से सिर झुकाकर आशीर्वाद लेते हुए लाई हुई भेंट ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी को सौंपा।

प्रधानमंत्री के लिए हम लोगों ने महापुरुषों से परामर्श करके लिखा था कि आपको तीन दिन का उपवास करना है, लेकिन आपने 11 दिन का संपूर्ण उपोषण किया। हमने एक समय अन्न छोड़ने को कहा था, उन्होंने अन्न का ही त्याग कर दिया। आपकी माताजी से मिलकर मैंने यह पुष्टि भी की थी कि आपका अभ्यास चालीस वर्षों का है। हमने कहा था कि इन दिनों में आपको विदेश प्रवास नहीं करना चाहिए ताकि सांसरिक दोष न लगें। उन्होंने विदेश प्रवास टाल दिया।

- स्वामी गोविंद देव गिरिजी महाराज (कोषाध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि में तीर्थ क्षेत्र न्यास)

एक करोड़ घरों पर 'रूफटॉप' सोलर के साथ 'सूर्योदय योजना' शुरु होगी: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौटने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घरों की छतों पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।'' उन्होंने कहा, ''अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य के साथ "प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना" प्रारंभ करेगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या से लौटने के बाद इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का उद्देश्य सौर पैनल के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को बिजली प्रदान करना है। साथ ही इसका लक्ष्य अधिशेष बिजली उत्पादन से अतिरिक्त आय का स्रोत भी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाने के मद्देनजर आवासीय इलाकों के उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाना चाहिए।

रोम-रोम पुलकित | प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम नाम रहा गुंजायमान, भक्ति भाव दिखा चरम पर

नव भारत का अरुणोदय, एका का सूत्रपात

- अनिल त्रिगुणायत, अयोध्या

अमृत विचार। प्राण प्रतिष्ठा का क्षण ऐतिहासिक। आमजन का रोम-रोम पुलकित। मनोभाव विह्वल करने वाला। आस्था प्रबल। श्रद्धा तो राघव की आसक्ति से परिपूर्ण। नमन करने का ज्वार चरम पर। प्रत्येक को चराचर जगत के पूजनीय राम से आशीर्वाद की ही बस चाह। भक्ति-भाव अतिरेक। हृदय में बस एक ही इच्छा। श्रीराम भारत समेत समूचे विश्व के लोगों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। समाज में एका लाने की शक्ति प्रदान करें। देश समरसता व सहिष्णुता का वैश्विक मिसाल बने। सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते ही प्रत्येक भारतवासी में कमोबेश उपरोक्त भाव ही था। ऐसा होना लाजिमी भी है। क्योंकि लोगों की करीब 500 वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है। अपने राम को पाकर जहां सरयू आह्लादित है। अयोध्या नगरी इठलाती दिख रही। देश में आस्था की लहर तरंगित हो रही है।

श्रीराम न्याय, त्याग, बलिदान, ऐश्वर्य और शौर्य के अप्रतिम उदाहरण हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम अपना व समाज का कल्याण कर सकते हैं। राम का मूल दर्शन है- "मैं हूँ, क्योंकि हम हैं।" धर्म की परिकल्पना का यह मूलाधार है। मैं, मेरा परिवार, ग्राम, राज्य, राष्ट्र, मानवता, मानवेतर जीव सृष्टि, निसर्ग ये सभी परस्पर जुड़ी हुई हैं। उक्त सभी विस्तारित होने वाली विभिन्न इकाइयां हैं। इनमें परस्पर संघर्ष नहीं, समन्वय है। स्पर्धा नहीं, संवाद है। इन सभी इकाइयों का अवलंब हमारा जीवन है। श्रीराम के द्वारा दिखाए गए रास्ते हैं।

उक्त सब हैं, इसीलिए हम हैं। राम के दर्शन को केवल एक धर्म या समुदाय तक सीमित रखना उपयुक्त नहीं। उसे केवल आध्यात्मिकता तक सीमित रखना भी अपर्याप्त। भले ही हमारी मान्यताएं या विश्वास अलग-अलग हो मगर सभी मान्य धर्मों में एक ही अलौकिक शक्ति पाने की चाह तथा इंसानों के उपकार की भावना निहित है। इस लिहाज से भले ही सबके रास्ते दिखने में अलग-अलग हो मगर मंजिल सबकी एक ही होनी चाहिए। भारत को विश्व में अव्वल बनाने की। राम का दर्शन भी तो किसी इंसान या प्राणी में परायापन नहीं देखता। सभी को एक समान मानता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक, गौरवशाली व अविस्मरणीय है। अयोध्या में राम आगमन बदलते भारत की तस्वीर है। एक नए भारत का सूत्रपात है। दशरथ-कौशल्या सुत राघव के भारत का। राम के दर्शन को आत्मसात करने वाले भारत का।

भाव-विभोर हैं हम, शब्द पड़ेंगे कम

कौशल्या पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा से भक्त झूम रहे हैं। सरयू जहां आनंद के हिलोरे ले रही वहीं दशरथ महल में दिवाली जैसा दृश्य है। नाना प्रकार के फूलों से सजा राम मंदिर राम आगमन पर पुलकित है। जनमानस आत्मविभोर है। चहुंदिश हर्ष का वातावरण, उमंग व उल्लास। अयोध्या के तो कहने ही क्या .! राम आगमन से धर्मनगरी आह्लादित है, अपने राम के स्वागत में अयोध्या दोहरी हुई जा रही।

विगत एक सप्ताह से प्राण प्रतिष्ठा की बाट जोह रहे थे पश्चिम बंगाल के बिंदेश्वरी दास का भाव तो विह्वल कर देने वाला। बताया कि पिछले 6 दिन से समय काटना मुश्किल हो गया था। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपने को धन्य मान रहा हूं।

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर निवासी स्वामी रामशरण दास अयोध्या आने व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने को अपने जीवन की थाती बता रहे हैं।

बिहार के सीतामढ़ी निवासी पूर्णिमा मंडल का भक्ति भाव तो अप्रतिम। वे अपना जीवन श्रीराम के पूजन में बिताने की आकांक्षा रखती हैं।

हरियाणा के रोहतक निवासी बाबा अवधूत प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को जीवन का मोक्ष बता रहे।

अयोध्या रामोत्सव

अमृत विचार

मंगलवार, 23 जनवरी 2024

www.amritvichar.com

गूंजा भोपाल का ढोल और काशी के 51 डमरू

अयोध्या कार्यालय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होते ही भोपाल की कीर्तन मंडली का ढोल और काशी के 51 डमरू डमडमाने लगा। दोनों की आवाज से लता चौक गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ महादेव डमरू सेवा समिति के मनोज कुमार अग्रहरि ने बताया कि तीन-तीन किलो के 51 डमरू अयोध्या लेकर आए थे। राम की पैड़ी के मार्ग पर मध्य प्रदेश के भोपाल के श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति की तरफ से एक बड़े ढोल पर श्रद्धालुओं ने प्रस्तुति दी। बड़े-बड़े झंडे लेकर श्रद्धालु जयश्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खुशी मनाते भक्त।

भक्तों ने मंगल आरती के साथ जलाए पांच दीपक

राम की पैड़ी पर 1.60 लाख और हनुमानगढ़ी में जले 21 सौ दीप, फुलझड़ी भी छुड़ाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मंगल आरती के साथ राम भक्तों ने पांच दीपक श्रीराम के नाम प्रज्वलित करते हुए पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए। शहर से लेकर गावों तक दिव्य दीपोत्सव के बीच बच्चों और महिलाओं ने भी आनंदित होकर उल्लास की फुलझड़ियां छुड़ाई। राम की पैड़ी पर 1.60 लाख दीप जलाए गए।

भगवान रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राम की पैड़ी 200 से अधिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में सुरक्षा में तैनात महिला सिपाहियों ने दीप जलाकर आतिशबाजी भी की। स्वयंसेवक कुसुम ने कहा कि आज भगवान अपने घर में विराजमान हुए हैं। इसी उत्साह में हम लोग यहां पर दीप जला रहे हैं। हनुमान गढ़ी के मुख्य द्वार पर पुजारी राजू दास के नेतृत्व में 2100 दीप जलाकर दिवाली मनाई। पुजारी राजू दास ने कहा कि आज हमारे प्रभु अपने दिव्य भव्य घर मे विराजमान हो गए। जिसको लेकर पूरी दुनिया में अपार खुशी है। सभी दीपावली मना रहे हैं। दिव्य दीपावली से अयोध्या धाम समेत जुड़वा नगर में कोना-कोना जगमग हो उठा। लोगों ने संध्या को राम आरती के बाद नए कपड़े पहन प्राण प्रतिष्ठा की दीपावली मनानी शुरू कर दी। चौक, रिकाबगंज, सिविल लाइंस, देवकाली, रामपथ, नियावां, अंगूरीबाग आदि इलाकों में उल्लास के साथ लोग घरों के बाहर परिवार के साथ दीपोत्सव में अपनी सहभागिता कर रहे थे। सिविल लाइंस के अनुराग अग्रवाल, शोभित गुप्ता ने बताया कि परिवार व दोस्तों के साथ शाम सात बजे आतिशबाजी शुरू की है और मध्य रात्रि तक जश्न मनाएंगे। बताया कि दो दिन पहले ही स्टॉक कर लिया था, बस आज का इंतजार कर रहे थे। वहीं पूराबाजार की ग्राम पंचायत रामपुर सरधा के श्रीराम जानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर प्रधान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई। श्रीराम जानकी मंदिर सहित गांव के अन्य मंदिरों व देवस्थानों पर श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर आतिशबाजी और भव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा था। इसी तरह दशरथ समाज सहित ब्लॉक के सभी गांवों में दीपोत्सव पर्व के साथ आतिशबाजी हुई।

राम की पैड़ी पर दीप जलाते लोग

भरतकुंड के पौराणिक सरोवर पर दीपोत्सव के साथ आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर भरतकुंड महोत्सव न्यास की ओर से भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड के पौराणिक सरोवर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजित किया गया। बड़ी छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास द्वारा निर्मित भरत -हनुमान मिलन मंदिर, भरत गुफा, राम भरत मिलाप प्राचीन मंदिर पर महंत परमात्मा दास और प्राचीन मंदिर के पुजारी अरविंद तिवारी ने भंडारा किया। भरतकुंड महोत्सव न्यास के अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे और सचिव अम्बरीष कुमार पांडेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भरत स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के कस्बा भदरसा के शिवाला और बाजार वार्ड में स्थित देवी-देवताओं के मंदिरों के साथ राम जानकी मंदिर में भी पूजा पाठ के साथ दीप जलाए गए। पौराणिक स्थल भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम में फूलों से सजे मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ के साथ देर रात तक दीपोत्सव मनाया गया।

आतिशबाजी

दिन भर आनंदोत्सव का उल्लास सांझ ढले दीपोत्सव की उमंग

गोसाईंगंज अयोध्या। अमृत विचार : प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सोमवार कस्बे के महादेवाघाट, सत्संग घाट, सीताराम घाट सहित हिंक्षाराम भारती मंदिर, ठकुराइन मंदिर, हनुमानगढ़ीआदि मंदिरों पर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। लोगों ने अपने घरों को फूलों की लड़ियों व बिजली के झालरों से सजाया। सरयू तट स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पर भी भव्य दीपोत्सव मनाया गया। सोहावल में शाम होते मठ-मंदिरों पर ही नहीं गांव की गली तक राम ज्योति और दीपोत्सव से जगमगा उठे।तहसीनपुर में प्रधान अखिलेश सोनी पंडित और राम नाथ मिश्र की अगुवाई में खिरौनी मां ज्वाला के मंदिर पर अधिवक्ता दीपक सिंह, सत्यमाम सिंह ने अनुष्ठान किया। व्यापार मंडल सुचित्तागंज सत्येंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता पवन गुप्ता आदि ने बाजार में शाम को रथ यात्रा के साथ मेले का आयोजन कर मिष्ठान्न वितरण किया। भेलसर, बड़ागांव में भी विभिन्न मठ-मंदिरों समेत इलाके में दिव्य दीपोत्सव मनाया गया। रुदौली के शुजागंज के हसनामऊ मंदिर व कोटरा को रंग बिरंगी लाइट व भगवा ध्वज से दुल्हन की तरह सजा दिया गया। दोनों गांव के मंदिरों पर 5100 सौ दीप प्रज्वलित किए गए।

बीकापुर में सड़कों पर आतिशबाजी करते बच्चे।

पूराबाजार के रामपुर सरधा में मंदिर में दीपोत्सव मनाते रामभक्त।

32 सीढ़ियां उतरकर 16 मिनट तक अतिथियों के साथ रहे प्रधानमंत्री

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **अमिताभ, रजनीकांत, मुरारी बापू, रामभद्राचार्य व अन्य से उनका हाल जाना**

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर की 32 सीढ़ियों से उतरकर सीधे अतिथियों के पास पहुंच गए। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगी एसपीजी चौकन्नी हो गई और उनके साथ ही साथ रही। नरेंद्र मोदी 16 मिनट तक हाथ जोड़कर अतिथियों से मिलते रहे। बॉलीवुड के अभिनेता अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत, कथावाचक मुरारी बापू, पद्मश्री कथावाचक रामभद्राचार्य समेत अन्य अतिथियों के पास जाकर उनका हाल जाना। इस दौरान पीएम मोदी ने मंदिर निर्माण के प्रमुख ठेकेदार राजेश श्रीवास्तव की पीठ थपथपाकर उनको बधाई और आशीर्वाद दिया। इस दौरान अतिथि भी उनसे भेंट करने के लिए उत्साहित दिखे। कई ने अपने मोबाइल से उनके साथ सेल्फी भी लेनी चाही। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय पहुंचे। इतनी देर में जन्मभूमि परिसर में 3500 संत-धमार्चार्यों के अलावा राजनीति, खेल व फिल्म जगत की हस्तियां मंदिर में पहुंच गई थीं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दोपहर करीब 12 बजे समारोह के मंच से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिसर में पहुंच चुके हैं। इसके बाद वहां बैठे अतिथियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नरेंद्र मोदी ने पूजा संपन्न करने के बाद संबोधित किया। नवनिर्मित मंदिर परिसर के प्रांगण से अपना भाषण खत्म करते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीचे उतर आए और अतिथियों से मुलाकात करने लगे।

भावुक हो रो पड़ीं तीनों साध्वी...

अयोध्या कार्यालय। श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सोमवार को एक पल उस समय भावुक हो गया, जब राम जन्मभूमि आंदोलन की तीनों फायर ब्रांड साध्वी एक-दूसरे से मिली तो गले मिल कर रोने लगीं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आई साध्वी ऋतंभरा, साध्वी उमा भारती और साध्वी निरंजन ज्योति जब एक दूसरे से मिली तो राम लला के मंदिर को मूर्त रूप में देख खुद को रोक न सकीं। सपने को साकार होते देख और आन्दोलन की तीनों साध्वी गले मिल कर रोने लगीं। इस पल को देखने वालों की भी आंखे नम हो गईं।

रामधरा से लेकर आकाश तक गूंजता रहा शंखनाद - जयश्रीराम का उद्घोष, बजती रही बधाइयां और सोहर गीत

पूरी हुई 500 वर्षों की आस अश्रु बन कर फूटा उल्लास

मधु देवी : यूं करती रहीं आराध्य के आगमन की प्रतीक्षा।



मोबाइल पर लाइव प्रसारण देखते साधु विश्राम दास।

कमर अब्बास, अयोध्या।

अमृत विचार : रामपथ पर सोमवार सुबह आठ बजे से ही आतुरता की रामनामी ओढ़े खड़ी अयोध्या की मधु देवी के नेत्रों से झर-झर आंसू बहनें लगे, रुधें गले से बोल उठी मेरे राम आ गए... भावुकता संभाले नहीं संभली तो रामधरा पर शीश नवा दिया।

कर्नाटक के वेंकटेश मौली भी स्वयं को नहीं सम्भाल सके। ह्रदय में उमड़ रही भावनाएं केवल अश्रु बन कर ही नेत्रों से बाहर नहीं आईं बल्कि हनुमानगढ़ी की ओर नंगे पांव दौड़ पड़े, पुलिस कर्मी जब तक कुछ समझ पाते साष्टांग हो रामजन्मभूमि को नमन किया।

आगरा से आए अशोक अग्रवाल और उनकी पत्नी मीता अग्रवाल एक साथ जयश्रीराम का उद्घघोष किया और जन्मभूमि की ओर हाथ जोड़ बोले प्रभु अब दर्शन की भी अभिलाषा पूरी कर दो, जीवन का सब सुख मिल जाएगा।

यह भावुकता से भरे दृश्य उस धरा के रहे जहां रघुवर ने जन्म लिया और भव्य मंदिर में स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित किए गए। पौ फटते ही सोमवार को रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ना शुरू हो गया था। जैसे - जैसे घड़ी की सुई दोपहर 12 बजे की ओर अग्रसर होती गई वैसे-वैसे व्याकुलता चरम पर पहुंचती गई। हर एक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतीक्षा थी कि वह कब आए और प्राण प्रतिष्ठा पूजन पूरा हो। हनुमानगढ़ी से लेकर लता मंगेशकर चौक तक रामपथ की दोनों ओर बैरिकेडिंग पर आराध्य के आगमन का सैलाब जुट गया। 11:15 बजे तक लोग धैर्य धरे रहे लेकिन जैसे ही घड़ी का कांटा 11:45 पर पहुंचा आतुरता प्रस्फुटित होने लगी। तेलंगाना से आए रामबिशुन बार - बार सुरक्षा कर्मियों से पूछते रहे, बताओ मोदी जी कब आ रहे हैं? सीतापुर की ममता पांडेय अपनी सासू मां उर्मिला देवी के साथ आईं थीं। बोली आज ईश्वर 12:20 जल्दी बजा देते, अब धैर्य नहीं होता है। साथ आए बच्चों मयंक और आशू बार - बार पूछते रहे.. माँ राम जी कब आयेगें? । इसी बीच करीब 10 साधुओं का एक जत्था जयश्रीराम का उद्घघोष करते हुए सड़क पर आ गया। सुरक्षा कर्मी टोकते हैं.. एक साथ सब बोल उठते हैं राजा राम आ रहे हैं। आज मत रोको अन्यथा अनर्थ हो जाएगा। इसी दौरान जनसैलाब हुंकार भरता है लो आ गए मोदी जी.. वैदिक छात्रों का समूह शंखनाद करता है। फिर शुरु हो जाती है अकुलाहट और व्याकुलता। भीड़ में कई लोग लाइव प्रसारण देखने लगते हैं। जन्मभूमि में पूजन प्रारम्भ होते ही सम्पूर्ण रामपथ रामोत्सव में मगन होकर पूजन पूरा होने की प्रतीक्षा में।

जब धरा से क्षितिज तक गूंज उठा भये प्रकट कृपाला दीनदयाला...

प्राण प्रतिष्ठा होते ही अयोध्या आनंद और उत्सव में डूब गई है। चहुंओर शंखनाद के बीच बधाईयाँ गूंजने लगती है। शंखनाद और जय श्रीराम के उद्घघोष के बीच प्राकट्योत्सव का प्रचलित भजन बजने लगता है।

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला,
कौसल्या हितकारी ।
हरषित महतारी, मुनि मन हारी,
अद्भुत रूप बिचारी ॥
लोचन अभिरामा, तनु घनस्यामा,
निज आयुध भुजचारी ।

भूषन बनमाला, नयन बिसाला,
सोभासिंधु खरारी ।।
कह दुइ कर जोरी, अस्तुति तोरी,
केहि बिधि करूं अनंता ।
माया गुन ग्यानातीत अमाना,
वेद पुरान भनंता ॥

अपने अंदाज में किया रामलला का आतिथ्य

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **आराध्य की जन्मस्थली पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देना सौभाग्य की बात**

अमृत विचार : रामलला के भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होते हुए पूरी रामनगरी उल्लास में डूब गई। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद जब रामलला के नवीन विग्रह से पर्दा हटा तो पूरी अयोध्या एक साथ जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। जहां जो था बस अपने आराध्य के मुख पर बिखरी मधुर मुस्कान देखकर मुदित हो गया। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर सांस्कतिक कार्यक्रम के लिए दूर दराज से आए कलाकार भी अपने भाव के नहीं छिपा पाए। कई वर्षों के वनवास के बाद रामलला के राज्याभिषेक के दौरान उनकी आस्था का भाव मंच से ही झलकने लगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए कलाकारों ने कहा कि यह पल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन हैं, इसकी कल्पना हमने सपनों में भी नहीं की थी, इस दिन रामनगरी में हमें कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। रामकथा संग्रहायल के सामने लगे मंच पर महोबा से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। दोपहर जैसे ही रामलला अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए तो उनकी खुशी का ठिकाना न था। सुबह से प्रस्तुतियां दे रहे कलाकारों के शरीर पर थकान और माथे पर पसीना आने लगा। सभी थककर जमीन पर बैठ गए, लेकिन जैसे ही राम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा होते हुए रामनगरी में गुंजायमान हो रहा जय श्रीराम का उद्घोष उनकी कानों तक पहुंचा तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार हो उठा। सभी अपने आराध्य के राज्याभिषेक की खुशी में नई स्फूर्ति के साथ प्रस्तुतियां देने में जुट गए।

उनका कहना था कि ऐसा मौका बड़े ही सौभाग्य से मिलता है। हम बहुत खुश नसीब है कि हमें प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर उपस्थित हैं। कलाकारों ने अपने अंदाज में रामलला का आतिथ्य किया और उन्हें शीश नवाया।

लता मंगेशकर चौराहे पर नृत्य पेश करती कलाकार।

अयोध्या का यह स्वरूप देखने के लिए कितनी सदियां बीत गईं। धन्य हैं हम सभी अयोध्यावासी जो हमारा जन्म प्रभु श्रीराम की पावन भूमि पर हुआ है। हम अपनी आँखों से अपने प्रभु का मंदिर बनते देख रहें हैं। आज प्रभु अपने भव्य मंदिर में आ गए। यह देखकर मन भावुक है। रामराज्य की स्थापना की आधारशिला मोदी जी ने रखी। हम अयोध्या वासी आह्लादित ही नहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत सभी विशिष्ट जनों के प्रति ह्रदय से आभारी हैं। **-वेद प्रकाश गुप्ता, नगर विधायक, अयोध्या**

धन्य हुआ अवध का कण-कण, कण - कण में बसे हुए हैं प्रभु श्रीराम। आज न केवल 500 वर्षो की साधना पूरी हुई वरन रामराज्य की स्थापना की आधारशिला भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रखी। हम अयोध्या वासी आह्लादित ही नहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत सभी विशिष्ट जनों के प्रति ह्रदय से आभारी हैं। मैं संपूर्ण अयोध्या की ओर से समस्त राष्ट्र के प्रति श्रद्धा एवं आभार निवेदित करता हूं। **-लल्लू सिंह, अयोध्या सांसद**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला की प्राणप्रतिष्ठा सदियों की निष्ठा को सम्मान देने और इन सबके माध्यम से एक संप्रभु राष्ट्र के लोकोन्मुख प्रतिज्ञा को पूरा करने का अवसर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्वयं उपस्थित रहकर भारतीय जन के चिरसंचित उल्लास का प्रतिनिधित्व किया। **- ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महापौर**

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर का आनंद का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा नए सिरे से राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव की स्थापना की मजबूत नींव है। राम भारत की आस्था हैं और राम का भव्य मंदिर भारत का गौरव है। **-विनोद अग्रवाल, मेयर मुरादाबाद**

भव्य राम मंदिर में बाल स्वरूप रामलला का विराजमान होना और प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति और सम्मान का दिवस है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के परिश्रम और स्नेह का परिणाम है। हम संपूर्ण अयोध्यावासी न केवल उल्लासित है बल्कि भावुक भी है। उन सभी के प्रति ह्रदय से आभार प्रकट करते हैं जिनकी गरिमामयी उपस्थित में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। **-इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व विधायक**

पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 8:39 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद, मंगलवार, 23 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 304, पृष्ठ 20
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

क्षुद्रग्रह से जगमगा उठा जर्मनी के बर्लिन का आसमान 20
कैटरीना समेत कई एक्ट्रेसेस डीपफेक का शिकार 19

रामलला के दिव्य विग्रह का पट हटते ही गर्भगृह में गूंजा आम आकांक्षाओं का भाव, आह्लादित हुआ विश्व

अलौकिक क्षण, मोरे रामलला, मोरे रामलला ...

प्रधानमंत्री मोदी ने सदियों के धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग-तपस्या का दिया अनुपम क्षण

संघ प्रमुख, मुख्यमंत्री, राज्यपाल की उपस्थिति में गूंजा रघुपति राघव..., चहुंओर राष्ट्र का यशगान

धीरेंद्र सिंह, अयोध्या

अमृत विचार : मोरे रामलला, मोरे रामलला..मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में आम आकांक्षाओं के इन शब्दों के बीच गूंजती शंखध्वनि, घंटे-घड़ियाल और जय-जयकार से रामलला के दिव्य विग्रह का पट खुलते ही अद्भुत रूप देख हर कोई भाव विह्वल हो उठा। हाथ में धनुष-बाण लिए पांच साल के घनश्याम रामलला को देख रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम.. गूंजने लगा। जो जहां था वहीं भक्तिभाव वश झूमने लगा। सब मानों त्रेता युग में माता कौशल्या सा भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला.. का साक्षात्कार कर रहे हों।

अयोध्या सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या का यह अनुपम क्षण देख ठिठक सी गई। हेलीकाप्टर से आकाश से हो रही पुष्पवर्षा उन्हीं भावों की याद दिला रही थी कि जैसे रामायणकाल में देवतागण अयोध्या में ऐसे क्षणों में पुष्प वर्षा करते थे। भक्तिभाव से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्भगृह में सोमवार को ठीक दोपहर 12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकंड के बीच अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद देश को अविस्मरणीय क्षण दिया। संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विग्रह को निहारते भाव में डूब गए।

इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने पर दोपहर 12:10 बजे आचार्य सुनील शास्त्री ने प्राण-प्रतिष्ठा के लिए संकल्प कराया। मुख्य आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने मोदी ने चल विग्रह के रूप में विराजमान रामलला, भरत लला, लक्ष्मण लला, शत्रुघ्न लला समेत हनुमंत लला की पूजा-अर्चना की। मोदी ने एक घंटे अधिक समय गर्भगृह में बिताया। उन्होंने रामलला के सामने साष्टांग दंडवत कर देशवासियों के कल्याण की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री ने निर्मोही अखाड़ा के स्वामी गोविंददेव गिरि के हाथ से जल पीकर 11 दिन का उपवास खोला।



राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी।

मेहमानों ने कहा- यह रामराज्य की शुरुआत

अयोध्या। अयोध्या पहुंचे संत-धर्माचार्य और अपने-अपने क्षेत्र की हस्तियों पर आस्था का रंग देखने लायक था। अद्भुत-अलौकिक अयोध्या का दर्शन पाकर हर कोई भाव विभोर दिखा। कोई गीत गुनगुनाता दिखा तो कोई रामलला के राम मंदिर में विराजने से रामराज्य की शुरूआत का संकल्प जता रहा था।

आज हर घर आनंद छाया : मोरारी बापू

राममंदिर जाते वक्त कथा वाचक मोरारी बापू ने कहा कि योग लगन ग्रह बार तिथि, सकल भये अनुकूल.. आज का दिन बहुत बड़ा शुभ अवसर लेकर आया है। हर घर आनंद छाया है।

गौरवान्वित करने वाला क्षण : अपर्णा यादव

हनुमानगढ़ी का दर्शन करके राममंदिर जा रही सपा मुखिया रहे मुलायम यादव परिवार की बहू अपर्णा यादव ने कहा कि गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पीएम मोदी राष्ट्र को नई दिशा दे रहे हैं।

अयोध्या में त्रेता युग जैसा रंग : स्वामी रामदेव

राम की पैड़ी पर योगगुरू स्वामी रामदेव ने सुनाया कि रामा-रामा रटते बीती रे उमरिया.. रघुकुल नंदन अब आए..। कहा इस बार पूरी अयोध्या का रंग त्रेता युग जैसा है।

राम सबके हैं और सबमें हैं : अनुपम खेर



अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि आज दिवाली है, पूरा देश राममय है। राम ने सबको जोड़ा है, वे सबके हैं और सबमें हैं। कवि शैलेश लोढ़ा बोले कि राम के जीवन से हर पल सीखना चाहिए।

तीनों लोक से न्यारी अवधपुरी : कैलाश खेर

गायक कैलाश खेर ने कहा कि आज अयोध्या तीनों लोक से जगमग और न्यारी है। अभिनेता मनोज जोशी ने कहा कि जय श्री राम से स्वागत और भगवा पट्टा पहनने से बहुत भावुक हूं।

आज हनुमान जी बहुत प्रसन्न हैं : धीरेंद्र

संत धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज हनुमान जी बहुत प्रसन्न हैं। अभिनेत्री कंगना रनौत बोलीं कि ऐसा लगता है कि पौराणिक काल में पहुंच गए हों, जाकर नाम सुनत सुभ होई, मोरे गृह आवा प्रभु सोई..। लेखक प्रसून जोशी ने कहा कि राम के आदर्शों से बहुत कल्याण हो सकता है। गायक शंकर महादेवन ने राम राम जय राजा राम.. सुनाकर भाव व्यक्त किया।

अयोध्यापुरी आकर बहुत अभिभूत हूं : दीपिका

रामायण सीरियल में सीता बनीं दीपिका चिखालिया ने राममंदिर परिसर में कहा कि वे यहां आकर अभिभूत हैं, जय सियाराम। राम जी वापस पधारे इससे बड़ी बात क्या होगी। इसी सीरियर में लक्ष्मण बने सुग्रीव लहरी बोले-बहुत शुभ दिन है, 500 साल की प्रतीक्षा खत्म हो रही है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि ऐसा ही पुण्य फल काशी और मथुरा में भी देखना चाहता हूं।

मोरे राम अवध घर आए : मालिनी अवस्थी

लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने गीत सुनाया कि मोरे राम अवध घर आए.. वह भावविह्वल थीं। दीपा पद्माकर ने खुशी जताते हुए कहा कि पिछले दिनों आई थी, मेरा भी एक पत्थर नींव में है। बस से जा रहे विदेश से आए मेहमानों का उत्साह देखते बन रहा था। वे पीएम मोदी और सीएम योगी को बार-बार ऐसा दिन दिखाने के लिए धन्यवाद दे रहे थे।

मंदिर वहीं बना, जहां बनाने का संकल्प था

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत मनोभाव प्रकट करते हुए कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। वे आठ हजार अतिथियों के सामने भाव प्रकट करते हुए कई बार भावुक हुए। कहा कि 500 वर्षों के बाद आज इस चिरप्रतीक्षित मौके पर अंतर्मन में भावनाएं कुछ ऐसी हैं कि उन्हें व्यक्त करने को शब्द नहीं मिल रहे हैं। मन भावुक है, भाव विभोर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस ऐतिहासिक और पावन अवसर पर हर नगर- हर ग्राम अयोध्याधाम है। हर मार्ग श्रीरामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं। आज रघुनंदन राघव रामलला, हमारे हृदय के भावों से भरे संकल्प स्वरूप सिंहासन पर विराज रहे हैं। इसी दिन की प्रतीक्षा थी।

▸▸ मुख्यमंत्री बोले- प्राण-प्रतिष्ठा से आंख में हर्ष और संतोष के आसूं

गुरु की आत्मा को हो रहा होगा असीम संतोष: मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विचारों और भावनाओं की विह्वलता के बीच मुझे पूज्य संतों और अपनी गुरु परम्परा का पुण्य स्मरण हो रहा है। आज उनकी आत्मा को असीम संतोष और आनन्द की अनुभूति हो रही होगी, जिन परम्पराओं की पीढ़ियां श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ में अपनी आहुति दे चुकी हैं, उनकी पावन स्मृति को यहां पर कोटि-कोटि नमन करता हूं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने देशभर से आए संत-महात्मा।

प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों पर की पुष्प वर्षा

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों पर पुष्पवर्षा की। साथ ही श्रमिकों के योगदान को सराहा।

रात 10 बजे तक दर्शन, श्रृंगार और शयन में बंद रहेगा मंदिर

प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद 23 जनवरी से ब्रह्म मुहूर्त में करीब 3 बजे से गर्भगृह की स्वच्छता करने, पूजन और श्रृंगार की तैयारी की जाएगी। 3 .30 से 4 बजे के करीब, तय समय पर भगवान के दोनों विग्रह और श्रीयंत्र को मंत्रों से जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती होगी। इसके बाद विग्रहों का अभिषेक, श्रृंगार भोग होगा। श्रृंगार आरती होगी। यह 4 .30 से 5 तक होगी। सुबह आठ बजे से दर्शन शुरू होंगे। दोपहर, करीब एक बजे मध्याह्न में भोग आरती होगी। दो घंटे दर्शन बंद रहेंगे। भगवान विश्राम करेंगे। दोपहर तीन बजे से दर्शन फिर शुरू होंगे, जो रात 10 बजे तक लगातार जारी रहेंगे। इसी बीच, शाम सात बजे संध्या आरती होगी।

दिन के अनुसार बदलता रहेगा रामलला के वस्त्रों का रंग

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के अनुसार, रामलला को हर घंटे फल-दूध का भोग लगेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए मंदिर में दर्शन की अवधि 14 से 15 घंटे हो सकती है। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि 1949 में प्रकट हुए श्री रामलला के वस्त्रों का रंग दिन के अनुसार रहा है। रामलला सोमवार को सामान्य दिनों में सफेद वस्त्र धारण करते हैं, लेकिन विशेष अवसर पर पीले वस्त्र धारण करेंगे। मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को हल्का पीला या क्रीम कलर, शनिवार को नीला और रविवार को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनेंगे। नये बालरूप विग्रह के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने पुणे के हैरिटेज एंड हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट से हथकरघे पर कपड़े तैयार करवाए हैं।

रामोपासना : रामलला की पूजा का विधान तय

राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण हो गया है। इसी के साथ 23 जनवरी से राम मंदिर में रामलला की पूजा का विधान तय हो गया है। इसके लिए श्री रामोपासना नाम से संहिता बनाई गई है। नियम के तहत सुबह तीन बजे से पूजन और श्रृंगार की तैयारी होगी। चार बजे रामलला को जगाया जाएगा। पहले पांच बार आरती होती थी, आगे भी वैसे ही होगी।

अयोध्या में उमड़ा आस्था का समुद्र

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्ति का समुद्र उमड़ पड़ा। मेहमान, संत-धर्माचार्य जहां अयोध्या और प्रभु राम की महिमा गिनाते नहीं थक रहे थे, वहीं, फिल्मी दुनिया का चटख रंग हर ओर उल्लास बिखेर रहा था। भाव-भक्ति से ओतप्रोत अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जैकी श्रॉफ ,रणबीर कपूर, अभिषेक, चिरंजीव, रजनीकांत, आलिया, कंगना आदि कलाकारों का ड्रेस सेंस अलग ही समा बांध रहा था। अपने-अपने क्षेत्र की हस्तियों का एक साथ राममंदिर के प्रांगण में मिलन देख समूचा देश भाव-विह्वल था। सड़कों पर देशभर के कलाकार मंगलध्वनि से भगवान और देश का यशोगान करते दिखे।

गूढ़ मंडप से लेकर रंगमंडल व नृत्य मंडप में भक्ति भाव

प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान भक्तिभाव गूढ़ मंडप से लेकर रंगमंडल और नृत्य मंडप में था। जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, जगतगुरू स्वामी परमानंद, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी, ट्रस्टी के परासरन, ट्रस्टी विमिलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र और मुख्य आचार्यों समेत यजमान व ट्रस्टी अनिल मिश्र, काशी डोमराजा समेत विभिन्न 15 यजमान भी थे। यह लोग सुबह की संकल्पवान हो पूजा में लीन थे।

मंदिरों में बजे शंख गूजें घंटे-घड़ियाल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या नगर के 10 हजार से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों समेत पूरे देश के पांच लाख मंदिरों में शंख ध्वनि और घंटे घड़ियाल के बीच भये प्रगट कृपाला..से आरती उतारी गई। लोग घंटों भक्तिभाव में थिरकते रहे। सड़कों पर भंडारा और भक्तिगीत से माहौल धर्ममय रहा।

राम आए दीपों से सजे घर-आंगन, सड़के-गलियां भी जगमग, राम की पैड़ी पर जले दीप, सरयू तट, राम की पैड़ी समेत मठ-मंदिरों में प्रज्ज्वलित की गई 'राम ज्योति'

रामज्योति से अयोध्या समेत देश में मनी दिवाली, हुई आतिशबाजी

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य। अनगिनत दीपों से जगमगाती रामनगरी को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों, श्रद्धालु हों या भारत के सुदूर क्षेत्रों से आए श्रद्धालु, सभी 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अवधपुरी के कण-कण में अपने राम को निहार रहे थे, अपने घर में लल्ला की गूंज से हर ओर राम-राम नाम गुंजायमान रहा, सब में राम, जय जय श्रीराम। ऐसा ही दृश्य पूरे देश में देखने को मिला।

सोमवार को श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत दीपोत्सव मनाया गया। प्रभु के भक्त संकटमोचक हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने भी भक्ति में लीन अवधपुरी में यह आयोजन अद्वितीय हो गया। अयोध्या दीपोत्सव में आस्था, आह्लाद और आत्मीयता के दीप जले। सहज आह्लाद के साथ आत्मीयता के भावों को संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे, राम की पैड़ी, मठ-मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अनगिनत दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और अनुभूति हर कोई महसूस कर रहा था। सहज भाव से हो रहे 'राम राम जय राजा राम' 'जय सिया राम' 'सियावर रामचन्द्र की जय' जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख ऐसा लगता था कि मानो सरयू मैया भी अपने राम की जयकार कर रही हों।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम ज्योति से जगमग हो उठी अयोध्या , दीयों की रोशनी से नहाया रामनगरी का सरयू घाट।

दीप जलाकर उतारी सरयू मां की आरती

प्रतिदिन की भांति सरयू मैया की आरती भी उतारी गई। इस दौरान आज अलग ही उमंग देखने को मिला। यहां अनेक साधु-संतों के साथ अनेक विशिष्ट जनों द्वारा घाटों पर आरती की गई।

राम की पैड़ी पर लेजर शो व इको फ्रेंडली आतिशबाजी

22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत सात बजे तक राम की पैड़ी पर प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। इसके बाद यहां पर लेजर शो हुआ। इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे देख हर किसी का मन पुलकित हो उठा।

राम नाम से गुंजायमान हो उठी अवधपुरी

2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब सत्ता संभाली तो दीपोत्सव के भव्य-दिव्य आयोजन की परिकल्पना तैयार की। प्रतिवर्ष इसकी भव्यता बढ़ती चली गई। 2023 में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला दीपोत्सव भी हर रिकॉर्ड तोड़कर अभूतपूर्व हुआ। इसमें 22 .23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए। ठीक तीन माह के अंतराल पर 2024 में अयोध्यावासियों ने श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर पुन: दीपावली मनाई। डबल इंजन की सरकार की परिकल्पना के अनुरूप सोमवार को रामनगरी में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' भी दिखा। डबल इंजन की सरकार के मार्गदर्शन में प्रज्ज्वलित राम ज्योति में हर भाषा, शैली, जाति के लोगों ने आस्था का दीप जलाया।

एक नजर

म्यूजिकल लेजर शो ने किया लोगों को रोमांचित

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिद्ध कल्चरल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में पीएसी चौराहा कांठ रोड स्थित सिद्ध ग्लोब पार्क में म्यूजिकल लेजर शो व आरती का आयोजन किया। म्यूजिकल लेजर शो में रंग बिरंगी लाइटों के प्रस्तुतीकरण ने लोगों को रोमांचित किया। इसका उद्घाटन मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, नगर आयुक्त संजय चौहान व अन्य अतिथियों ने सिद्ध हास्पिटल के चिकित्सक डॉ. अनुराग मेहरोत्रा के साथ किया। मंडलायुक्त ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं जो इस पल के साक्षी बन रहे हैं। इस दौरान जगदीश कोठारी, रामनायक, राजेश शर्मा, योगीराज भोलेनाथ आदि मौजूद रहे।

1100 दीपक जलाकर की प्रभु श्रीराम की आरती

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट की ओर से अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के हर्षोत्सव में भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा, श्रीराम की आरती कर 1100 देशी घी के दीपक जलाकर आतिशबाजी की गई। प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने बताया हर घर से 11-11 देशी घी के दीपक मंगाए गए थे। दीपक सजा कर रंगोली बनाई गई। कमेटी के संरक्षक छत्रपाल सिंह, अध्यक्ष यथार्थ किशोर, आदित्यवीर शास्त्री, इंद्रजीत शर्मा, नरेंद्र सुमन, राजेश बाल्मीकि, अमित गुप्ता, रवि मौजूद रहे।

डीजे पर झूमे श्रीराम भक्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार आखिरकार सोमवार को खत्म हुआ। इस दिन को खास बनाने के लिए लोगों ने जमकर उत्सव मनाया। कॉलोनियां व बाजार रामनाम की धमक से गुंज उठे। तो बच्चों से लेकर बड़ों ने डीजे की धुन पर खूब धमाल मचाया। महानगर के आदर्श नगर, रामगंगा विहार, बुधबाजार, कटघर, लाइनपार, बुद्धि विहार समेत विभिन्न कॉलोनियों में डीजे पर रामभक्त जमकर झूमे। हर ओर प्रभु के गीत बज रहे थे। बाजारों में दुकानों पर लोगों ने रामगीत से माहौल भक्तिमय कर दिया।

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखा

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा। सर्राफा बाजार, सिविल लाइंस, कांठ रोड, हरथला, रामगंगा विहार, लाइनपार, कटघर, नागफनी समेत अन्य स्थानों पर एलईडी लगाकर कार्यक्रम प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखा।

शहर में निकाली रैलियां

मुरादाबाद, अमृत विचार : इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह रहा। डीजे की धुन पर महानगर में विभिन्न स्थानों से रैलियां निकाली गई। सड़कों पर रामभक्त बाइकों से रामनाम के जयकारे लगाते दिखाई दिए। कांठ रोड, सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, दिल्ली रोड पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से विशाल रैलियां निकाली गई।

पीएसी तिराहा स्थित ग्लोब पार्क में लेजर शो ने स्मार्ट सिटी के लोगों को रोमांचित किया। ● अमृत विचार

बर्तन बाजार से निकली शोभायात्रा में शामिल नगर विधायक रितेश गुप्ता व व्यापारी। ● अमृत विचार

अयोध्या में विराजे राम, पीतल नगरी में मनी दिवाली

चहुंओर जय श्रीराम का जयघोष, मंदिरों में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः सोमवार को सुबह से ही लोगों की नजरें उस शुभ घड़ी पर थी जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। घड़ी की सुइयां भी उस क्षण पर पहुंचने को आतुर थीं। जैसे ही अभिजीत मुहूर्त में भगवान राम मंदिर में विराजे पीतल नगरी में लोगों ने जमकर खुशियां मनाई। ढोल नगाड़ों की थाप, डीजे पर बज रहे ...कैसे खुशी ये छिपाएं राम आए हैं और मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल... राम आएं हैं पर लोगों के मन की खुशियों ने आसमान को छू लिया। हर ओर बस एक ही उमंग, एक ही उल्लास मेरे घर राम आए, प्रभु श्रीराम आए हैं।

महानगर की हर गलियों में सोमवार को बस भगवा रंग चढ़ा दिखा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर महानगर में उत्सव मना। मंदिरों, घरों में रामनाम का भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना में लोग जुटे रहे। मिष्ठान वितरित कर लोगों ने खुशियां मनाई।

आशियाना फेज एक टीचर्स कालोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर पर सुबह हवन यज्ञ किया गया। कालोनी निवासी पूर्व पार्षद पुष्पा चौहान, भाजपा नेता भूदेव सिंह चौहान आदि की मौजूदगी में मंदिर के पुजारी दीपक शास्त्री ने मंदिर में राम दरबार की आरती कर भगवान भोलेनाथ व अन्य देवी देवताओं की पूजा की। मंदिर परिसर में हवन कुंड में सामूहिक हवन किया गया। जय श्री राम, जय श्री राम के जयघोष से कालोनी गुंजायमान हो गई। लोगों ने हवन में आहुति देकर भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और मंगलगीत गाए गए। इस दौरान कालोनी के देवेश दीक्षित, प्राची दीक्षित, रामावतार वर्मा, अरविंद शर्मा, दिवाकर शर्मा, ओंकार सिंह, नितिन, शालिनी, प्रभा सहित अन्य रामभक्त उपस्थित रहे। इसी क्रम में महानगर के लालबाग स्थित काली मंदिर, मनोकामना मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, हरथला शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों में दीपक जलाकर दिवाली मनाई। आतिशबाजी की गई। भजन, कीर्तन, भंडारे के आयोजन से पीतल नगरी प्रभु श्रीराम की आस्था के रंग में सराबोर रही। हर ओर भगवा रंग चढ़ा दिखा। श्रीराम के भजनों पर माहौल राममय हो गया।

आशियाना फेज एक स्थित मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सिविल लाइंस स्थित पुलिस लाइन मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

महानगर के मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

इस दिन को रामभक्तों ने बड़े ही उत्साह से मनाया। चारों और खुशी का माहौल देखने को मिला। आशियाना स्थित शिव शक्ति मंदिर, 84 घंटा मंदिर समेत अधिकांश मंदिरों में हवन पूजन का आयोजन किया गया। मंदिरों को फूल-मालाओं से सजाया गया।

राममय हुई स्मार्ट सिटी मंदिरों में की पूजा-अर्चना

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में चारों और प्रभु श्रीराम के नाम की गूंज सुनने को मिली। रामभक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का स्वागत किया। रामभक्त सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मंदिरों में कहीं हवन पूजन किए गए, तो कहीं सुंदर कांड का पाठ हुआ। लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। सोमवार को हर घर और मंदिर भगवा रंग में डूबा रहा। घरों, वाहनों और मंदिरों पर लोगों ने प्रभु श्रीराम के नाम के झंडे लगाए। सुबह से ही मंदिरों के बाहर रामभक्तों की लंबी-लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। आशियाना स्थित शिव शक्ति मंदिर, झारखंडी मंदिर, लाइनपार शिव मंदिर, हरथला में प्राचीन शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। सभी मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिरों में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

व्यापारियों ने महानगर में निकाली शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : बर्तन बाजार में व्यापारी संगठन की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली। इसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता मौजूद रहे। शोभायात्रा में श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की आकर्षक झाकियां निकाली गईं। इस दौरान रामभक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते दिखाई दिए। शोभायात्रा बर्तन बाजार से पान दरीबा तक निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत हुआ। इस दौरान विपिन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

पान दरीबा से निकली श्रीराम शोभायात्रा में उमड़ी रामभक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

दिव्यलोक आश्रम में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मनोकामना श्रीहनुमान मंदिर में श्रीराम के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

युवाओं में भी दिखा प्रभु श्रीराम का उत्साह

युवाओं में प्रभु श्रीराम का खास उत्साह देखने को मिला। सभी लोग राम गीतों पर नाच गा रहे थे। रामगंगा विहार निवासी राहुल ने बताया कि इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। आज बहुत खुश हूं। रात को दिवाली मनाने के साथ ही जमकर आतिशबाजी की। वहीं सतीश ने बताया कि मैंने इस दिन को यादगार बनाने के लिए खूब पटाखे खरीदे हैं।

भगवा रंग में नहाया महानगर, हर ओर हर्षोल्लास

मुरादाबाद, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सोमवार को महानगर में हर ओर भगवा रंग की चमक देखने को मिली। सड़कों से लेकर घर और वाहनों पर भगवा रंग का खुमार था। सभी की जुबां पर जय श्रीराम और हाथ में भगवा झंडा देखने को मिला। महानगर पूरा राममय नजर आया, हर ओर उत्सव मनाया गया। प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए महानगर को दुल्हन की तरह सजाया गया। कांठ रोड, स्टेशन रोड और दिल्ली रोड पर डिवाइडर पर भगवा रंग का कपड़ा लगाया गया। जो देखने में बहुत ही सुंदर लगा। इसके बाद कांठ रोड पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। इसमें हर और भगवा रंग देखने को मिला।

धार्मिक स्थलों से लेकर रेलवे बस स्टेशन पर पुलिस का पहरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः अयोध्या धाम में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। धार्मिक स्थलों के अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस मुस्तैद रही। सुरक्षा में क्यूआरटी, डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी), महिला सुरक्षा दल व अन्य पुलिस की टीमें लगी रहीं।

खुद डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी हेमराज मीना, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीना सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। पुलिस लाइन के पास शिव मंदिर में एसएसपी ने पूरी टीम के साथ पूजन-अर्चन भी किया। सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर दो दिन पहले डीआईजी ने सभी पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में बैठक की थी। थाना क्षेत्र में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम, सुंदर कांड, हनुमान चालीसा पाठ, शोभा यात्रा आदि के आयोजकों से बात कर उनके अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रमुख मंदिर पर पुलिस की मौजूदगी रही। थाने की मोबाइल टीम गश्त पर रहीं। यूपी डायल 112 पीआरवी वाहनों का भी रूट इस तरह तैयार किया गया था कि हर ओर पुलिस की मौजूदगी दिख रही थी।

थानों पर दो-दो क्यूआरटी

एसपी सिटी ने बताया, महानगर में 35 स्थानों पर पिकेट लगाई गई थी। पुलिस लाइन में 10 क्यूआरटी बनाई थीं। दो-दो क्यूआरटी प्रत्येक थाने पर मुस्तैद रहीं।

ड्रोन से भी हुई निगरानी

सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरों की मदद से धार्मिक स्थलों, बाजारों व प्रमुख मार्गों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस टीमें क्षेत्र में पैदल गश्त भी रहीं।

बाजार में व्यापारियों से सुरक्षा के संबंध में जानकारी करते पुलिस अधिकारी।

स्मार्ट सिटी में ऐसे मना रामोत्सव

कांठ रोड पर लव कॉन्ट्रेक्शन द्वारा लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

ग्लोब पार्क में दीप प्रज्ज्वलित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, नगर आयुक्त संजय चौहान, साथ में डॉ .अनुराग मेहरोत्रा व अन्य। ● अमृत विचार

मंडी चौक में हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा का पूजन करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

पान दरीबा से निकली शोभायात्रा में शामिल श्रीराम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार

दसवां घाट में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की वेशभूषा में रामलीला का मंचन करते बच्चे।

हाईडिल कालोनी के गौरी-शंकर मंदिर में हवन में आहुति देते बिजली विभाग के अधिकारी।

हाईडिल कालोनी में श्रीराम दरबार की हुई प्राण प्रतिष्ठा

मुरादाबाद, अमृत विचार : हाईडिल कॉलोनी में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण के साथ की गई। हवन में आहुतियां दी। इसके बाद शाम तक गौरी शंकर मंदिर में भजन कीर्तन चले। सोमवार को बिजली विभाग की ओर से हाईडिल कालोनी स्थित गौरी शंकर मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की प्रतिमा मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गई। मुख्य अभियंता आरके बंसल मुख्य यजमान रहे। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन में मंडल के तीनों जिलों के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई ने आहुतियां दीं। इसके बाद बाद भंडारे में भोजन का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में तीनों जिलों के विद्युत अधिकारी सपरिवार मौजूद रहे।

शहर में आज

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की ओर से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम सोनकपुर स्टेडियम में पूर्वाह्न 11 : 30 बजे।
- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर प्रेसवार्ता दोपहर 12 :00 बजे।
- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन मुस्कान बैंक्वेट हाल दौलत बाग में दोपहर 12 :00 बजे।

एक नजर

निषाद पार्टी का एक दिवसीय कार्यक्रम आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंगलवार को निषाद पार्टी का एक दिवसीय कार्यक्रम महानगर के मोहल्ला बलदेवपुरी में शाम 4 :00 बजे होगा। इसमें सैकड़ों लोग निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के सभी मोर्चा के कमेटियों के सभी पदाधिकारियों का पहुंचना अनिवार्य है।

गणतंत्र दिवस आयोजन में शामिल होंगे महिपाल

मुरादाबाद, अमृत विचार : 26 जनवरी को दिल्ली लाल किले पर गणतंत्र दिवस आयोजन में महिपाल कश्यप अपनी पत्नी अनीता कश्यप के साथ शामिल होंगे। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद ने बताया कि यह सब पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद के चलते संभव हो पाया है। कहा कि पहली बार कश्यप समाज के किसी व्यक्ति को यह गौरव प्राप्त हुआ है।

पुण्यतिथि मनाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्यों में से थे। इस दौरान अतहर हुसैन अंसारी, मुदस्सिर खान, संजीव चौधरी, लाखन सिंह, वेद प्रकाश सैनी, नाग भारती, रमेश सैनी, मनीष जाटव, लुकमान खां, नाजिम सैफी, महेंद्रपाल सिंह, भूरा कुरैशी, संजीव कुमार, विरेन्द्र प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

तेंदुए ने कुत्ते को बनाया निवाला, दहशत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : मुर्गी फार्म से तेंदुआ पालतू कुत्ते को उठाकर ले गया। जंगल में ले जाकर निवाला बना लिया। किसान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने का कहा।

कोतवाली के ग्राम रूपपुर टंडोला में चंद्रपाल सिंह का मुर्गी फार्म है। मुर्गी फार्म की रखवाली के लिए उन्होंने एक कुत्ता पाल रखा था। सोमवार को तेंदुए ने कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे उठाकर ले गया। चंद्रपाल सिंह के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक तेंदुआ भाग चुका था। सूचना पर ग्राम प्रधान लेखराज सिंह के साथ वन दारोगा पीयूष जोशी, मदन सिंह व श्रीगणेश राम भी मौके पर पहुंचे और कांबिंग की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

गांव रूपपुर टंडोला में मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम व ग्रामीण। ● अमृत विचार

रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली के ग्राम पसियापुरा पदार्थ निवासी नरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके चचेरे भाई अरविंद सिंह, अश्वनी सिंह व उदित घर के सामने का सरकारी रास्ता बंद कर रहे हैं। यह लोग रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। विरोध पर गाली-गलौज करते हैं। उसने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

2.54 लाख की धनराशि हड़पने पर आरसी जारी

मुरादाबाद, अमृत विचार: सात साल पहले छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत खुशहालपुर में कराए गए विकास कार्य के ऑडिट में 2 लाख 54 हजार रुपये के बिल अभिलेख न देने पर सचिव व प्रधान के खिलाफ पंचायत राज विभाग की ओर से वसूली के आरसी जारी की गई। वहीं प्रधान ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर अभिलेख सचिव के पास होने की दलील देते हुए खुद को निर्दोष बताया।

खुशहालपुर गांव में वर्ष 2015-16 में विकास कार्य तत्कालीन प्रधान राजीव और सचिव अंकित सिंह ने कराए थे। प्रधान के अनुसार जिनके अभिलेख सचिव अंकित के पास उस वक्त मौजूद थे। 2016 में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के ऑडिट में सचिव ने अभिलेख जमा नहीं कराए थे। विभाग की ओर से अभिलेखों को जमा कराने को नोटिस दिए गए। विभाग ने सचिव और प्रधान को दोषी मानते हुए 2.54 लाख की हड़पी गई धनराशि की वसूली को आरसी जारी कर दी है।

देहात क्षेत्र में 6 घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बिजली विभाग को शासन स्तर से 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश थे। लेकिन, देहात क्षेत्र में 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली विभाग के आला अधिकारियों की मानें तो जिले में कोई फाल्ट नहीं हुआ फिर भी सुबह शाम दोनों समय देहात क्षेत्र के रहने वाले लोगों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। अधिकारियों का कहना है कि बिजली कटौती का निर्णय लखनऊ स्तर से लिया गया है।

सोमवार को जिले में बिजली विभाग शासन के निर्देश पर भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं दे पाया। सुबह 6:00 बजे से मूंढापांडे ब्लॉक के 20 ग्राम पंचायतों में रहने वाले 15 हजार लोगों की बिजली आपूर्ति गुल रही। सिरसा इनायतपुर निवासी जाने आलम ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र नानपुर के लाइनमैन को फोन कर बिजली कटौती के बारे में पूछा। जिस पर लाइनमैन ने किसी प्रकार का फाल्ट न होने की जानकारी देते हुए खुद को कारण से अनजान बताया। मछरिया के प्रधान अजय ने बताया कि सुबह 7:00 बजे बिजली आपूर्ति गुल हो गई। कई बार अवर अभियंता किरन पाल को फोन मिलाया लेकिन, फोन नहीं उठा। गांव दौड़बाग के निवासी रईसुद्दीन ने बताया कि 5 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे सर्दी से बचाव में राहत देने उपकरण फेल हो गया। वहीं लगातार 5 से 6 घंटे बिजली लोगों को 8 हजार उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं लालपुर उपकेंद्र से जुड़ी सात ग्राम पंचायतों में भी बिजली कटौती रही।

परेशानी

- ओवरलोडिंग के कारण लखनऊ से की गई कटौती
- 20 ग्राम पंचायतों के लोगों को हुई कटौती से दिक्कत

इनवर्टर भी हुए ठप

देहात क्षेत्र के बिजली कटौती को लेकर जनपद के सभी उपकेंद्र के जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। मुरादाबाद सदर ब्लॉक के गांव इस्ताल नगर में बिजली कटौती लोगों के इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो गए। कई घंटे बिजली गुल होने के कारण लोगों को इनवर्टर के बैटरा को पैसे देकर चार्ज करना। इसके बाद शाम को भी घंटा भर बिजली कटौती होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

> मंडल के तीनों जिलों में बिजली उपकरणों में किसी तरह का कोई फाल्ट नहीं हुआ है। ओवरलोडिंग के चलते लखनऊ कंट्रोल रूम से बिजली कटौती हुई है। देहात क्षेत्र में सुबह 5 घंटे और शाम को 1 घंटा 20 मिनट की कटौती गई है।
> -आरके बंसल, मुख्य अभियंता

लुढ़का तापमान, ठंड से ठिठुरे लोग

कोहरा न होने के बाद भी हवा से बढ़ी गलन, लोगों ने लिया अलाव का सहारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को भी तापमान ने राहत नहीं दी। अधिकतम तापमान लुढ़क कर 13 डिग्री सेल्सियस पर आया। जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री रहा। गलन और ठिठुरन से लोग बेहाल रहे। कोहरा न होने के बाद भी हवा से ठंड बढ़ गई।

ठंड से अभी राहत नहीं मिल रही है। एक दिन पूर्व कुछ देर के लिए धूप निकलने के अगले दिन सोमवार को मौसम और सर्द रहा। कोहरा कम होने के बाद भी हवा से ठंड बढ़ी। शीतलहर ने लोगों को बेहाल कर दिया। तापमान बढ़ने की बजाय और कम हो गया। रविवार को न्यूनतम तापमान 4 और अधिकतम तापमान 15 डिग्री था। लेकिन सोमवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री कम होकर 13 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई। दिन में जगह-जगह आयोजन में भी लोग अलाव सेंकते रहे। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने और रैन बसेरे में पर्याप्त इंतजाम रखने का निर्देश दिया। 5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को सुबह और शाम ठिठुरने पर विवश कर दिया। सुबह और शाम घरों में लोगों ने ठंड से बचने के लिए ब्लोअर, हीटर का सहारा लिया। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अभी ठंड रहेगी।

रेलवे स्टेशन पर सर्दी से बचने के लिए अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार

सर्दी में कुछ इस तरह जाती महिलाएं।

- जिलाधिकारी ने दिए जगह जगह अलाव जलवाने के निर्देश

एक सप्ताह का तापमान

तारीख	तापमान अधिकतम	न्यूनतम
22 जनवरी	13 डिग्री सेल्सियस	4 डिग्री सेल्सियस
21 जनवरी	15 डिग्री सेल्सियस	4 डिग्री सेल्सियस
20 जनवरी	15 डिग्री सेल्सियस	6 डिग्री सेल्सियस
19 जनवरी	12 डिग्री सेल्सियस	5 डिग्री सेल्सियस
18 जनवरी	15 डिग्री सेल्सियस	4 डिग्री सेल्सियस
17 जनवरी	16 डिग्री सेल्सियस	4 डिग्री सेल्सियस
16 जनवरी	14 डिग्री सेल्सियस	4 डिग्री सेल्सियस

महानगर पहुंची देश बचाओ, संविधान बचाओ पीडीए यात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती के नेतृत्व में निकली देश बचाओ संविधान बचाओ समाजवादी पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक) यात्रा लखनऊ से चलकर महानगर पहुंची। यहां नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी के नेतृत्व में कोहिनूर तिराहे पर पार्टी के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने बताया कि यात्रा लखनऊ से चली है। इसमें आदेश पालीवाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड, सोनू जाटव प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली, वीरवा सिंह हंस प्रदेश अध्यक्ष पंजाब आदि शामिल हैं। स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ बृजलाल जाटव, जुगल किशोर वाल्मीकि, प्रदेश सचिव महानगर उपाध्यक्ष नसीम पाशा, साकिर हुसैन, पूर्व पार्षद नोमन पाशा, मजदूर सभा के महानगर अध्यक्ष मुन्ना अजीज, समद घोसी, नईम, शोभित अग्रवाल ,कमाल पाशा, शहजाद हुसैन कादरी, अतुल कुमार, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा पदाधिकारियों ने देखा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मंदिरों पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन, एलईडी टीवी से देखा। पूजा अर्चना में शामिल होने के बाद अपने घरों में दीपोत्सव मनाया।

भाजपा महानगर मंत्री शमी भटनागर बताया कि सोमवार को भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कालोनी, नगर विधायक रितेश गुप्ता ने लक्ष्मी नारायण मंदिर गांधी पार्क गांधीनगर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने ऋण मुक्तेश्वर मंदिर बुद्धि विहार, एमएलसी गोपाल अंजान डिप्टी जगन्नाथ मंदिर कटघर, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल महाकालेश्वर धाम मंदिर नया मुरादाबाद, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह महादेव मंदिर, भगतपुर मनीष सिंह कामेश्वर महादेव मंदिर नया मुरादाबाद और वह स्वयं शिव मंदिर लाकड़ी फाजलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित्त जायसवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, श्याम बिहारी शर्मा, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

आयोजन

- क्षेत्रीय महामंत्री, नगर विधायक एमएलसी रहे शामिल
- पूजा-अर्चना के बाद घरों में मनाया दीपोत्सव

जिलाध्यक्ष ने मनाई खुशी

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को अयोध्या धाम में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा होने पर खुशी मनाई गई। जिलाध्यक्ष आकाश पाल सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने दीपोत्सव मनाया। कार्यालय पर आतिशबाजी की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह उत्सव मनाने का अवसर मिलना सौभाग्य है।

उल्लास

अयोध्या में भगवान श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुरादाबाद में मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। सोमवार को मनोकामना श्रीहनुमान मंदिर में भगवान राम और सीता की प्रतिमा के साथ सेल्फी लेतीं युवतियां। ● अमृत विचार

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

मैनाठेर, अमृत विचार: सोमवार को ग्राम ताहरपुर में दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मुरादाबाद से सिरसी जा रहे बाइक सवार युवक साकिब पुत्र यूनुस निवास सिरसी जैसे ही ताहरपुर के समीप पंहुचा तभी विपरीत दिशा से तेज रफ़्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे साकिब सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मैनाठेर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

सीआइएसएफ में नौकरी के नाम पर ठगे 19 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआइएसएफ) में नौकरी दिलाने के नाम पर दो जालसाजों ने बिजनौर के दो परिवारों से 19 लाख रुपये ठग लिए। यही नहीं, फर्जी प्रमाणपत्र देकर जालसाजों ने ट्रेनिंग के लिए चारों बच्चों को जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर भी भेज दिया था। श्रीनगर में संबंधित ऑफिस में पहुंचने पर उन्हें बच्चों को पता चला कि यहां सीआइएसएफ से संबंधित कोई भी ट्रेनिंग सेंटर नहीं है और उनको दिए गए सभी प्रमाण पत्र फर्जी हैं।

ठगी के शिकार लोगों में कृष्ण पाल सिंह व बलवीर सिंह के दो-दो बच्चे हैं। ये लोग बिजनौर जिले के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के सीर वासु चंद्र कासमपुर गढ़ी के रहने वाले हैं। बलवीर सिंह उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के काशीपुर में शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि कृष्ण पाल सिंह गल्ले के व्यापारी हैं। इन दोनों पीड़ितों ने ठगी व जालसाजी के आरोप में मझोला थाने में दो के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें हारुन और नासिर अहमद नामजद हुए हैं। ये दोनों आरोपी मुरादाबाद में आरटीओ ऑफिस के पास आजादनगर के रहने वाले हैं। बलवीर सिंह ने बताया कि उन्हें और कृष्ण पाल सिंह के बच्चों को सीआइएसएफ में नौकरी दिलाने के लिए करीब ढाई महीने पहले उनके गांव के पड़ोस त्रिलोकपुर के अमित कुमार ने दोनों ठग हारुन व नासिर अहमद से मुलाकात कराई थी। जिस पर हारुन व नासिर अहमद ने उनसे 4.75 लाख रुपये प्रति बच्चे की दर से कुल 19 लाख रुपये लिए थे। इसमें कृष्ण पाल सिंह ने अपने बेटे अरुण कुमार और बेटी मनीषा की नौकरी के लिए कुल 9.50 लाख रुपये दिए थे।

बलवीर सिंह ने भी अपने बेटे सोनू कुमार व बेटी प्रियंका की नौकरी के लिए हारुन व नासिर को कुल 9.50 लाख रुपये दिए थे। बलवीर सिंह ने बताया कि रुपये मिलने के बाद दोनों आरोपियों ने उनके बच्चों को स्पोर्ट कोटे के प्रमाणपत्र बनाकर दे दिए थे और श्रीनगर में ट्रेनिंग को भेज दिया था।

जब बच्चे ट्रेनिंग को श्रीनगर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनको मिले प्रमाणपत्र फर्जी हैं। फर्जीवाड़े का शिकार होकर श्रीनगर पहुंचे बच्चों ने अपने पिता को फोन कर मामले की जानकारी दी, तो कृष्ण पाल सिंह और बलवीर सिंह के भी पैरों तले जमीन खिसक गई। कृष्ण पाल सिंह व बलवीर सिंह ने बिचौलिया अमित कुमार और दोनों आरोपी हारुन व नासिर अहमद से फोन कर रुपये मांगे तो बिचौलिया अमित के बैंक खाते में एक-दो लाख रुपये ही लौटाए हैं। उधर, मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि संबंधित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

धोखाधड़ी

- फर्जी प्रमाणपत्र देकर ठगों ने चारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया था श्रीनगर, बैरंग लौटे

आरोपी हारुन के घर दिए थे रुपये

बलवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने ब्याज पर कर्ज लेकर दोनों बच्चों की नौकरी लगवाने को रुपये आजादनगर में हारुन को उसके घर में दिए थे। उनके साथ कृष्ण पाल सिंह भी थे। उन्होंने भी इतने ही रुपये अपने दोनों बच्चों की नौकरी के लिए दिए थे। बलवीर ने बताया कि उनके तीन बेटियां व दो बेटे हैं। तीसरे नंबर की बेटी की शादी भी नहीं कर पाए हैं। अब तो उनके बेटे सोनू व प्रियंका को नौकरी भी नहीं मिल पाई और वह फर्जीवाड़े का शिकार हो गए हैं, इसलिए अब पहले उन्हें ब्याज का कर्ज निबटाने की चिंता खाए जा रही है।

सुरजन नगर में शोरूम में लगी आग, सामान जलकर राख

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सुरजन नगर में रेडिमेड गारमेंट्स के शोरूम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने शोरूम के साथ पूरे भवन को चपेट में ले लिया। दूसरी मंजिल पर रह रहे शोरूम स्वामी के स्वजनों ने बमुश्किल जान बचाई। आग से कपड़े समेत करीब 20 लाख रुपये का कास्मेटिक का सामान जलकर राख हो गया।

सुरजन नगर मुख्य बाजार में ह्देश कुमार पुत्र हरिओम विश्नोई का जनरल स्टोर के साथ रेडिमेड गारमेंट्स का शोरूम है। शोरूम स्वामी के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चलते सोमवार को शोरूम के शटर बंद थे। इस बीच उसने शोरूम में घर से खुले दरवाजे से आकर दीप प्रज्जवलित किया था। अचानक शोरूम में रखे कपड़ों ने दीये से आग पकड़ ली और आग की लपटे चारों तरफ फैल गई। शोरूम के ऊपरी मंजिल पर बने घर से परिवार के सदस्यों को सकुशल बाहर निकला गया। इसके बाद भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आसपास के घरों से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शोरूम में फर्नीचर से लेकर सभी बिक्री का सामान जलकर राख हो गया। जिसमें नगदी समेत करीब बीस लाख रुपये के नुकसान का आंकलन है। देर रात तक घटना स्थल पर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी, कोतवाल किरनपाल सिंह आदि मौजूद थे।

सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल लोकेशन खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार रात में दो घरों में लूटपाट करने और दो सगे भाइयों को गोली मारने वाले बदमाशों का दो दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। खुलासे के लिए लगाई गईं पुलिस की चार टीमें अभी हवा में ही हाथ-पैर मार रही हैं। वैसे पुलिस लुटेरों की पहचान और उनका पता लगाने के लिए पुराने हिस्ट्रीशीटरों से भी पूछताछ कर रही है। साथ ही अपने मुखबिर तंत्र के जरिए क्षेत्र के नए बदमाशों को रडार पर लिया है।

हृदयपुर में शनिवार रात हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने दो घरों में धावा बोलकर लूटपाट की थी। बदमाशों ने सबसे पहले लोडर वाहन चालक अबरार के घर से तमंचे के बल पर उनको और उनकी पत्नी-बेटी को बंधक बनाकर 10,000 रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवर लूट लिए थे। इसके बाद बदमाशों ने रिजवान के घर में धावा बोला था। रिजवान लकड़ी का काम करते हैं। रिजवान के यहां सीढ़ी लगाकर घुसे बदमाशों ने पहले उसके भाई गुलफाम और शाहरुख को बंधक बनाया। फिर तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की। 40,000 रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 2.5 लाख रुपये का माल ने लूट लिया था। लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने रिजवान और गुलफाम को गोली मार दी थी। गुलफाम का जिला अस्पताल और रिजवान का टीएमयू में उपचार चल रहा है। इस मामले में गुलफाम के भाई शाहरुख की तहरीर पर रविवार को ही कटघर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था। एसएसपी हेमराज मीना ने वारदात के खुलासे के लिए एसओजी समेत पुलिस की चार टीमों को लगा रखा है। ये सभी टीमें सोमवार को भी दिन भर हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली खंगालती रही हैं। साथ ही अपराध के मामले में क्षेत्र में उभर रहे नए शातिरों के बारे में भी पुलिस अपने मुखबिर तंत्र के जरिए जानकारी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने पीड़ित परिवारों को कुछ शातिर बदमाशों की तस्वीरें दिखाकर पहचान कराने का भी प्रयास किया है, लेकिन, लुटेरों की पहचान के मामले में अभी पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। अब पुलिस पंडित नगला से हृदयपुर गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर संदिग्धों को पहचान करने की कोशिश में लगी है। पुलिस मोबाइल लोकेशन की जांच करके भी बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास में है। इस संबंध में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं। जल्द ही लुटेरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

हृदयपुर लूटकांड

- नकाबपोश सशस्त्र लुटेरों की पहचान के लिए पुलिस की रडार पर हिस्ट्रीशीटर और नए बदमाश

दगा दे गया था 112...काम आया 1076

अब्दुल वाहिद के छोटे बेटे शाहरुख ने बताया कि पुलिस की मदद के लिए उनका तहेरा भाई अजहर बार-बार यूपी डॉयल-112 पर फोन मिला रहा था लेकिन, वह भी दगा दे गया लगातार व्यस्त बताता रहा था। ऐसे में उसने 1076 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी थी। फिर करीब दो बजे रात में पुलिस आई थी।

शादी के 18 दिन पहले ही लगा लिया मौत को गले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हापुड़ में तैनात ट्रेन मैनेजर विक्रांत तोमर (27) ने मझोला की शिव विहार कालोनी में फंदे से लटक कर जान दे दी। इसकी लोग चर्चा कर रहे हैं। वह यहां साथियों के साथ किराए पर रहते थे। वह माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनकी सात फरवरी को शादी होनी थी। मृतक विक्रांत हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के भटियाना गांव के थे। पिता गिरधर तोमर किसानी करते हैं।

बताया जा रहा है कि मृतक विक्रांत के साथ ट्रेन मैनेजर आशु, अंकित, उत्कर्ष और अनिल कुमार भी रहते थे। आशु ने बताया कि विक्रांत का महीने भर पहले हापुड़ तबादला हो गया था। शनिवार दोपहर को वह कमरे पर आए थे। मेरी रात को ड्यूटी थी, अन्य साथियों में से भी कोई कमरे पर नहीं था। आशु के मुताबिक, वह रविवार सुबह छह बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद कमरे पर पहुंचे। जिस कमरे में शौचालय था, वह अंदर से बंद था। फ्रेश होने के लिए दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खुला। कई बार आवाज दी तो जवाब नहीं मिला। इसके बाद सीढ़ी की तरफ से खिड़की में से देखा तो विक्रांत का शव रस्सी के सहारे पंखे से लटका हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। विक्रांत की बहन रीतू पुलिस विभाग में है और उसकी तैनाती लखनऊ में है।

- हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के भटियाना गांव के रहने वाले थे विक्रांत

एक नजर

गांवों में भी देखने को मिला खास उत्साह

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद के गांवों में भी इस दिन को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। हवन पूजन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हुआ तो लोग प्रभु श्रीराम के गीतों पर झूमते रहे। लोधीपुर राजपूत, महलकपुर निजामपुर, मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, जेबड़ी, जेबड़ा समेत अन्य गांवों में भंडारा का आयोजन भी किया गया। मंदिरों पर बड़ी एलईडी लगाई गई। इसमें अयोध्या से लाइव प्रसारण दिखाया गया। रात को लोगों ने दिवाली मनाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया।

एलईडी पर देखा कार्यक्रम

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीएल गुप्ता चैरिटेबल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट स्नेह की ओर से सोमवार को वृद्धाश्रम से बुजुर्गों को सीएल गुप्ता इंस्टीट्यूट लाया गया। उन्हें अयोध्या में हो रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लाइव प्रसारण दिखाया। शिखा गुप्ता ने सभी वृद्धजनों के साथ रामलाल के विराजमान होने की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर जिलाधिकारी की धर्मपत्नी मंजू सिंह ने सभी वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया और इस दिव्य पल को साक्षी मानकर सबके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर संस्था के निर्देशक डॉ. प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरपर्सन डॉ.आशी खुराना व अन्य डॉक्टर्स तथा स्टाफ मौजूद रहा।

युवाओं ने की आतिशबाजी

मुरादाबाद, अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को महानगर में त्योहार की तरह मनाया गया। मंदिरों में पूजा अर्चना चलती रही। प्रभु श्रीराम के स्वागत में साल की पहली दिवाली धूमधाम के साथ मनी। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व की तरह मनाया गया। महानगर में घर आंगन रोशनी से सराबोर रहे। शाम को मंदिरों में महाआरती हुई। पूरा दिन पूजा पाठ के बाद लोगों ने शाम को आतिशबाजी का खूब मजा लिया। बच्चे, महिलाओं व पुरुषों ने खूब पटाखे फोड़े। लोगों ने परिवार के साथ मिलकर उत्सव मनाया। रात को प्रभु श्रीराम के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। सभी ने अपने घरों पर लाइटें लगाई। लोगों ने अपने घर और आंगन को दीयों से सजाया।

पाकबड़ा में महिलाओं ने निकाली श्रीराम शोभायात्रा

नगर में पुष्पवर्षा से जगह-जगह हुआ स्वागत, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: अयोध्या में भगवान श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर के सभी मंदिरों को अच्छे से सजाया गया। सभी मंदिरों में हवन पूजन एवं सुंदरकांड व अखंड रामायण का पाठ किया गया। सभी जगह राम के गीत सुनाए गए। महिलाओं ने हाथों में श्रीराम के झंडे लेकर भव्य शोभा यात्रा भी निकाली। शोभायात्रा में आरएसएस के ओमप्रकाश शास्त्री, एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी एवं लोकसभा क्षेत्र प्रभारी संभल ठाकुर राकेश सिंह मौजूद रहे। एलईडी पर लाइव प्रसारण भी देखा।

सोमवार को नगर के मंदिरों में कार्यक्रम हुए। ढोलक बाजे से लेकर सुंदरकांड एवं अखंड रामायण पाठ किए गए। बड़ा मंदिर पर एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी ने क्षेत्रवासियों के साथ एलईडी पर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा। महिलाओं ने नगर में श्रीराम शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा बड़ा मंदिर से शुरू होकर शिव सहाय मंदिर, डाकखाना, मोहल्ला पूर्वी ठाकुरान, कलरिया महादेव मंदिर, छतरी वाला कुआं हनुमान मंदिर, मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान, होली वाला कुआं, कहारो वाला मंदिर, छिपी वाला मोहल्ला होते हुए वापस मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के साथ चामुंडा देवी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक झांकियां निकालीं। सभी मंदिरों पर आतिशबाजी का कार्यक्रम भी किया गया। सभी नगरवासी राम भक्ति में झूमते हुए दिखाई दिए एवं पूरा पाकबड़ा राममय हो गया। शोभायात्रा एवं मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद रही। आयोजन में रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, ओमकार सिंह, सतपाल हुड्डा, प्रदीप शर्मा, मोंटू ठाकुर, मुकेश सिंह, सोनू शर्मा, हिमानी भटनागर आदि का योगदान रहा।

पाकबड़ा में निकली श्रीराम शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व युवतियां। ● अमृत विचार

श्रीराम शोभायात्रा में घोष बजाते चामुंडा देवी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र। ● अमृत विचार

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी मिठाई खिलाकर दी बधाई

पाकबड़ा, अमृत विचार: अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर जगह हर्षोल्लास रहा। लोगों ने मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। सभी मंदिरों को सजाया गया व हवन पूजन व सुंदरकांड व रामचरित मानस का पाठ किया गया। गुरेठा गांव में मंदिर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंदिरों को सजाया गया एवं भजन कीर्तन गाए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह पहुंचे। जहां पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शुभकामनाएं दी। गुरेठा गांव निवासी साबिर हुसैन ने ब्लॉक प्रमुख को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश ऊर्फ रिंकू, दिनेश सिंह, तनवीर अहमद, इंद्रपाल सिंह, बाबूराम कश्यप, राजाराम आदि लोग मौजूद रहे।

विहिप व बजरंग दल द्वारा निकाली गई श्रीराम विजय ध्वज यात्रा में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

श्रीराम विजय ध्वज यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से सोमवार को श्रीराम विजय ध्वज यात्रा गवर्नमेंट इंटर कॉलेज से निकाली गई। ध्वज यात्रा का महानगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

सोमवार को श्रीराम विजय ध्वज यात्रा का आरंभ अयोध्या में कारसेवा करने वाले शिव कुमार शास्त्री ने भगवान श्रीराम का दीपक जलाकर किया। उन्होंने बताया कि करीब 500 वर्ष बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम अपना वनवास पूर्ण कर अयोध्या के राजा बने हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। उनका भव्य मंदिर बन रहा है। इस भव्य मंदिर को बनाने में 5 करोड़ लोगों ने बलिदान दिया है। आज उन सभी अमर बलिदानियों को कोटि-कोटि श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यात्रा निकाली गई।

▸▸ महानगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर विजय यात्रा का स्वागत

कार्यक्रम में वंदना शर्मा, गौरव सैनी, अमित अग्रवाल, जय किशन, आनंद सिंह, दीप खुराना, महेंद्र सैनी, प्रियंक शर्मा, आकाश, अजय, जतिन, गौरव कश्यप, गोविंद सिंह, योगेश, कलस, कैलाश प्रजापति, कल्वेश, मनोज, विकास, गुड्डू, सोनू, राजू, नानू अग्रवाल, कांता प्रसाद, राकेश, कृष, अमन सैनी, सौरभ सैनी, विशाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काली माता मंदिर में मना दीपोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : अयोध्या के मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर लालबाग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ नौ देवी श्री काली माता मंदिर में महंत श्रीराम गिरी महाराज के संरक्षण में भव्य दीपोत्सव मनाया गया। आतिशबाजी कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पं. सचिदानन्द त्रिवेदी, राहुल शर्मा, निशांत दक्ष, हिमांशु बरनवाल, यश शर्मा, सौरभ, नीरज, अंकित कुमार, विष्णु भारद्वाज, अमन, वासु आदि ने सहयोग किया।

एक नजर

जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई

कांठ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, फुरकान अली, नईम अंसारी, दीपक विश्नोई, प्रकाश सिंह यादव, अमजद अली, नासिर कमाल, अनस अहमद, साजिद मौजूद आदि रहे ।

शोभायात्रा निकाली

मैनाठेर, अमृत विचार : नगर पंचायत महमूदपुर माफी में जिला पंचायत अध्यक्ष शैफाली सिंह के नेतत्व में शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के गुरेर गांव में स्थित शिव मंदिर से प्रधान अरुण कुमार के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई व भंडारे का भी आयोजन किया गया। नगर पंचायत महमूदपुर, नरौदा, मैनाठेर, सुन्दरपुर, जटपुरा, इमरतपुर आदि में कड़ी सुरक्षा के बीच श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर थाना पुलिस प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी कुलदीप राजौरा, राखी शर्मा, बबीता ग्राम प्रधान अरुण कुमार, राम कुमार आदि मौजूद रहे।

मंदिरों में गूंजे जयकारे

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर में श्रीरामलला की प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। नगर के शिव शक्ति मंदिर, बिश्नोई मंदिर, सैनियों वाला मंदिर मोहल्ला ढाप में उत्सव मनाया गया। शिव शक्ति मंदिर में अचल शर्मा, प्रेमपाल सैनी, प्रेम सैनी, राम अवतार सैनी, मुखिया आदि मौजूद रहे। बिश्नोई मंदिर में सरजू बिश्नोई, मास्टर जय कुमार, डॉ .राकेश बिश्नोई, पिंटू बिश्नोई, अंशुल गुप्त मौजूद रहे। सैनियों वाले मंदिर में बालमुकुंद सैनी, नेतराम, अंकुल, बलवीर, रामस्वरूप, तोताराम, प्रदीप, डब्लू आदि मौजूद रहे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर उत्सव का माहौल

जगह-जगह निकाली गईं शोभायात्राएं, भंडारे और सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गई व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

ग्राम टांडा अमरपुर में प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। जो शिव मंदिर से बिलारी गांधी मूर्ति तक निकाली गई और पुनः शिव मंदिर में जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवली उर्फ विश्वास यादव, परमेश्वर लाल सैनी, राम सिंह सैनी, एडवोकेट रविता चौधरी, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट हरिओम चौधरी, जितेंद्र कुमार सैनी, अरविंद चौधरी, सुधीर चौधरी, आनंद वीर चौधरी, जितेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, राहुल प्रजापति, ग्राम प्रधान महबूब हुसैन व अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने अखंड श्री रामचरितमानस का पाठ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाबचंद एवं विशिष्ट अतिथि संदीप कुमार मीणा एवं उप जिला अधिकारी राज बहादुर सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिलारी रविंद्र प्रताप सिंह, स्वामी ब्रह्मानंद पुरी, राम सिंह, भाई भूखन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अजय कुमार गोस्वामी, डॉ. विवेक गोस्वामी, डॉ. एकता गोस्वामी, जेपी यादव, रामवीर सिंह यादव, ऋषिपाल सिंह, जयपाल सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे। पं. विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि रामायण पाठ के बाद गायत्री यज्ञ हुआ। उप जिलाधिकारी ने पूर्ण आहुति दी।

शोभायात्रा में मौजूद रामभक्त। ● अमृत विचार

चंद्र वाटिका कॉलोनी में नृत्य करते बच्चे। ● अमृत विचार

चंद्र वाटिका कॉलोनी में मनाया उत्सव: वहीं, मोहल्ला बाजार स्थित चंद्र वाटिका कॉलोनी में लोगों ने प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में उत्सव मनाया। सर्वप्रथम वेदराम गुप्ता एवं विजया गुप्ता ने प्रभु श्री राम के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्री राम दरबार की आरती के बाद बच्चों ने मांगलिक नृत्य कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान टीटू अग्रवाल, टीटू गुप्ता, अभय गुप्ता, अजय अग्रवाल, सत्यम गुप्ता, मंजू गुप्ता, शगुन अग्रवाल, समृद्धि अग्रवाल, मानवी, रीता अग्रवाल, शशि शर्मा, रेनू, पायल गुप्ता, कमलेश गोयल, रचना, रिचा, दीपाली अग्रवाल, खुशबू जैन, पूर्वी, मानवी, विशाखा, विधि, खुशबू आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा स्थित शिव हनुमान मंदिर में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भगवान श्रीराम के जन्म की कथा सुन झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : आठ दिवसीय श्रीराम कथा में सोमवार को कथावाचक नरेंद्रानंद सरस्वती ने राम जन्म का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु झूम उठे।

श्रीराम कथा सुनाते हुए कथा वाचक नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि महाराजा दशरथ संतान न होने से परेशान थे। तब महारानी कौशल्या के कहने पर राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम पर पहुंच आग्रह करते हैं कि मेरे कोई सन्तान नहीं है। मुझे आशीर्वाद प्रदान करे जिससे मुझे संतान का प्रतिफल प्राप्त हो। गुरु वशिष्ठ ने बताया कि आप यज्ञ कराए। महाराजा दशरथ ने श्रंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। यज्ञ देव महाराज की कृपा से तीनों महारानियों ने संतान को जन्म दिया। कौशल्या को श्रीराम, कैकई को भरत और सुमित्रा को लक्ष्मण, शत्रुघ्न पैदा हुए। कार्यक्रम में अशोक कुमार गहलोत, संजीव अग्रवाल, हर गोविन्द सिंह, राजीव, अभिषेक, संजय, अनुराग, गौरव आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा पर की फूलों की वर्षा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर से लेकर देहात क्षेत्र में जगह-जगह कलशयात्रा व शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस दौरान आतिशबाजी का आयोजन किया गया।

सोमवार को तहसील वाले शिव -हनुमान मंदिर के तत्वाधान में श्री पंचशील मंदिर के निकट अनुराग सिंघल के गेस्ट हाउस से 108 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा पूजा अर्चना के बाद निकाली गई। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से निकाली गई।

इस दौरान श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए नाचते गाते चल रहे थे। कार्यक्रम में अशोक कुमार गहलोत, संजीव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, संजय सिंघल, अनुराग सिंघल, गौरव चौहान, लकी चौहान, ट्विंकल चौहान, डॉ. एमपी सिंह , उत्तम सिंह, दिनेश पुठिया, आशीष अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, आरएसएस के नगर कार्यवाह सुनील पुठिया, मीनाक्षी अग्रवाल, संध्या सिंघल, सविता, शिखा, सिम्मी, सीटू अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, उषा गहलोत, प्रेमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मंदिरों में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों पर धार्मिक अनुष्ठान किए गये। लोगों ने धूमधाम से भगवान श्री राम का स्वागत किया।

सोमवार को लोगों ने घरों में पूजा पाठ एवं भगवान श्रीराम की आरती कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा मिष्ठान वितरित किया। श्रीरामलीला मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेता राजपाल सिंह चौहान, अमित चौहान, राधेश्याम भुईयार, सचिन चौहान, सीटू आदि उपस्थित रहे। वैश्य विश्नोई शिव मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमोद बिश्नोई, अनिल, आनंद, अभय आदि मौजूद रहे। मोहल्ला पट्टी वाला शिव मंदिर में भी सुंदरकांड एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सुरेंद्र सिंह मुंशी, रोहताश सिंह, धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलवीर सिंह, ओमकार सिंह, आदि उपस्थित रहे। वाल्मीकि मंदिर पर विशंभर वाल्मीकि, सचिन, वीरू, महेंद्र आदि उपस्थित रहे। राम ज्योति मंदिर पर आनंद प्रकाश, अशोक नेताजी, नेपाल आर्य, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे। सब्जी मंडी में आयोजित भंडारे में आलोक शंकर वर्मा, मोहित माहेश्वरी, सुबोध चौधरी आदि उपस्थित रहे। कासमपुर स्थित मंदिर पर भी कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रमोद चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, राजीव चौहान आदि उपस्थित रहे। ग्राम अकबरपुर चैदरी में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें गजेंद्र सिंह, रामदेव, भूपेंद्र, आदि उपस्थित रहे। थाना कांठ में भी सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें समस्त स्टाफ मौजूद रहा। ग्राम गुलरिया बदरपुर में श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में भी सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें संस्थापक संत बाबा तेजराम और कमलनाथ सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्राम बेगमपुर में भी रामचरितमानस पाठ के समापन पर भंडारे एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल, तहसीलदार आनंद नायक, नायब तहसीलदार पीयूष तथा मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, विलेश कुमार आदि मौजूद रहे। त्रिशूल धारी कांवड़ बेड़े द्वारा नगर में 151 किलो लड्डू के प्रसाद का वितरण किया गया। थाना छजलैट में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें थाना अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, हरिओम शर्मा, अनिल कुमार मौजूद रहे। ग्राम पुल की मढ़ईयों में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बबलू, करन सिंह, राजीव ,दीपू, हरिओम आदि मौजूद रहे।

मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

एलईडी पर दिखाया प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के तत्वाधान में शिव मोहिनी मंदिर में बड़ी एलइडी स्क्रीन पर दिखाया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल, तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार, पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार चुन्नू, कुंवर सुरेंद्र सिंह, जीतू बिश्नोई, अभय, राजन, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर ग्राम मुख्तयारपुर नवादा में धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में गांव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन किया।

राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ

ठाकुरद्वारा / डिलारी, अमृत विचार : बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित राधा-कृष्ण मन्दिर पर महंत पं. सुरेश चन्द्र शर्मा के तत्वावधान में सुन्दरकाण्ड पाठ, हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वही जटपुरा, लालपुर चौहान, अब्दुल्लापुर पट्टी, फैजुल्ला गजं खोखरा ताल शिव मंदिरों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, राजकुमार शर्मा, राजीव रूहेला, लक्ष्मीकांत कश्यप, कुलदीप रूहेला, मंगलसेन रूहेला, मयंक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न मन्दिरों में रामचरितमानस का अखण्ड पाठ, सुन्दरकांड, हनुमान चालीसा पाठ व हवन का आयोजन किया गया। बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमायुंपुर, मनकुआ मकसूदपुर, धारक नंगला, डिलारी, जहाँगीरपुर, नगर क्षेत्र ठाकुरद्वारा आदि में दीपोत्सव मनाया गया।

घर-घर पूजे गए भगवान श्रीराम

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार: सोमवार को अयोध्या में श्री राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होते ही नगर व देहात के मंदिरों में हवन पूजन हुए। देहात व नगर में शोभायात्रा निकालकर भंडारों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। अखंड रामायण, सुंदरकांड का पाठ, श्रीराम स्तुति, महाआरती के अलावा भंडारे किए गए। सड़कों पर चारों तरफ भगवा ध्वज फहरा रहे थे। इस दौरान युवाओं ने आतिशबाजी की। रामोत्सव को लेकर मंदिरों के साथ घरों को भी रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया था। वहीं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठन भी उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया।

इसके अलावा नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर इंधनपुर नगला, शिव मंदिर मिलक गुरेर, कुतुबपुर अज्जू, हरियाना सहित सभी मंदिरों में अखंड रामायण का पाठ व सुंदरकांड का पाठ किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नगर कुंदरकी ग्राम पंचायत हरियाना, ग्राम पंचायत मोहनपुर, कुतुबपुर अज्जू, आदि ग्राम पंचायत में शोभायात्रा निकाली गई और सभी जगह माहौल शांतिपूर्ण रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक मैनाठेर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मिल्क गुरेर में शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही नगर पंचायत महमूदपुर माफी में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया था। साथ ही क्षेत्रीय मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। सभी जगह शांतिपूर्ण माहौल रहा।

नगर में निकली शोभायात्रा में मौजूद रामभक्त। ● अमृत विचार

▸▸ **नगर और देहात में निकाली गई शोभायात्राएं, सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन**

सार-संक्षेप

शरीफ नगर में आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शरीफ नगर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन पूजन किया गया। इससे पूर्व पूर्व ढोल नगाड़ों और गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धालु राम भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् दशहरा मैदान में चामुंडा देवी मंदिर के निकट नवनिर्मित भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। इस दोरान कोतवाली प्रभारी किरन पाल सिहं, गजेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. वीर सिंह सैनी, राकेश चौहान, राधेश्याम, सचिन शर्मा, मौखी पधान, राधेश्याम, कपिल कुमार चौहान, आनंदपाल पाल सिंह, चन्द्रबोस गहलौत, कृष्णपाल सिंह, भीम सिंह, मनोज कुमार, ब्रजराज, नीरज गहलौत, सुमित राणा, पुरूषोत्तम राणा, विशाल कुमार, तुलाराम, निश्चल, मयंक, हनी, विपुल, सौरभ, निर्भय आदि उपस्थित रहे।

रामोत्सव पर दीयों से जय श्रीराम बनाकर दिखातीं संध्या व भावना आदि।

छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कांठ, अमृत विचार : सोमवार को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई ने ग्राम गुल्हडिया में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने गांव में जगह-जगह साफ सफाई की एवं कूड़े का निस्तारण किया। वहीं, बौद्धिक संगोष्ठी का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. अशोक राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि हमें अपने घरों, विद्यालय परिसर एवं आसपास के वातावरण को साफ सुथरा बनाना चाहिए। तभी हम बीमारियों से मुक्त रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका मीनाक्षी ने किया।

मंदिरों व घरों में जलाए दीये, आतिशबाजी कर मनाई दिवाली

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अयोध्या धाम में सोमवार को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र में जगह-जगह स्टॉल हलवे के प्रसाद का वितरण किया। साथ ही भंडारे भी लगाए गए। वहीं शाम को मंदिरों व घरों में दीये जलाए गए और आतिशबाजी कर दिवाली मनाई गई। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कई दिनों से विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी के क्रम में ने लाला हरि राम गली, पीपल टोला स्थित शिव धाम पंचशील मंदिर, पाली के निकटश्री राम दुर्गा मंदिर व खाटू श्याम भक्तों द्वारा सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज व सरकारी अस्पताल रोड, कमलापुरी चौराहा, होलिका मन्दिर, फैजुल्लागंज खोखरा लाल शिव मंदिर शहीद नगर से लेकर देहात क्षेत्र में विशाल भंडारे आयोजित किए गए। साथ रामचरित्र मानस पाठ व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नगर के प्राचीन तहसील स्थित श्रीहनुमान मंदिर पर राम जन्म कथा का आयोजन किया।

आयोजन | सुंदरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारे में किया प्रसाद का वितरण

फल-सब्जी आढ़तियों ने शोभायात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवीन फल सब्जी मंडी में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदरकांड पाठ किया गया। इसमें मंडी प्रशासन के साथ आढ़तियों ने भारी संख्या में भागीदारी की। साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

सोमवार को मंडी परिसर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को नवीन फल सब्जी मंडी में आढ़तियों ने राम महोत्सव के रूप में मनाया। सुबह 8 बजे मंडी परिसर में राम दरबार की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मंडी परिसर में टेंट लगाकर भगवान राम और हनुमान के चित्र के समक्ष दीप जलाकर आरती की। इसके मंडी प्रशासन और फल सब्जी के आढ़तियों ने सुंदरकांड का पाठ किया। दोपहर बाद भंडारा शुरू किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में मंडी सचिव ज्योति सिंह, फल सब्जी संगठनों के सभी आढ़तियों ने सहभागिता की।

वहीं, भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने उत्सव के रूप में मनाया। जिसके लिए परिक्षेत्र के सभी डिपो परिसर को सजाया गया। कार्यशाला वर्कशाप के कर्मचारियों ने भगवान की आरती की। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान व अन्य पदाधिकारियों ने पीतल नगरी डिपो में भंडारे का आयोजन किया। वहीं रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार ने साथियों के आरएम कार्यालय में भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की।

नवीन फल सब्जी मंडी में सुंदरकांड का पाठ करते आढ़ती। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने किया शोभायात्रा का आरंभ

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में कई स्थानों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्राएं निकाली गई। श्री हनुमान मंदिर मंडी चौक से शोभायात्रा का आरंभ जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने भगवान श्रीराम की आरती से किया। समाज सेवा युवा मंडल द्वारा इंपीरियल तिराहे प्राचीन श्री मनोकामना हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां डीएम ने भगवान राम लक्ष्मण को तिलक किया। मनोकामना मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनुभव गुप्ता ने बताया कि समाज सेवा युवा मंडल दो वर्ष से निरंतर निशुल्क भोजन वितरण करता है। इस अवसर पर ऋषि रस्तोगी, यश यादव, शिखर रस्तोगी, लवी अरोड़ा, शिवेंद्र शर्मा, सरल शर्मा, प्रियंक अग्रवाल, हर्षित रस्तोगी आदि सेवादारी में रहे।

इंद्रा आवास कालोनी में भंडारे के दौरान मौजूद रामभक्त। ● अमृत विचार

इंद्रा आवास कालोनी में विशाल भंडारे का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इंद्रा आवास कॉलोनी में सुबह भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। नागेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम की आरती कर विशाल भंडारा लगाया गया।

सोमवार को इंद्रा आवास समिति की ओर से श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर धार्मिक आयोजन समिति द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने हाजिरी लगाई। इसके बाद प्रसाद का वितरण का कार्यक्रम सुबह से लेकर शाम तक चला। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्तों प्रसाद ग्रहण किया। इसमें आयोजन समिति के ममतेश, ओपी जोशी, मनीष गुप्ता, राकेश विश्नोई, अंबरीश कुमार, विकास वर्मा, विकेश सिंघल, ध्रुव गुप्ता, सचिन गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

एक नजर

एलईडी पर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखा

गजरौला, अमृत विचार : बस्ती स्थित पुराने रामलीला मैदान में श्री श्याम मित्रा मंडल, अग्रबंधु विचार मंच व श्री झारखंडी महादेव संघ के नेतृत्व में सुबह को हवन किया गया। एलईडी के माध्यम से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, दोपहर में भंडारा, शाम को आतिशबाजी, दीपोत्सव व रात में इस्कान मंदिर द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। शोभायात्रा भी निकाली गई। कपिल सिंघल, अमन अग्रवाल, डा.राजीव शुक्ल, विवेक बंसल उर्फ हैप्पी, सचिन बंसल आदि मौजूद रहे।

हवन-पूजन का आयोजन

नौगावां सादात, अमृत विचार : सोमवार को नगर के मुहल्ला अलीनगर के चामुंडा मंदिर परिसर में अयोध्या में चल रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित सत्य प्रकाश शर्मा ने हवन व आरती का अनुष्ठान कराया। इस दौरान हिंदू समाज के लोगों ने हवन में आहुति दीं और जय श्री राम के जयकारे लगाए। चामुंडा मंदिर में हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी, बूथ अध्यक्ष मयंक सैनी, मंदिर के महंत बाबूराम सैनी, हरपाल सिंह सैनी, हरफूल सिंह, दिनेश जाटव, गणेश जाटव रामपाल सिंह जाटव, सुमित्रा सैनी, कलावती सैनी, आशा देवी, कलावती सैनी आदि मौजूद रहीं।

राममय हुआ शहर, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

प्राण प्रतिष्ठा: जगह-जगह किया गया भंडारे का आयोजन, शाम को की आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सोमवार को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते पूरा शहर भक्तिमय हो गया। सुबह से रात तक पूरा शहर प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा। शहर के सभी मंदिरों व चौराहों पर राम भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। रात होते ही लोगों ने अतिशबाजी करके खुशी का इजहार किया। वहीं वासुदेव तीर्थ स्थल पर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा गया। इसमें जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

शहर के सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रामकथा, रामचरित मानस पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रमों के साथ ही भगवान श्रीराम के नैतिक, सामाजिक और मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत कर लोगों को जानकारी दी गई। शहर के टीपी नगर चौराहा, स्टेशन रोड, मंडी समिति रोड, लकड़ा चौराहा, जोया रोड, गंगा मंदिर, रफातपुरा, कोट चौराहा और कैलसा रोड समेत अन्य स्थानों पर भंडर का आयोजन किया गया। वासुदेव तीर्थ स्थल पर अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भक्तों को दिखाया गया। इसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, सूचना अधिकारी सुभाष चौहान समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

वासुदेव तीर्थ स्थल पर अयोध्या का सीधा प्रसारण देखते जिलाधिकारी व अन्य भक्त। ● अमृत विचार

मंदिर में पूजा करते सत्यपाल तोमर व अन्य। ● अमृत विचार

- वासुदेव तीर्थ पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा
- जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी हुए शामिल

सुभासपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर में की पूजा-अर्चना

अमरोहा, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कैलसा रोड स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश में सुख-शांति की प्रार्थना की। इस दौरान सत्यपाल तोमर ने कहा कि 500 वर्ष के लंबे समय के बाद श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यह दिन बहुत ही खुशी का दिन है। आज का दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह प्रत्येक हिन्दू के लिए गौरव व स्वाभिमान का दिन है। इस मौके पर आदेश अमरोही, विभोर, पंडित रामअवतार शर्मा, बाबूराम पाल, सचिन समेत अन्य लोग शामिल रहे।

सैदनगली में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में उमड़ी राम भक्तों की भीड़

सैदनगली, अमृत विचार : अयोध्या के मंदिर में श्री राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित संतोषी माता मंदिर से शुरू हुई। इसमें राम भक्त केसरिया झंडा हाथ में लेकर श्री राम के नारे लगाते हुए बैंड बाजों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। शोभायात्रा बस स्टैंड, मुख्य बाजार, बगीची वाले मंदिर, बालाजी मंदिर व आंबेडकर मूर्ति के सामने से होती हुई संतोषी माता के मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान राम की बहुत सुंदर फोटो लगी हुई थी। लोगों ने जगह-जगह फूलों से मूर्ति का अभिनंदन किया। इस दौरान महिलाएं और पुरुष जय श्री राम के नारे लगाते हुए शोभा यात्रा में साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में जगह-जगह आतिशबाजी छोड़ी गई। इस मौके भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, हसनपुर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, शेखर गुप्ता, निश्चित गुप्ता, शरद कुमार, उमाशंकर गर्ग, मुदित गुर्जर, सुनीता शर्मा, गोपाल गुप्ता व शिशु गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल रहे।

प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद शाम को जली राम ज्योति

मुबारिजपुर, अमृत विचार : अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने पर संध्या में राम ज्योति प्रज्ज्वलित कर हर्षोल्लास से दिवाली मनाई गई। इसी कड़ी में क्षेत्र के मुबारिजपुर व गारावपुर के लोगों ने हजारों दीप एवं झालरों से गांव को सजाया। रामभक्तों ने सोमवार रात घर और दुकानों में राम ज्योति जलाई। पुनि मंदिर महं बात जनाई। आवत नगर कुशल रघुराई। वर्षों का इंतजार खत्म होने पर और अयोध्यानगरी में श्रीराम मंदिर के रामलला विराजमान होने पर घरों विधिवत तरीके से घरों व मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई।

भंडारे में सेवा करते लोग। ● अमृत विचार

बुरावली व पतेई खादर में हुए भंडारे

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : न्याय पंचायत क्षेत्र के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज की ओर से भाजपा सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सोमवार को बुरावली व पतेई खादर में भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों को रोक कर प्रसाद बांटा गया। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य, डॉ. सतवीर, प्रधान हरीराज सिंह त्यागी, सेक्टर संयोजक सरोज गुर्जर, मयंक यादव, कोशिन्द्र राणा, विनोद, डॉ. मानसिंह राणा, सचिन कुमार, डॉ. सतवीर, देवराज, लाखन सिंह, फूल सिंह, शिव कुमार, देव, गोलू, कैलाश, कलवा, सुभाष सिंह शामिल रहे।

विश्व में फिर बढ़ा भारतीय संस्कृति का सम्मान

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ा शिवमन्दिर भदौरा पर लोक कल्याण एवं भारत के विश्वगुरु बनने की कामना को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता से चिढ़कर भारत पर समय-समय पर आक्रमण कर उसे छिन्न-भिन्न किया। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जन्म भूमि मंदिर को भी क्षतिग्रस्त किया गया था।

भारत की एकता को कमजोर कर अपना आधिपत्य स्थापित करने के लिए भारी मात्रा में धर्मांतरण कराने का काम किया। भाई-भाई को बांटकर, लड़ाकर कमजोर करने का काम किया। बड़े हर्ष का विषय है कि अब पुनः भारतीय संस्कृति का विश्व में सम्मान बढ़ा है। चाहे योग का क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र, सभी के महत्व को विश्व में स्वीकार किया गया है। यज्ञ के माध्यम से सर्वे भवन्तु सुखिन का संदेश विश्व को आकर्षित कर रहा है।

श्रद्धालुओं को साधना, आराधना से जुड़कर समय-समय पर यज्ञ करने चाहिए। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से संबंधित ओमपाल सिंह ने दुर्व्यसनों से दूर रहने का संकल्प दिलाया। कहा कि पूजा पद्धति और धार्मिक स्थलों से जुड़े बिना समाज का कल्याण संभव नहीं है।

इस मौके पर सतवीर सिंह, अशोक कुमार, जयवीर सिंह, नवीन कुमार, रोबिन सिंह, संजय सैनी, जयवीर सैनी, परवीन सिंह, लालू चौधरी, यश कुमार, सतपाल सिंह, रामपाल सिंह आदि शामिल रहे।

प्राण प्रतिष्ठा पर धूमधाम से निकाली श्री राम बरात

मुबारिजपुर,अमृत विचार : श्रीराम सेवा समिति कस्बा आदमपुर व मुबारिजपुर की ओर से श्रीराम बरात शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रीराम बरात का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस भी मौजूद रही। सोमवार को श्रीराम बरात शोभायात्रा कस्बे में धूमधाम से निकाली गई। पूर्व प्रधान सतीश अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत रूप से पूजन करके शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप, गुरु विश्वामित्र, भगवान गणेश, हनुमान, शंकर-पार्वती, शेरावाली मां की झांकी, राधा-कृष्ण की झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। बैंड बाजों की धुन पर लोग नाचते गाते जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर कस्बे के बाहरी छोर पर संपन्न हुई। हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल रहे। शाम ढलते ही लोगों ने अपने घरों व दुकान पर दीपोत्सव मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

पृथ्वीपुर सराय के बालाजी मंदिर से निकाली शोभा व झंडा यात्रा

नौगावां सादात, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र में अयोध्या में सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के भव्य समारोह के अवसर पर श्री राम मंदिर की अद्भुत छवि देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में नौगावां विधानसभा के पृथ्वीपुर सराय में श्री बालाजी मंदिर के परिसर से शोभा यात्रा व झंडा यात्रा निकाली गई। महंत शेर सिंह ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर खेड़का दौलतपुर होती हुई यह झंडा यात्रा निकाली गई। उन्होंने ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है कि 500 वर्षों का सपना पूरा हुआ। इस मौके पर रामनिवास गोल, वीरेंद्र सिंह सैनी, भगवंत सिंह, नन्हे सिंह चौहान, रघुनन्दन चौहान, चंद्रभान सिंह भाटी, अशोक कुमार, दीपक कुमार, विनोद कुमार प्रजापति, डॉ. केके शर्मा, हरिराज सिंह चौहान राजू, परविंदर चौहान, विशाल कुमार, हरेंद्र चौहान, करन सिंह चौहान, विनोद कुमार, प्रांजल यादव, मितुल यादव, प्रियांशु गोला, कामेश्वर गोला, ममता देवी, शीला देवी, शीतल देवी, बाला देवी, रश्मि, दीपा देवी, मीनाक्षी देवी, मधु कुमारी, शोभा देवी शामिल रहे।

नाहिद खान ने मंदिर में किया हवन और भंडारा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग के निदेशक नाहिद खान ने बहुचरा माता मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में हवन एवं भंडारे का आयोजन किया।

अयोध्या धाम में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अवसर पर नगर स्थित मंदिरों में हवन, भंडारे एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। सोमवार को नगर पूरी तरीके से राम भक्ति में दिखाई दिया। नगर को भगवा झंडों से सजाया गया। ग्राम सोहरका मार्ग स्थित बहुचरा माता मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में प्रातः हवन का आयोजन किया गया। पंडित विपिन शास्त्री ने मंत्रोंच्चारण करके आहुतियां दिलाईं। इसके बाद आरती की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मंदिर में भजन मंडली ने भजन कीर्तन किया। निदेशक नाहिद खान ने बताया कि भगवान श्री राम हिंदु एवं मुस्लिम दोनों पक्षों के हैं।

इस मौके पर बब्बू, महक, करिश्मा, खुशी, अंजलि, पंडित जितेंद्र शास्त्री, प्रतिमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, हितांशी, हर्षिता, युवराज व नेहा वर्मा शामिल रहे।

पूजा-अर्चना करते नाहिद खान व उनके साथी। ● अमृत विचार

भक्तों को लाइव दिखाया प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत में मां चामुंडा देवी मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाया गया। हजारों की संख्या में राम भक्तों ने अयोध्या में हो रही श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देखते हुए जय श्री राम का उद्घोष किया। नगर पंचायत की ओर से अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दिखाने के लिए चामुंडा मंदिर पर बड़ी स्क्रीन लगवाई गई। इसमें काफी संख्या में राम भक्तों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखा और जय श्री राम के नारे लगाए। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी व अभिनव कौशिक जिला महामंत्री भाजपा ने राम भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

विधायक ने राम भक्तों के साथ भक्तों को बांटा प्रसाद

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुहल्ला महादेव टीचर कॉलोनी के स्टेट हाईवे किनारे सोमवार सुबह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विधायक राजीव तरारा ने भक्तों को प्रसाद बांटा।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में रामोत्सव का उल्लास छाया रहा। हर तरफ रामधुन गूंजती रही। भगवान श्रीराम के स्वागत में घर-आंगन सजाए गए। सोमवार सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि भगवान श्रीराम सभी के आराध्य हैं। जन्मभूमि में उनके विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। यह सभी के लिए गौरव का विषय है। वहीं श्री राम उत्सव धनौरा के कार्यकर्ताओं ने विधायक को प्रशस्ति पत्र व पटका पहनकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सुरेंद्र कुमार शर्मा, पवन कुमार, राजकुमार पाल, साजन त्यागी, सभासद प्रशांक त्यागी, नरेंद्र कटारिया, अवलोक मोहन, पवन सैनी, हर्षित गर्ग, ज्ञानेश शर्मा, सौरभ त्यागी, भोले, कपिल चौधरी, मोहित शर्मा, सुधांशु शर्मा, सचिन सिद्धू, श्याम गर्ग, देवसुमन कौशिक शामिल रहे।

भंडारे में प्रसाद वितरण करते विधायक। ● अमृत विचार

प्रसाद का वितरण करते पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

आज पूरा हुआ सनातनियों का 500 वर्ष पुराना सपना : पालिकाध्यक्ष

हसनपुर, अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष ने मुहल्ले वासियों के साथ भगवान का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। सनातन धर्म के अनुयायियों की आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भी राम लहर दिखाई दी। झकड़ी अड्डे के निकट लोगों ने मुहल्ले को गुब्बारों से सजाया। एलईडी के माध्यम से अयोध्या के कार्यक्रम का संजीव प्रसारण देखा। इसके बाद राम भक्तों ने भगवान का भोग लगाकर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में प्रसाद का वितरण किया। पालिकाध्यक्ष ने रहागीरों को रोक कर प्रसाद का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोगों का 500 वर्ष का सपना आज पूरा हुआ है। इसी खुशी में प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर निशांत सैनी, राहुल दक्ष, सौरभ सैनी, राजकुमार सैनी, अनुपम त्यागी, धर्मेंद्र शर्मा, दिनेश चौहान, अंकुर आर्य, डॉ. दिनेश, डॉ सोविद्र, सुनील चौहान, शुभम आर्य, विनोद कुमार, सोनू सैनी, अमित शर्मा, दीपक शर्मा शामिल रहे।

आयोजन विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने फीता काटकर की भगवान श्री राम की आरती

वृंदावन के कलाकारों ने किया भगवान श्रीराम की लीला का मंचन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में एक दिवसीय रामलीला का मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने फीता काट कर एवं भगवान राम की आरती करके किया।

अयोध्या में सनातन धर्म का 500 वर्ष पुराना सपना रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में पूरा हो रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति ने रामलीला मैदान में स्थित अयोध्यापुरी में हवन का आयोजन किया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया। दोपहर 12 बजे भगवान की लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया गया। इसका शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने मंच का फीता काट कर और भगवान श्री राम की आरती करके किया। वृंदावन के कलाकारों ने राम जन्म से लेकर राजगद्दी तक की लीला का बड़ा ही सुंदर तरीके से मंचन किया। इस मौके पर राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, पुनीत अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी, प्रशांत शर्मा, लोकेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, निशांत सैनी, प्रशांत सैनी, देवेंद्र खड़गवंशी आदि मौजूद रहे।

रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव, आकर्षक झांकियों संग निकाली शोभायात्रा

डिडौली, अमृत विचार : पतेई खालसा में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ बनाया। मंदिरों में सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जगह-जगह भंडारे लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। नगर में रामलला व राम दरबार की आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा 11 बाजे चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर प्राइमरी स्कूल से वर्मा कॉलोनी, हाईवे, रामलीला ग्राउंड, दयनाथ शिव मंदिर होते हुए मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का भक्तों ने रंग-गुलाल एवं फूलों से स्वागत किया। इस मौके पर महेश ठाकुर, पोपाल ठाकुर, ठाकुर राकेश सिंह, मुखराम सिंह प्रधान, विजय गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, सनी ठाकुर, मास्टर राजू, पंकज शर्मा, प्रदीप ठाकुर, सीमा ठाकुर, बीना चौहान आदि शामिल रहे। उधर जोया में बजरंग मंदिर पर सुंदरकांड के पाठ के बाद भंडारा हुआ। इसमें माया गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, कौशल गुप्ता, सीमा चौधरी, राहुल गुप्ता, प्रिंस तोमर, अरविंद तोमर, अर्पित गुप्ता, धीरज गुप्ता शामिल रहे।

शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पहुंचे राम भक्त

रहरा, अमृत विचार : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कस्बा निवासियों ने श्री राम की शोभायात्रा निकाली। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा में श्री राम भक्त पताका फहराते हुए चल रहे थे।

भगवान श्री राम, मां सीता, राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी, शिव पार्वती की झांकी मन मोह रही थीं। सिर पर कलश लेकर चल रही महिलाएं जय श्री राम का उद्घोष कर रही थीं। हनुमान गढ़ी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, ब्लॉक कार्यालय के सामने, साप्ताहिक सब्जी बाजार, आंबेडकर पार्क, भावली रोड से मार्केट होती हुई रहरा अड्डे पर संपन्न हुई। राम भक्त भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम का उद्घोष भी कर रहे थे। उधर, सर्व हिंदू समाज सनातन धर्म प्रेमी जनता की ओर से निकाली गई शोभायात्रा की झलक देखते ही बन रही थी।

शिवाला मंदिर में दीये जलाते डॉ. सुरेश चंद नागर व अन्य। ● अमृत विचार

डॉ. नागर ने शिवाला मंदिर में पूजा कर जलाये 31000 दीये

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार: प्रभु श्री राम के आगमन के सदियों पुराने संकल्प के सिद्ध होने पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व शिक्षाविद् डॉ. सुरेश चंद नागर ने भाजपाइयों के साथ हसनपुर स्थित शिवाला मंदिर की सफाई की।

इसके बाद पूजा-अर्चना कर मंदिर परिसर में 31000 दीये जलाये। इस दौरान जय श्री राम के जयकारे लगाकर प्रसाद वितरित किया। उन्होंने बताया कि करीब साढ़े चार सौ वर्ष बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर समस्त भारत वासियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, चेयरमैन राजपाल सैनी, अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

एक नजर

प्राची नागर ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मुहल्ला महादेव टीचर कॉलोनी निवासी प्राची नागर ने गृह विज्ञान में यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। उन्होंने द्वितीय प्रयास में यह परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राची नागर का परिवार मूल रूप से अमरोहा जनपद की तहसील मंडी धनौरा के रहने वाला है। उन्होंने मंडी धनौरा के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से हाईस्कूल, लायंस कन्या इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट, भागीरथी देवी महाविद्यालय से बीए और एमए बिजनौर के आरवीडी से किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता दिनेश कुमार नागर व परिवारजनों को दिया।

शिवकुमार बने रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर निवासी शिवकुमार खड़गवंशी को केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर रेलवे ने स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है। इसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी छा गई। भाजपा नेता शिवकुमार खड़गवंशी ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी। समिति का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 तक रहेगा।

रिश्तेदार बताकर साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 83,000 रुपये

पैसे ट्रांसफर करने का झांसा देकर शिक्षिका को लगाया चूना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने खुद को रिश्तेदार बताकर पहले पैसे ट्रांसफर करने का झांसा दिया और बाद में शिक्षिका के खाते से 83 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। खाते से रुपये निकलने का मैसेज देख शिक्षिका के होश उड़ गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा मोहन निवासी मनोज कुमार चीमा की बेटी नीतिका शहर के कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका हैं। दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 25 जनवरी 2022 को नितिका के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को रिश्तेदार बताया और उनके खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर कराने की बात कही। उसने कहा कि जब रुपये की जरूरत होगी तब वापस ले लूंगा। झांसे में फंसकर नीतिका ने व्हाट्सऐप पर भेजे गए लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उनके खाते से 20 हजार रुपये कट गए। इसके बाद साइबर अपराधियों ने इसी तरह एक के बाद एक चार बार लिंक भेजकर उनके खाते से 83 हजार रुपये उड़ा लिए। मोबाइल पर खाते से रुपये की कटौती का मैसेज देख नितिका के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत ही बैंक जाकर अपने खाते से रुपये निकालने पर रोक लगवाई। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि साइबर सेल से मामले की जांच कराई जा रही है।

धमकी देने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : हिस्ट्रीशीटर ने गांव में आकर ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ गाली-गलौज व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा तगा निवासी किसान अली हुसैन के बेटे मुराद हुसैन वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। उनका आरोप है कि गांव बुढ़नपुर माफी निवासी युनूस आपराधिक प्रवृति का है। पुलिस रिकार्ड में उसकी हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। 19 जनवरी को युनूस उनके गांव आया और बेवजह गाली-गलौज करने लगा। बाद में ग्रामीणों के सामने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पीड़ित के साथ आए ग्रामीणों की गवाही के आधार पर हिस्ट्रीशीटर युनूस के खिलाफ गाली-गलौज करने व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उधार दिए पैसे मांगने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : उधार दिए गए रुपयों का तकादा करने पर युवक को बीच सड़क दौड़ाकर पीटा। इसके बाद आरोपी ने साथी के साथ मिलकर गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी रजी खान का आरोप है कि उन्होंने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनली निवासी परिचित उवैस आलम को कुछ रुपये उधार दिए थे। तय समय पर तकादा करने पर भी जब उसने रुपये नहीं लौटाए तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर दी। इसी बात को लेकर रंजिश रखने वाले उवैस ने 18 जनवरी की शाम स्टेशन रोड पर जीआईसी के पास उसे घेर लिया। साथी के साथ मिलकर मारपीट की और गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि उवैस व उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने नगर व क्षेत्र में कलश यात्रा का आयोजन किया। शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने भगवान श्री राम की आरती करके किया।

कलशयात्रा प्राचीन नवदुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए गांव अम्हेडा मंन्दिर पर विसर्जित हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी का दिन देश ही नहीं पूरे विश्व में यह दिन इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया है।

भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल है। इस अवसर जिला मंत्री विपिन शर्मा, जिला संयोजक कुशल चौधरी, विद्यार्थी प्रमुख पीयूष चौधरी, रामवीर सिंह, चौधरी महकार सिंह, दिवान सिंह आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा में शामिल राम भक्त। ● अमृत विचार

गजरौला के शिव मंदिर में हुई रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा

गजरौला, अमृत विचार : माल गोदाम मार्ग स्थित शिव मंदिर में सोमवार को रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इससे पहले कलशयात्रा निकाली गई। विधि विधान से हवन पूजन के साथ राम दरबार की स्थापना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कलशयात्रा का शुभारंभ पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने फीता काटकर किया। मंदिर परिसार से शुरू हुई कलश यात्रा खाद गुर्जर चौराहा, इंदिरा चौक बस्ती मार्ग होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बनारस से आए पंडितों ने प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एलसी गहलौत, चौधरी वेदपाल सिंह, मनमोहन सिंह सेन, वीरेंद्र शर्मा, हिमांशी रानी, रामचंद्र अग्रवाल, दिनेश सैनी, सुनील गुप्ता, प्रमोद एलुना, चौधरी सुरेंद्र सिंह स्टेट व बिजेंद्र चौधरी आदि शामिल रहे।

कलशयात्रा में भगवा ध्वज लहराते भक्त।

कार की धुलाई करते समय टैक्सी मालिक की मौत

संवाददाता, अमरोहा/चौधरपुर

- हार्ट अटैक से गई जान सीसीटीवी में कैद हुई घटना
- पत्नी व बच्चों को रो-रोकर हुआ हाल-बेहाल

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया के मोहल्ला खेड़ा में कार की धुलाई करते समय टैक्सी मालिक आसिफ उर्फ लाला (50) की अचानक दिल का दौरा पड़ गया। कार की धुलाई करते समय अचानक आसिफ बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। यह घटना एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

टैक्सी चालक को हार्ट अटैक की घटना सोमवार की सुबह लगभग सात बजे की है। बताया गया कि आसिफ उर्फ लाला अपने घर के बाहर खड़ी कार की धुलाई कर रहे थे। तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और वह जमीन पर मुंह के बल गिर पड़े। कुछ देर तक परिजनों को घटना की जानकरी नहीं हुई। राहगीरों ने उन्हें पड़ा देख परिजनों को बताया। तब परिवार के लोग घर से बाहर आए और अचेत अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने टैक्सी मालिक की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। आसिफ के परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। आसिफ की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

ग्रामीण क्षेत्र में भी रही धूम होली के रंग में रंगे युवा

बुरावली, अमृत विचार : अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव की धूम ग्रामीण क्षेत्र में भी रही। युवाओं ने श्रीराम के आने की खुशी में होली खेली और रंग बरसाया। गांव मटीपुरा में लोगों ने भगवा झंडे लेकर रैली निकाली।

गांव छपना में रामलला एवं राम दरबार की आकर्षक झांकियों के साथ भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकली गई। लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा व श्री राम रैली का स्वागत किया। वहीं श्री सिद्ध बाबा आश्रम गांव उकावली में मंदिर में हवन पूजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान फारूख सैफी, प्रभु दयाल सिंह, नेपाल सिंह, प्रधान अरुण कपासिया, सुरेंद्र सिंह, संजय कुमार, गुरमीत कपासिया व सौरभ धामा आदि शामिल रहे। उधर गांव तरौली में भी हवन-पूजन किया गया। इस मौके पर प्रधान का पति प्रमोद नागर, अनुज नागर, भगवत शरण और कमल कश्यप आदि रहे।

औद्योगिक नगरी स्थित श्री राम मंदिर में आरती के बाद हुआ हवन

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : औद्योगिक नगरी में सुबह से ही भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। घरों एवं मंदिरों में पूजा की गई। 1989 में भरतिया समूह द्वारा निर्मित श्री राम मंदिर में पंडित मोहन मिश्रा ने प्रभु श्री राम का अभिषेक कराया। आरती के बाद हवन-यज्ञ किया गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। प्रभात फेरी भी निकाली गई। शाम को दिवाली मनाई गई और जमकर आतिशबाजी की गई।

सोमवार को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां रामभक्तों के चेहरों पर साफ नजर आ रही थीं। इस दौरान श्री राम मंदिर में भी आयोजन हुआ। यहां रामकुमार लक्खा और गीतू अरोड़ा ने भजन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, एडीएम सुरेंद्र सिंह और एएसपी राजीव कुमार ने आरती की और दीये जलाए। सोमवार को भी यहां कई कार्यक्रम हुए।

आरएसएस के जिला प्रचारक अखिलेश कुमार, पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य के पति पिंटू भाटी, विचित्र भाटी, जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के साइड हेड विनोद झा, प्रशासनिक प्रबंधक अशोर राय, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जिला उपभोक्ता फोरम में विधिक सदस्य अंजु दक्षित, प्रसून अग्रवाल आदि ने यज्ञ में आहुति दीं। हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांड का पाठ भी हुआ। जुबिलेंट में सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार, जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट, प्रताप महापात्रा, मनोज शर्मा, उत्तम सिंह प्रजापति, रूचि मित्तल, वंदना सिन्हा, माल्ती बिजोंला, ममता गुप्ता, सरिता माहेश्वरी, सुनीता पांडेय आदि मौजूद रहे। शाम को इस्कान मंदिन वृंदावन से आई टोली ने प्रभु श्री राम का संकीर्तन किया। बस्ती से शोभायात्रा निकाली गई। श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। शुक्लपुरी में पंडित जितेंद्र मोहन शुक्ला के आवास पर आतिशबाजी की गई। भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्राण पतिष्ठा का जश्न मनाया गया। इस दौरान राजीव शुक्ला, रविंद्र शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, प्रोफेसर वंदना भारद्वाज, दीपक शर्मा, वेदप्रकाश गुप्ता, नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

हवन में आहुति देते पूर्व सांसद व अन्य लोग। ● अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोशनी में नहाया गजरौला का राम मंदिर। ● अमृत विचार

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

हसनपुर में भंडारे में प्रसाद लेते लोग। ● अमृत विचार

त्रिवेणी शुगर मिल में 2100 दीये जलाकर मनाया उत्सव

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार: अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभअवसर पर चन्दनपुर चीनी मिल के मंदिर में अखंड रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन हुआ।

चन्दनपुर स्थित त्रिवेणी चीनी मिल में श्री राम दरबार मंदिर में दो दिन से भजन कीर्तन चल रहा था। मुख्य यजमान चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष अमेज कुमार सिंह, आरएस सहरावत, अमरनाथ जागीरदार, टीसी राजौरिया, संजय जायसवाल, बाबूराम सैनी, एके तिवारी, उदयवीर सिंह रहे। करनपुर माफी निवासी मनोज कुमार शर्मा और हसनपुर निवासी पंडित गोविंद शर्मा ने रामायण पाठ किया। राममायण पाठ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार की शाम मंदिर परिसर में 2100 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

राम भक्तों को एलईडी पर दिखाया सजीव प्रसारण

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में राम भक्तों ने अयोध्या का संजीव प्रसारण दिखाने के उद्देश्य से एलईडी लगवाई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया। इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राम भक्तों में भारी उत्साह दिखाई दिया। इसी कड़ी में मुहल्ला राजपूत कॉलोनी में अल्ट्रासाऊंड सेंटर के निकट राम भक्तों ने अयोध्या के लाइव प्रसारण देखने के उद्देश्य से एलईडी लगवाई। इस पर राम भक्तों ने भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, मयंक अग्रवाल, चंद्रपाल खड़गवंशी, महेश खड़गवंशी, अमित राणा, टीनू चौहान, हर्षित, विशाल, जागेश, जयप्रकाश, अंकित, सुधीर, नरेंद्र, गुड्डू चौहान, बंटी चौहान व दिगंबर चौहान शामिल रहे।

पुलिस ने भाई-बहन को तलाश कर मां को सौंपा

गजरौला, अमृत विचार : पुलिस की भागदौड़ रंग लाई। पुलिस ने खोये हुए भाई-बहन को सकुशल तलाश कर उनकी मां को सौंप दिया।

मुहल्ला मछली मंडी अल्लीपुर निवासी नजराना पत्नी साजिद का बेटा सुफियान (3) व बेटी (6) आलिया सोमवार की सुबह खेलते-खेलते घर दूर निकल आए थे। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो नजराना को चिंता हुई। उसने दोनों बच्चों को काफी तलाश किया मगर उनका कहीं पता नहीं चला। तब परेशान होकर वह चौपला चौकी पहुंची और पुलिस को बच्चों के गुम होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार, सिपाही कामेश्वर व तनिष को साथ लेकर बच्चों की तलाश में जुट गए। उन्होंने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को सकुशल तलाश कर उनकी मां को सौंप दिया। बच्चों को सकुशल पाकर उनकी मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

नगर पालिका द्वारा लगवाई गई एलईडी पर सीधा प्रसारण देखते लोग। ● अमृत विचार

इंदिरा चौक पर नगर पालिका ने लगवाई एलईडी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाने के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से इंदिरा चौक पर एलईडी की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि देशवासियों के लिए यह अविस्मरणीय पल है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम इस पल के गवाह बने। यह सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है।

इस अवसर पर पालिका की ईओ गार्गी त्यागी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सभासद अमित कुमार, पालिका के लेखाकार आदेश अग्रवाल, विपिन सागर, संजय सागर के अलावा दीपक त्यागी, अनिल श्रीवास्तव, दुर्गा रानी, सीमा आदि मौजूद रहे।

जरुरमंदों को लिहाफ बांटते देवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार : भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव देहरी खादर में किसान मोर्चा भाजपा जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे।

श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा नेता ने कंबल वितरण का कार्यक्रम किया। सबसे पहले श्री राम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बुर्जुगों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति कुवंरपाल सिंह, रूपकिशोर, राहुल शर्मा, विष्णु, भजनलाल, अमित, संजय, रामपाल, दीनदयाल, बुद्धसैन, आशुतोष, प्रेमपाल, शंकर व रोहताश शामिल रहे।

आम की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग ने आम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र में आम की लकड़ी का अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर आम के पेड़ काटकर हरियाली नष्ट करने में लगे हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग के दरोगा पलट राम ने सोमवार को आम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी। वन विभाग की टीम को देख ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि वन दरोगा की तहरीर पर ग्राम बाईखेड़ा निवासी सूरज व बावनखेड़ी निवासी ओसामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

नाराजगी गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण, शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान ने नहीं दिया ध्यान

रास्तों पर पसरी कीचड़ व गंदगी से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव में गंदगी एवं जल भराव से ग्रामीणों का रास्तों से निकलना दुश्वार हो रहा है। शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान व अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ओगपुरा के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में काफी समय से गंदगी व जल भराव के कारण गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं। काफी समय से सफाई कर्मी भी गांव में सफाई करने नहीं आ रहा है। इसके कारण गांव की नालियों में कीचड़ भरी है। गांव का गंदा पानी सड़कों पर भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रधान से शिकायत के बाद की गई। मगर प्रधान ने ध्यान नहीं दिया। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में हेमराज सिंह, तुलसी, होरीलाल, टीकाराम, बबलू, युद्धवीर, राजवीर, हरपाल सिंह, मलखान सिंह, प्रसादी सिंह, हुकम सिंह, नरेश, गोपी, कांति, दलपत, महिपाल, सियाराम आदि शामिल रहे।

प्रदर्शन करते ओगपुरा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

इमाम का नाम मुहम्मद है और लकब तकी : मौलाना कम्बर

सैदनगली, अमृत विचार: नगर के मोहल्ला सादात के इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे नवे इमाम हजरत मुहम्मद तकी अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर जश्न का आयोजन किया गया।

जश्न का आगाज सैय्यद अम्मार हैदर ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। जबकि नाते रसूल मुहम्मद अब्बास बाकरी ने पढ़ी। नाते नबी के बाद फिरोज हैदर रिजवी, सुहैल अब्बास, वफा हैदर, मुहम्मद शुजा, शबीह हैदर, जाफर अब्बास, गुलाम हैदर रिजवी, रियाजुल हसन, हैदर अब्बास, हसन मेहदी, मिसाल अब्बास अन्य शायरों ने इमाम तकी की शान में कलाम पढ़े। वहीं मौलाना कम्बर अली ने कहा कि नवे इमाम की विलादत 10 रजब को मदीना मे हुई थी। इमाम का नाम मुहम्मद है और मशहूर लकब तकी है। मौलाना ने इमाम की हालाते जिंदगी पर भी रोशनी डाली और उनके बताए रास्ते पर चलने की ताकीद की।

अपि मेरुसमं प्राज्ञमपि शुरमपि स्थिरम्।
तृणीकरोति तृष्णैका निमेषेण नरोत्तमम्।।

भले ही कोई व्यक्ति मेरु पर्वत की तरह स्थिर, चतुर, बहादुर दिमाग का हो लालच उसे पल भर में घास की तरह खत्म कर सकता है।

संपादकीय

अब आगे क्या

लंबे इंतजार के बाद अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का क्षण बताते हुए कहा कि ये अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा देश 'राममय' हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हम 'त्रेता युग' में आ गए हैं। इस समारोह में संतों, राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े लोगों और मनोरंजन, खेल और उद्योग जैसे क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों सहित लगभग आठ हजार लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने युवाओं से देश के उत्कर्ष का आह्वान करते हुए महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि अब आगे क्या। साथ ही प्रेरणा दी कि भारत युवा शक्ति की ऊर्जा से भरा है और इसे झुकना या बैठना नहीं है। देश की युवा पीढ़ी चांद पर तिरंगा फहरा रही और 15 लाख किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में यान पहुंचा रही है। आने वाला समय सफलता और सिद्धि का है। राम मंदिर भारत के उत्कर्ष का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि कालचक्र बदल रहा है हम समर्थ, सक्षम, दिव्य भारत के निर्माण की सौगंध लेते हैं। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता की अनंतता, दोनों ही पथ पर चलते हुए भारत, समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा।

राम मंदिर समाज के हर वर्ग को उज्ज्वल भविष्य के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा लेकर आया है। प्रत्येक देशवासी संकल्प लें कि राष्ट्र निर्माण के लिए पूरा जीवन लगा देंगे। ये मंदिर, मात्र एक देव मंदिर नहीं है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। सुखद संयोग है कि मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर वर्तमान पीढ़ी एक कालजयी क्षण की गवाह बनी है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युग की मांग है हमें अपने अंतःकरण को विस्तार देना होगा। हमारी चेतना का विस्तार, देव से देश तक, राम से राष्ट्र तक होना चाहिए। वास्तव में आने वाला समय सफलता का है। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता के पथ पर चलते हुए भारत समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा। यानि आने वाला समय अब सिद्धि का है। ये भव्य राम मंदिर भारत के उत्कर्ष, भारत के उदय का और भव्य भारत के अभ्युदय का साक्षी बनेगा। आज अयोध्या का ये उत्सव रामायण की वैश्विक परंपराओं का भी उत्सव बना है। ऐसे में निश्चित ही राम मंदिर विकसित भारत का साक्षी बनेगा।

आमजन के राम

के.विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आमजन का राम से रिश्ता दशहरा में नए सिरे से जुड़ता है। रामलीला एक लोकोत्सव है जिसमें राम की जनपक्षधरता अभिव्यक्त होती है। राजा से प्रजा, फिर वे नर से नारायण बन जाते हैं। सीता को चुरा कर भागने वाले रावण से शौर्यपूर्वक लड़ने वाले गीध जटायु को अपनी गोद में रखकर राम उसकी सुश्रुषा करते हैं, फिर उसकी अंत्येष्टि करते हैं जैसे वह उनका कुटुंबीजन हो।

राम की कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की राम कहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे 'जन रंजन भंज न सोक भयं' हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अधेरे, निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राममनोहर लोहिया ने कहा था कि 'राम का असर करोड़ो के दिमाग पर इसलिए नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है।' इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, 'दिस रामचरित मानस ईज बाईबल एंड शेक्सपियर कम्बाइंड।' लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है। गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, 'कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है।' (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नए जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया: 'मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना।' रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुंदर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिए। स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केंद्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद।

> लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अक्सर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परुशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था।

लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अक्सर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परुशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयू तटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानों भूल ही गए। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

आमजन का राम से रिश्ता दशहरा में नए सिरे से जुड़ता है। रामलीला एक लोकोत्सव है जिसमें राम की जनपक्षधरता अभिव्यक्त होती है। राजा से प्रजा, फिर वे नर से नारायण बन जाते हैं। सीता को चुरा कर भागने वाले रावण से शौर्यपूर्वक लड़ने वाले गीध जटायु को अपनी गोद में रखकर राम उसकी सुश्रुषा करते हैं, फिर उसकी अंत्येष्टि करते हैं जैसे वह उनका कुटुंबीजन हो। रामकथा के टीकाकार जितना भी बालि के वध की व्याख्या करें, वस्तुतः राम का संदेशा, उनकी मिसाल, असरदार है कि न्याय और अन्याय के बीच संघर्ष में तटस्थ रहना अमानवीय है। अपनी समदृष्टि, समभाव के बावजूद राम को वंचित और शोषित सुग्रीव प्यारा है। सत्ता पाकर सुग्रीव पंपानगर के राज प्रसाद में रहते हैं मगर वनवासी राम किष्किंधा पर्वत पर कुटी बनाकर रहते हैं। कुछ ऐसा ही गांधी जी भी करते रहे। प्रवास में दिल्ली की भंगी कालोनी और लंदन में श्रमिक बस्ती ईस्ट एंड इलाके में टिकते थे, अट्टालिकाओं से दूर। सत्ता से युद्ध में राम ने वस्तुतः लोकशक्ति का प्रयोग किया। बजाय सामंतों और सूबेदारों के, आमजन को भर्ती कर जनसेना संगठित की। ऐसी गठबंधन की सेना जो न सियासत में न समरभूमि में कभी दिखी है। विजय के बाद आभार ज्ञापन में वानरों से राम कहते हैं: 'तुम्हरे बल मैं रावन मारयो।' वाहवाही लूटने की लेशमात्र भी इच्छा नहीं थी इस महाबली में। निष्णातों के आकलन में भारत को राष्ट्र का आकार राम ने दिया। सुदूर दक्षिण के सागरतट पर शिवलिंग की स्थापना की और निर्दिष्ट किया कि गंगोत्री के जल से जो व्यक्ति रामेश्वरम के इस लिंग का अभिषेक करेगा उसे मुक्ति मिलेगी। अब हिंदुओं में मोक्ष प्राप्ति की होड़ लग गई, मगर इससे हिमालय तथा सागरतट तक भौगोलिक सीमाएं तय हो गई। चित्रकूट के भरतकूप में समस्त तीर्थों का जल डलवाकर भारतभूमि की भावात्मक एकसूत्रता को बलवती बनाया। आज अक्सर दावा पेश होता है देश में अनुसूचित जातियों और जनजातियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में समाविष्ट करने के अभियान की। मगर भारतीय संविधान बनने के सदियों पूर्व, (तब वोट बैंक भी नहीं होते थे) वनवासी राम ने दलितों, पिछड़ों और वंचितों को अपना कामरेड बनाया, मसलन निषादराज गुह, और भीलनी शबरी। आज के अमरीका से काफी मिलती जुलती अमीरों वाली लंका पर रीछ-वानरों द्वारा हमला करना और विजय पाना इक्कीसवीं सदी के मुहावरें में पूंजीवाद पर सर्वहारा की फतह कहलायेगी। सभ्यता के विकास के विभिन्न चरणों का लेखा जोखा सर्वप्रथम परूशुराम की कुल्हाड़ी (वन उपज पर अवलंबित समाज,) फिर धनुषधारी राम (तीर द्वारा व्यवस्थित समाज) और हल लिए बलराम (कृषि युग का प्रारंभ) से निरूपित होता है। लोगों को दर्द होता है जब जब राम को वोट से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में रामसेतु पर संप्रग सरकार ने बेहूदा बयान दर्ज कराया कि राम काल्पनिक थे। नतीजे में कांग्रेस को माफी मांगनी पड़ी, जनता के सामने रोना धोना पड़ा, अदालत से बयान वापस लेना पड़ा। रामसेतु पर राजनीति शुरू से लंगड़ी थी। रंग भी न पाई। हिंदु-बहुल सरकार के हलफनामे की तुलना में तो मुसलमान साहित्यकारों के राम के मुतल्लिक उद्‌गार अधिक ईमानदार रहे। अल्लामा इकबाल ने कहा था कि, 'राम के वजूद पे है हिन्दोस्तां को नाज'। इस इमामे हिंद पर शायर सागर निजामी ने लिखा, 'दिल का त्यागी, रूह का रसिया, खुद राजा, खुद प्रजा।' मुगल सरदार रहीम और युवराज दारा शिकोह तो राम के मुरीद थे ही।

राम को आधुनिकता के प्रिज्म में देखकर कहानीकार कमलेश्वर ने कहा था कि रामायण ब्राह्मण बनाम ठाकुर की लड़ाई है। (राही मासूम रजा पर गोष्ठी 20 अगस्त 2003: जोकहरा गांव, आजमगढ़)। यह निखालिस विकृत सोच है। यह उपमा कुछ वैसी ही है कि रावण और राम मूलतः पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के थे तो यह पूरब-पश्चिम की जंग थी। रावण के पिता विश्वेश्रवा गाजियाबाद में दूधेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र के निवासी थे। आजकल नोएडा प्रशासन इस पर शोध भी करा रहा है। भला हुआ कि अवध के राम और गाजियाबाद के रावण अब उत्तर प्रदेश में नहीं है, वर्ना राज्य के विभाजन के आंदोलन का दोनों आधार बन जाते। कमलेश्वर और उनके हमख्याल वाले भूल गए कि राम का आयाम उनके नीले वर्ण की भांति था। आसमान का रंग नीला होता है। उसी की तरह राम भी अगाध, अनंत, असीम हैं। इसीलिए आम जन के प्रिय हैं।

प्रसंगवश

गांधी और सुभाष चंद्र बोस

127 वीं जयंती पर



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

गांधी जी ने कहा, 'चूंकि मौलाना आजाद के मना करने के बाद पट्टाभि सीतारमैय्या मेरे कहने पर उम्मीदवार थे। इसलिए यह उनकी नही मेरी हार है। यह मेरी नीतियों-कार्यक्रमों की हार है। सुभाष चंद्र बोस ने विनम्रता के साथ इसे गांधी की निजी हार मानने से असहमति व्यक्त की, 'डेलीगेट्स को उनके (गांधी के) पक्ष या विपक्ष में वोट डालने को नहीं कहा गया था।' गांधी की आहत भावनाओं को शांत करने के लिए उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह त्रासद होगा कि मैं अन्य लोगों का विश्वास अर्जित कर लूं, लेकिन देश के महानतम व्यक्ति का विश्वास प्राप्त करने में विफल रहूं।' फिर भी गांधी जी से सुभाष बाबू की दूरियों की वजह क्या थी? क्या ये टकराव सिर्फ नीतियों-कार्यक्रमों और शैली का था? शायद ही इससे इंकार किया जा सके। पर शायद सिर्फ़ इतना काफी नहीं होगा। दो दिग्गजों के व्यक्तित्व का भी यह टकराव था। अपरोक्ष ही सही। अहम भी टकरा रहे थे। बेशक सुभाष बाबू गांधी जी का बहुत आदर करते थे। आजादी के आंदोलन में उनकी अगुवाई भी सहज स्वीकार्य थी। लेकिन वह पटेल, नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद आदि की तरह गांधी जी के अनन्य भक्त और अनुयायी नहीं थे। उनके लिए गांधी जी की इच्छा आखिरी और शिरोधार्य नहीं थी। वह प्रतिद्वंद्वी नहीं थे। पर उन्होंने असहमति और सवाल के अपने अधिकार संजो रखे थे। उसके इस्तेमाल में वह चूके नहीं और नतीजे सामने थे।

कांग्रेस से सुभाष बाबू के अलगाव के बाद दोनों ने निजी स्तर पर रिश्तों की मर्यादा को बनाए रखा। अगस्त 1939 में सुभाष बाबू को पटना में काले झंडे दिखाए जाने का गांधी जी ने विरोध किया। 1940 में कांग्रेस की योजनाओं से अलग रहकर काम करते सुभाष बाबू गिरफ्तार हो गए। कांग्रेस और गांधी जी से सवाल हुआ कि बचाव में क्यों आगे नही आए? 9 जुलाई 1940 को सेवाग्राम में गांधी जी ने कहा, 'सुभाष बाबू जैसे महान व्यक्ति की गिरफ्तारी मामूली बात नही है। लेकिन सुभाष बाबू ने अपनी लड़ाई की योजना बहुत समझ-बूझ और हिम्मत से बनाई है। वह मानते हैं कि उनका तरीका सबसे अच्छा है। उन्होंने मुझसे बड़ी आत्मीयता से कहा कि जो कुछ कार्य समिति नहीं कर पाई, उसे कर दिखाएंगे। वह विलंब से ऊब चुके हैं। मैंने उनसे कहा कि आपकी योजना के फलस्वरुप मेरे जीवनकाल में स्वराज मिल गया तो बधाई का पहला तार मेरी ओर से आपको मिलेगा।'

17 अगस्त 1941 को जब सुभाष बाबू कलकत्ता के एल्गिन रोड स्थित आवास से बिन बताए गायब हुए तो उनके भाई शरत चन्द्र बोस को गांधी जी ने तार भेजकर पूछा, 'सुभाष के बारे में खबर चौंकाने वाली है। कृपया सच्चाई तार से सूचित करें, चिंतित हूं।

1943 में गांधी जी के जन्मदिन 2 अक्टूबर पर बैंकाक रेडियो से नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संदेश प्रसारित हुआ, 'मन की शून्यता के क्षणों में महात्मा गांधी का उदय हुआ। वह अपने साथ लाए असहयोग का, सत्याग्रह का एक अभिनव-अनोखा तरीका। ऐसा लगा कि विधाता ने ही उन्हें स्वतंत्रता का मार्ग दिखाने के लिए भेजा है। स्वतः ही सारा देश उनके साथ हो गया। 'ये नेताजी थे जिन्होंने 6 जुलाई 1944 को सिंगापुर रेडियो से अपने प्रसारण में प्रथम बार गांधी जी को राष्ट्रपिता संबोधित किया और कहा,' भारत की आजादी की आखिरी लड़ाई शुरु हो चुकी है। आजाद हिन्द फौज हिंदुस्तान की धरती पर लड़ रही है। सारी दिक्कतों के बावजूद आगे बढ़ रही है। ये हथियारबंद संघर्ष तब तक चलेगा, जब तक ब्रिटिश को देश से उखाड़ नहीं देंगे। दिल्ली के वायसराय हाउस पर तिरंगा फहरेगा। 'पल भर की खामोशी बाद उनका अगला वाक्य मन की अतल गहराइयों से निकला। दिलों में उतरा और इतिहास में दर्ज हो गया, 'राष्ट्रपिता, हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई में हम आपका आशीर्वाद मांगते हैं।' गांधी जी ने नेताजी की विमान दुर्घटना की मृत्यु की खबर पर कहा,' उन जैसा दूसरा देशभक्त नहीं। वह देशभक्तों के राजकुमार थे।'24 फरवरी 1946 को हरिजन में लिखा,' आजाद हिंद फौज का जादू हम पर छा गया है। नेताजी का नाम सारे देश में गूंज रहा है। वे अनन्य देश भक्त हैं (वर्तमान काल का प्रयोग जानबूझकर कर रहा हूं)। उनकी बहादुरी उनके सारे कामों में चमक रही है। उनका उद्देश्य महान था। पर वह असफल रहे। असफल कौन नहीं रहा? हमारा काम तो यह देखना कि हमारा उद्देश्य महान और सही हो। सफलता हर किसी की किस्मत में लिखी नही होती।' उनके रास्ते अलग हो गए थे। मंजिल एक थी। उसे हासिल करने की निष्ठा पर सवाल नही था। वैचारिक मतभेद थे। लेकिन परस्पर सम्मान-आत्मीयता शेष थी। यही उन्हें जोड़ती रही। दूर से भी पास करती रही।

राम राज्य की स्थापना में सहयोग दें



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

> अब मंदिर निर्माण तो हो गया लेकिन अब संकल्प लेने का भी समय है कि हम रामायण के सकारात्मक पात्रों की तरह जीवन जिएं और राम राज्य की स्थापना करने में सहयोग दें।

श्री राम जन्मभूमि में राम लला नव निर्मित भव्य, दिव्य एवं सौम्य श्री राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं। पूरा देश हर्षोल्लास में है। कुछ लोग श्री रामजन्म भूमि के आंदोलन के महत्व की हत्या कर किसी एक वर्ग को अपने पक्ष में करना चाह रहे थे। ऐसे तत्व आज भी सनातन को समाप्त करने वालों का मूक समर्थन करते दिखते है, हिंदू और हिंदुत्व को अलग कर देखते हैं। ये वही लोग हैं जो राम को काल्पनिक बताते हैं, रामायण को मिथ्या बताते हैं। ख़ैर ऐसे लोगों की चर्चा करना भी समय की बर्बादी है।

यह कहते हैं धर्म को राजनीति से अलग रखना चाहिए और भाजपा श्री राम मंदिर के निर्माण को राजनैतिक रूप से भुनाना चाहती है। धर्म इस देश की आत्मा और आस्था है, इसे आप राजनीति से कैसे अलग कर सकते है। विश्व हिंदू परिषद ने जब राम जन्म भूमि निर्माण के आंदोलन को प्रारंभ किया तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही थी जिन्होंने राजनैतिक रूप से इस मुद्दे को समर्थन दिया, बाक़ी सभी पार्टियों ने इसका विरोध किया। आंदोलन के प्रारंभ में तो कांग्रेस सरकार के भय से हज़ारों कार्यकर्ता भेष बदल बदल कर गांव-गांव जाकर इस आंदोलन में जान फूंक रहे थे और तत्कालीन सरकार कारसेवकों को जेल में ठूंस रही थी। भाजपा ने यदि आस्था की जगह राजनीति को चुना होता तो इस मुद्दे पर अपनी चार सरकारें क्यूं गिरने देते। इसके लिए असंख्य कार सेवकों की क़ुर्बानी और भाजपा, संघ, विश्व हिंदू परिषद, साधु संतों का त्याग विशेषकर अयोध्या के सभी साधु संतों का योगदान है। वरिष्ठ वकील परसरण को भी इस अवसर पर नमन करना चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय में 92 वर्ष की अवस्था में मुकदमा लड़कर जीते।

मैं अयोध्या से लौटा मंदिर की भव्यता , सुंदरता और लोगों का भाव देखकर मन आह्लादित हो गया। वृद्ध, महिलाओं, बच्चों को सैकड़ों मील से नंगे पाओं सफ़र कर, श्रीराम नाम का जयकारा लगाते हुए, कलश यात्रा निकालते हुए मेरा मन उनके सामने श्रद्धा से झुक गया। सब अवरोधों के बावजूद श्री राम मंदिर का निर्माण इन्ही की आशीषों से पूरा हुआ है जो जन्म जन्मांतर से यही कहते रहे कि हमारे ठाकुर का, हमारे राम का मंदिर बनवा दो जिसे बाबर ने 1528 में तुड़वाकर यहां एक विवादित ढांचा खड़ा कर दिया जिसके नींचे हिंदू मंदिर होने के सबूत अपनी गवाही देते रहे। जिसे आज़ादी के बाद भी सरकार ने स्वीकार नहीं किया।

जिन लोगों ने आजादी के बाद राम मंदिर निर्माण की नींव रखी उनमें केके नायर का नाम बड़ी इज्जत से लिया जाता है। जब 1949 में विवादित ढांचे में राम लला की मूर्ति अवतरित हुई और यह सूचना पंडित नेहरू तक पहुंची तो उन्होंने उस समय के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत को आदेश दिया कि इसकी जांच कराकर उन्हें विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री श्रीपंत ने इसका जिम्मा केके नायर को दिया।

श्री नायर ने रिपोर्ट दी कि हिंदू इस स्थान को राम जन्मभूमि मानकर पूजा करते हैं और मुस्लिम अवरोध पैदा करते हैं। श्री नायर ने यह भी कहा कि यहां विशाल राम मंदिर बनना चाहिए और मुसलमानों को अन्यत्र मस्जिद की जगह दे देनी चाहिए। इस रिपोर्ट के आधार पर श्री नायर ने ऑर्डर निकाल दिया कि मुस्लिम इस विवादित ढांचे से पांच सौ मीटर दूर रहें।

नायर ने मुख्यमंत्री के इस आदेश को मानने से इंकार कर दिया जिसके लिए उन्हें नौकरी से मुक्त कर दिया गया। हालांकि बाद में अदालत ने इस आदेश को निरस्त कर श्री नायर को बहाल कर दिया। इसके बाद तो कोर्ट कचहरी में तीस वर्ष तक संघर्ष का इतिहास तो वर्तमान में सभी ने देखा है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर निर्माण के पक्ष में 9 नवंबर, 2019 को निर्णय दिया और आज हम हिंदू आस्था का केंद्र, राम मंदिर, राष्ट्र मंदिर अयोध्या धाम की धरा पर देख पा रहे हैं।

स्वतंत्रता के बाद जितनी सरकारें आईं उन्होंने भारतीय संस्कृति, आस्था की कोई परवाह नहीं की। विश्व हिंदू परिषद ने रामजन्म भूमि आंदोलन की संरचना की और भाजपा ने इसे पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने इस मुद्दे को अपने चुनाव घोषणा पत्र में बार-बार जगह दी और न्यायालय के निर्णय के बाद इसके निर्माण में पूरा सहयोग दिया। अब जब राम मंदिर निर्माण पूरा हो गया है तो हमें लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, मुरली मनोहर जोशी, नरेंद्र मोदी, साध्वी ऋतंभरा, उमा भारती, जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य को भी स्मरण रखना चाहिए जिन्होंने इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। जी हां, अब मंदिर निर्माण तो हो गया लेकिन अब संकल्प लेने का भी समय है कि हम रामायण के सकारात्मक पात्रों की तरह जीवन जिएं और राम राज्य की स्थापना करने में सहयोग दें।

सोशल फोरम

राम एवं जनतांत्रिक मूल्य

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

राम को समझना अपने आप में न केवल एक नायक को समझना है वरन देश काल की सीमाओं से परे एक युगांतरकारी नायक को समझना है। राम ने पिता के वनवास का आदेश स्वीकार किया वह भी तब पूरा जनमानस राम के साथ था । यहां तक कि जिस भरत को राज्य दिया गया वह भी राम के साथ थे। यह वनवास आदेश की घटना दशरथ और राम दोनों के चरित्र के बारे मे बहुत कुछ कहती है। वह एक राजसत्ता का दौर था। प्रजा राजा को किसी वचन या भविष्य के किसी आश्वासन पर नहीं चुनती थी फिर भी दोनों के लिए वचन का महत्व था। वह जानते थे कि अगर वचन का पालन नहीं होगा तो प्रजा असंतुष्ट होगी। इसीलिए जब चित्रकूट में भरत राम को वापस चलने का आग्रह करते हैं तो राम पिता को दिए वचनों का हवाला देते हैं और सारे अयोध्या वासियों से कहते है कि पिता को दिए वचनों का पालन अनिवार्य है। राम के चरित्र पर दो सवालिया निशान खड़े किए जाते हैं। एक सीता की अग्नि परीक्षा का और दूसरा सीता के परित्याग का।

यह दोनों ही घटनाएं यह बताती हैं कि राम को प्रजा की सोच की और जनता में जा रहे संदेश की बहुत चिंता थी। राम को न तो कभी सीता के सत्व पर कोई आशंका थी और न ही राम और सीता के महान पारस्परिक प्रेम पर कोई सवाल है। संभवत राम उस परंपरा को खत्म करने पर आमादा थे और उसकी शुरूआत उन्होंने अपने ही प्रण से की। वह शत्रु को भी युद्ध के पहले समझा कर उसको युद्ध से रोकने का प्रयास अवश्य करते हैं पर उनका चरित्र एक सशक्त प्रतिरोध में यकीन रखता है। उनका नैतिक मूल्य खून खराबे में यकीन नहीं रखता। वह शांतिपूर्ण समझौते के पक्षधर हैं पर कभी वह ऐसा कोई संदेश जनता में देना नहीं चाहते कि उनकी शांतिप्रियता में कहीं से भी कायरता का अंश दिखे ।

राम ने किष्किंधा जीता, लंका जीती पर किसी का राज्य में न तो विलय किया न ही अधीनस्थ किया। वह राज्य की संप्रभुता के समर्थक थे। वह जाति व्यवस्था एवं समाज के सड़े गले मूल्यों में यकीन नहीं रखते थे। वह निषाद को कहते हैं कि तुम मेरे भाई भरत की तरह मुझे प्रिय हो। राम को समझना जनतांत्रिक मूल्यों को एक नए सिरे से समझना भी है।

-फेसबुक वॉल से

दुर्लभ जीवों का अयोध्या में प्रकट होना अच्छा संकेत



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> इन संपूर्ण परिस्थितियों का विहंगम अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि अयोध्या रामायण काल से भी पहले से समृद्ध प्राकृतिक संपदा वाला क्षेत्र रहा है। आज भी तो कमोवेश वैसी ही भौगोलिक परिस्थितियां वहां मौजूद है।

अयोध्या में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के रामभक्तों में भी हर्ष छाया हुआ है। हम जानते हैं कि जब हम मन से प्रसन्न होते हैं तो हमें संपूर्ण प्रकृति ही मुस्कुराती और गुनगुनाती सी महसूस होती है। ऐसी स्थिति में यदि कोई सुखदायक संकेत या अनपेक्षित शुभ लक्षण दिखाई दे जाए तो फिर कहना ही क्या।

इस समय अयोध्या में उत्साह और उमंग अपने चरम पर है। अतः प्रकृति की मुस्कराहट और खिलखिलाहट भी बढ़ गई है। किसी भी स्थान पर जैव विविधता की समृद्धि भी एक अच्छा संकेत ही तो है। लुप्तप्राय गिद्धों और कुछ अन्य जीव जंतुओं का अयोध्या क्षेत्र में पधारना रामभक्तों के साथ-साथ पर्यावरण प्रेमियों के लिए भी सुखदायक समाचार है। दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में मिल्कीपुर तहसील के खंडासा थाना क्षेत्र के धरौली गांव के आसपास स्थित बागों में दर्जनों गिद्धों के झुंड दिखायी पड़े थे। रामभक्त इस घटना को जटायु व सम्पाती के वंशजों के आगमन के रूप में देख रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही भी आरंभ कर दी थी। इसी समय अयोध्या में जामवंत के वंशजों- भालुओं के आने के समाचार भी प्राप्त हुए थे, साथ ही नागलोक का प्रतिनिधित्व करने के लिए नागों के पधारने के अपुष्ट समाचार भी प्राप्त हुए हैं। भालुओं व नागों के आगमन के समाचारों की पुष्टि तो नहीं हो सकी है किन्तु यहां दुर्लभ जीव जंतुओं के प्रकट होने का क्रम चलता रहता है। जनवरी 2023 में केवल 15 दिनों के अंतराल में ही मिल्कीपुर क्षेत्र में दर्जनों अजगर दिखाई पड़े थे। स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में अजगरों का समृद्ध निवास है। वनकर्मियों ने उन्हें रेस्क्यू किया था, उनका कहना था कि सर्दी के मौसम में अजगर धुप सेंकने के लिए बाहर निकल आते हैं। इसीलिए ये अजगर दिखायी पड़े हैं।

दरअसल रामायण काल से ही अयोध्या की भौगोलिक स्थितियां ऐसी हैं कि यहां समृद्ध जैवविविधता पनपती है। यह एक ग्रामीण संस्कृति वाला जिला है। इसमें कुल 1272 गांव हैं, शुद्ध खेती योग्य भूमि 171000 हेक्टर है जिसमे ऐसी फसलें उगाई जाती हैं जो कि जैव विविधता के दृष्टि से अनुकूल हैं। अयोध्या के पास स्थित सुनवा व टिकरी के जंगल जैव विविधता की दृष्टि से अति समृद्ध हैं। अयोध्या से मात्र 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित समदा झील भी जैव विविधता के मामले में अग्रणी है। मान्यता है कि यह झील भगवान श्रीराम के समय से ही अस्तित्व में है पहले यहां समदा नदी बहती थी। राम के युग से पूर्व ही यह नदी सूख गई थी, उसके अवशेषों के रूप में यह झील अस्तित्व में आयी थी। यहां दुर्लभ वनस्पतियों एवं स्वदेशी और विदेशी पक्षियों व अन्य जीव जंतुओं के आवास हैं।

इन संपूर्ण परिस्थितियों का विहंगम अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि अयोध्या रामायण काल से भी पहले से समृद्ध प्राकृतिक संपदा वाला क्षेत्र रहा है। आज भी तो कमोवेश वैसी ही भौगोलिक परिस्थितियां वहां मौजूद है। इसलिए जैव विविधता के मामले में रामराज्य की स्थापना कोई असंभव कार्य तो नहीं है, हां चुनौतीपूर्ण कार्य अवश्य है। इसी चुनौती को यहां बड़े पैमाने पर हावी लकड़ी माफिया प्रस्तुत कर रहे हैं। साथ ही खेतों में रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग भी समस्या को और भी बढ़ा रहा है। स्पष्ट है कि अयोध्या एवं आसपास के क्षेत्र में रामायण कालीन दुर्लभ जीव जंतुओं का प्रकट होना कोई चमत्कार नहीं है अपितु एक सुखद संयोग या फिर शुभ संकेत ही है। आने वाले समय में जबकि अयोध्या में बड़ी संख्या में धार्मिक पर्यटक पधारेंगे तब वहां कि गतिविधियों को इकोफ्रेंडली बनाए रखना भी जरुरी है। अयोध्या को जैव विविधता की दृष्टि में रामायण कालीन स्थिति को प्राप्त कराना हम सभी का स्वप्न होना चाहिए, और इसी दिशा में हम सभी को अपनी क्षमता भर प्रयास भी करना चाहिए।

आपका पत्र

मील का पत्थर

'रामोत्सव विशेषांक', 'अमृत विचार' की अद्यतन सतत व नियमित यात्रा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अस्तु एक संग्रहणीय अंक है। (हालांकि सामान्यतः दैनिकों के अंकों के साथ, 'संग्रहणीय', या 'संग्रहेय' जैसी चीज की नियति कम होती है।)

विरले प्रकरणों पर ही ऐसे विशेषांक प्रकाशित हुआ करते हैं। इस प्रयास की गणना भी प्रकारान्तर से, 'प्राण प्रतिष्ठा' कर्मकांड के क्रियाकलापों के अंतर्गत ही की जाएगी। आपकी टीम इस ऐतिहासिक कार्य के लिए बधाई की पात्र है। सभी स्तरीय एवं प्रामाणिक आलेख आकर्षण के साथ छापे ही गए है, विज्ञापन आदि आनुषंगिक सामग्री को भी बहुत करीने के साथ लगाया गया है। मैं डिजाइनर को हृदय से बधाई देता हूं। काश! मैं भी कुछ शब्द रूपी पुष्पों से 'रामोत्सव विशेषांक' में सहयोग कर पाता। एक बार पुनः बधाई देता हूं।

-ओमप्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत।

एक नजर

जनेश्वर मिश्र को हमेशा याद करती रहेगी सपा

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां के पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की चौदहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। गोष्ठी में उनके विचारों एवं व्यक्तित्व की चर्चा की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट हो जाएं। पार्टी का प्रत्याशी जो भी हो, उसे ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाकर सांसद बनाने का काम करें। इस दौरान वीरेश यादव, जबर सिंह यादव, राजेश यादव, आरिफ खां, इमरान खान आदि रहे।

मुनीम कॉलोनी में भंडारा और सुंदरकांड पाठ हुआ

बबराला अमृत विचार : खाटू श्याम मंडल के सदस्यों ने मुनीम कॉलोनी में भंडारा किया। सुंदरकांड का पाठ भी हुआ। इस दौरान राजू, गोविंद वार्ष्णेय, विनोद कुमार वार्ष्णेय, सुंदरकांड सेवा समिति के भरत लाल योगेंद्र भगतजी, यशपाल वार्ष्णेय, मनोज कुमार वार्ष्णेय, रिंकू यादव, रमन कुमार कुमार आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में रामलला के विराजते ही भावुक हुए भक्त, छलके आंसू

टीवी पर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देख रहे श्रद्धालु अनुष्ठान शुरू होते ही हाथ जोड़कर खड़े हो गये

भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार: अयोध्या में जन्मभूमि पर भगवान रामलला के विराजने का कई पीढ़ियों का सपना साकार हुआ तो हाथ जोड़कर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान देख रहे कई राम भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े। वहीं कुछ खुशी से नाचने लगे। माहौल ऐसा राममय हुआ कि कल्कि नगरी संभल जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंज उठी।

सोमवार की सुबह तमाम हिंदू परिवारों की दिनचर्या एक जैसी ही थी। लोगों ने स्नान के बाद घर में सुंदरकांड का पाठ किया। कुछ लोगों ने मोबाइल पर सुंदरकांड सुना। इसके बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखने के लिए लोग टेलीविजन के सामने बैठ गये। शहर में आधा दर्जन जगहों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था तो वहां भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। राम भक्तों का वह सपना साकार होने जा रहा था जिसे पांच सौ साल से उनकी पीढ़ियां देखती आ रही थीं। दोपहर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या राम मंदिर में प्रवेश के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू हुआ तो हाथ जोड़कर खड़े हो गये। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला की पहली छवि स्क्रीन पर दिखाई दी तो राम भक्त भाव विह्वल हो गए। मोहल्ला ठेर पर स्क्रीन के सामने खड़े होकर रामलला को देखते ही अस्सी साल के सूरजभान की आंख से आंसू गिरने लगे। सरथल पुलिस चौकी पर स्क्रीन के सामने खड़े 70 साल के संतू का भी कुछ ऐसा ही हाल था। सूरजभान व संतू की तरह हजारों रामभक्तों की आंख से अश्रु धारा बही।

एलईडी स्क्रीन के सामने हाथ जोड़कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखते श्रद्धालु।

- मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का पहला दर्शन पाते ही हुए भावुक, जय श्री राम के जयकारों से गूंजा शहर

रामलला के विराजते ही गूंजे जय श्री राम के जयकारे

संभल, अमृत विचार : अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूरा होते ही जब मंद मुस्कराते रामलला की प्रतिमा की छवि टेलीविजन पर आई तो नुक्कड़ चौराहों के साथ ही घरों से भी जय श्री राम के जयकारों की आवाज सुनाई देने लगी। कुछ लोगों ने शाम को दीपावली से पहले दोपहर को एक दूसरे को रंग लगाकर रामलला के विराजने की खुशी मनाई।

कल्कि मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए डीएम, एसपी

संभल, अमृत विचार : प्राचीन श्री कल्कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी एलईडी लगवाई गई। डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी श्रीश चंद्र, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, सीओ अनुज कुमार चौधरी, ईओ नगर पालिका रामपाल सिंह समेत कई अधिकारी मंदिर पर पहुंचे। श्रद्धालुओं के साथ ही अधिकारियों ने भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण एलईडी पर देखा। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, गोपाल शर्मा, शोभित गुप्ता, कुलदीप कुमार गुप्ता, गगन वार्ष्णेय व श्रद्धालु मौजूद रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने देखा अयोध्या कार्यक्रम का प्रसारण

संभल/ओबरी अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के लिए संभल-जोया मार्ग पर मनोटा में ब्लाक के अधिकारियों ने बड़ी एलईडी लगवाई। जिसपर अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दिखवाया गया। श्रीराम नाम में आस्था रखने वाले लोगों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को देखा। इतना ही नहीं, मार्ग से गुजर रहे लोगों ने वाहन रोक कर ऐतिहासिक पल को देखा। इस दौरान एडीओ पंचायत सुनील कुमार, सचिव रोहिताश, सतपाल सिंह, कुनाल, पुष्पेन्द्र सिंह, रमन सिंह, सतेन्द्र, तौफीक अहमद, रनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

बबराला में लाइव प्रसारण कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

धार्मिक अनुष्ठान व भंडारों में जुटे लोग, देखा प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर समेत पूरा क्षेत्र राममय हो गया। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाकर सोमवार को सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। लोगों ने घर द्वार को सजाया था। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भंडारे हुए। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की।

रेलवे स्टेशन के बाहर राम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का लाइव प्रसारण देखने के लिए बड़ी एलईडी लगाई गई। जहां लोगों ने कार्यक्रम को देखा। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भंडारे हुए। नगर पंचायत की ओर से मुख्य बाजार को विद्युत झालरों से सजाया गया और सड़क के बीच बने डिवाइडर को भगवा रंग में रंग कर उस पर रंगोली भी सजाई गई।

संभल में जुलूस निकालकर जय श्री राम का जयघोष लगाते युवा। ● अमृत विचार

संभल के कैला देवी में शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

हल्लू सराय में यज्ञ में आहुतियां देकर आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गुमसानी में कई जगह हुए भंडारे, निकाली शोभायात्रा

संभल/ओबरी अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में जगह-जगह भंडारे हुए। हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई।

युवाओं ने आतिशबाजी की। इस दौरान ठाकुर रितिक राजपूत, राजीव राघव, अंकित सिंह, गौरव सिंह, सुखवीर सिंह, मिंटू ठाकुर, आकाश, सुनील, समरपाल, राहुल पाल आदि रहे।

राममय हुई श्री कल्कि नगरी दीपों की रोशनी से जगमग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री कल्कि नगरी संभल में उल्लास के बीच हरेक मुहल्ले गली में विशेष सजावट के साथ ही भगवा ध्वज लहराते रहे तो युवाओं की टोली भगवा ध्वज लेकर निकली और जय श्रीराम के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। शाम को शहर दीपों और बिजली की झालरों की रोशनी से जगमग हो गया।

संभल में सोमवार को सुबह से ही लोगों ने श्रीराम का जयघोष शुरू किया। शहरी क्षेत्र में हरेक मुहल्ले और गली में विशेष सजावट करते हुए भगवा ध्वज लहराने लगे तो मंदिरों पर विशेष सजावट करने के साथ ही भजन गूंजने लगे। शहर के मुहल्ला ठेर, आर्य समाज रोड, कोट पूर्वी, शंकर इंटर कॉलेज चौराहा, बरेली सराय, पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग, हल्लू सराय तिराहा, शहजादी सराय में भंडारों का आयोजन हुआ। सरायतरीन और हयातनगर में मंदिरों के अलावा विभिन्न स्थानों पर भंडारों का कार्यक्रम रहा। श्रद्धालुओं को सब्जी, पूरी, हलवा और चाय का प्रसाद वितरित किया जाने लगा। आलम यह रहा कि हरेक गली मुहल्ले में भंडारे हुए।

सरायतरीन में शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संभल के कल्कि मंदिर में अनुष्ठान में शामिल डीएम मनीष बंसल व अन्य श्रद्धालु।

- श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर मुहल्ले और गली में हुई सजावट
- भगवा ध्वज लेकर निकले युवाओं ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे
- गूंजते रहे भजन तो भंडारों में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

मनी दीपावली, रोशनी से नहाया शहर

संभल, अमृत विचार : दिन में धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे व जुलूस जैसे कार्यक्रमों के बाद शाम को संभल में दीपावली मनाई गई। घरों व मंदिरों पर दीपक जलाये गये। इसके साथ ही बिजली की झालरों से भी रोशनी की गई। युवाओं ने आतिशबाजी जलाकर अयोध्या में भगवान रामलला के विराजने की खुशी मनाई। देर रात तक शहर में आतिशबाजी की आवाजें गूंजती रहीं।

पैदल और बाइकों से निकले युवाओं ने लगाए जयकारे

संभल, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह नजर आया। सुबह से ही युवाओं की टोली श्रीराम का जयघोष कर रही थी। पैदल और बाइकों से निकले युवाओं के साथ भगवा ध्वज पर भी रहे, जिन पर भगवान श्रीराम की आकृति बनी थी। युवाओं ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि अयोध्या मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। युवाओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बनाया।

भगवा गुब्बारों और ध्वज से सजे बाजार

संभल, अमृत विचार : शहर में व्यापारियों ने भी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजारों को आकर्षक तरीके से सजाने का काम किया। मेंथा बाजार, सर्राफा बाजार, सरथल चौकी पर हर तरफ भगवा गुब्बारे और ध्वज के नजारे दिखे। मुख्य बाजार से शंकर इंटर कॉलेज चौराहा तक सजावट की गई। सरायतरीन और हयातनगर के बाजारों में भी सजावट रही। जगह-जगह भजनों पर लोग झूम रहे थे।

गुन्नौर में जगह-जगह हुए भंडारे और अनुष्ठान

गुन्नौर अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गुन्नौर क्षेत्र में जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। सोमवार को कस्बा और देहात क्षेत्र में घरों एवं गलियों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान किए। कहा कि इस दिन का सैकड़ों वर्षों से इंतजार था जो आज पूरा हो गया। भंडारों में प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने शाम को दिवाली मनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया।

कलाकारों ने रंगोली से बनाई श्रीराम मंदिर की आकृति

बबराला अमृत विचार : बबराला में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम किया। कलाकारों ने रंगोली के माध्यम से श्रीराम का मंदिर बनाया और कलाकृतियां से अपने भाव प्रकट किए। कलाकारों ने दीये जलाकर खुशी मनाई। तनीषा राजपूत, मिस्टी राजपूत, पीहू वर्मा, सुहानी, नव्या वर्मा, नंदिनी, संजना यादव, गुंजन यादव, प्रवेश यादव आदि को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के प्रबंधक योगेंद्र राजपूत, संस्कृति उत्सव की नोडल संयोजक ममता राजपूत आदि रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में हुए भजन और भंडारे, सजे मंदिर

संभल/ओबरी, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव ऐंचौड़ा कम्बोह, पाली, सतुपुरा, पेली, भवालपुर, नंदपुर बीटा, सेवड़ा आदि में मंदिरों को सजाया गया। रामायण पाठ, हवन, सुंदरकांड आदि करके भंडारे आयोजित कराए गए। जिनमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गांव सेवड़ा जसरथ नगला में सात दिन से चल रहे अखंड रामायण पाठ और हवन कीर्तन के बाद सोमवार को श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी, एडीओ सुनील कुमार, सचिव विनीत चौधरी, रंजीत सिंह, सुभाष चन्द्र शर्मा, बाबा श्याम नारायण भर्ती, पंडित तुलाराम शर्मा, चंद्रपाल, अंशुल चाहल, ऋषिपाल, कल्याण सिंह, रोहताश शर्मा, विपिन शर्मा, रामौतार शर्मा, मुकेश, मनोज, हरित, विजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

रामलला के विराजने पर कार सेवकों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर संभल में श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति द्वारा भंडारा किया गया। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी एलईडी से देखा गया। कार सेवकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

संभल के आर्य समाज रोड पर स्थित श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति और स्थानीय लोगों द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों को प्रसाद वितरित किया। आर्य समाज रोड पर एलईडी लगाकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी देखा गया। मौजूद लोगों ने कार्यक्रम देखकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। आतिशबाजी छोड़कर जश्न मनाया और एक दूसरे को बधाई दी। इसके बाद स्थानीय लोगों और श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के सदस्यों ने कार सेवकों को पटका और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विवेक गोयल आलेश गुप्ता, उमेश गर्ग ओम प्रकाश गोयल, अतुल अग्रवाल, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर, अमित अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, हितेश मिश्रा, गोपाल शर्मा आदि रहे।

कार सेवकों को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अलर्ट मोड पर रही पुलिस, अधिकारियों ने किया भ्रमण

संभल, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संभल में पुलिस सतर्क मोड पर रही। विभिन्न स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी तो अधिकारियों ने भ्रमण किया। डीएम और एसपी ने भी सुरक्षा इंतजामों को देखा। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने संभल पहुंचकर भ्रमण करते हुए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। आला अधिकारियों ने कई बिंदुओं को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए। एएसपी श्रीश चंद्र, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार आदि भी भ्रमण करते रहे।

सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र अहसान गलत संगत में पड़ गया हैं। वह आये दिन मुझसे व परिवार के सभी सदस्यों के साथ गाली गलौच, मारपीट, झगड़ा-फसाद करता रहता है। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र अहसान को अपनी चल-अचल संपत्ति से वेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। इसके द्वारा किये गये कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा। शकील अहमद पुत्र कलवा निवासी ग्राम - गढ़ी तहसील /थाना - काँठ जिला मुरादाबाद (उ0प्र0)

सिरसी में निकली रैली हुआ भंडारा

संभल/सिरसी अमृत विचार : सिरसी में श्रीराम भक्तों ने रैली निकाली। दुर्गा मंदिर से शुरू हुई रैली संभल-मुरादाबाद मार्ग से होते हुए पहले बाजार, मुहल्ला वाल्मीकि, मुहल्ला कश्यप, स्टेशन रोड से शिव मंदिर पहुंची। जहां भंडारे का आयोजन किया गया था। यहां से रैली चामुंडा मंदिर, मुहल्ला कन्नौजियान, मुहल्ला चौधरियान से होती हुई वापस दुर्गा मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान आदित्य वीर सागर, हर्षित रस्तौगी, विमल सैनी, राहुल, मनोज कुमार, बंटी, कृष्णा वाल्मीकि, चरन सिंह, अनिल, आर्यवीर, सूरज, सोमवीर, रामबाबू, विजय, पूरन, संजय पाल आदि रहे।

ग्रामीण अंचलों में भी रहा उल्लास का माहौल, निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, बनियाठेर/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार: अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्रभु राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्रामीण अंचलों में भी उल्लास का माहौल रहा। मंदिरों को गुब्बारों व रोशनी से सजाया गया और प्रभु श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। कुढ़फतेहगढ़ के गांव दियौरा खास स्थित शिव मंदिर, मां बगिया वाली देवी मंदिर तथा धुबिया शिव मंदिर की सजावट कर दीप जलाए गए। श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। लल्लू सिंह, जगन्नाथ सिंह, महावीर सिंह, रनवीर सिंह, जुगल किशोर शर्मा, मनोज दिवाकर, पूरन सिंह, अभिषेक शर्मा, मनवीर सिंह आदि ग्रामीण शामिल रहे। वहीं रीठ गांव में भी शिव मंदिर से श्री राम की शोभायात्रा निकाली। केपी पाल, हरपाल सिंह, राधेश्याम चंद्रवंशी, देवी सिंह दिवाकर आदि शामिल रहे। जहांगीरपुर में चामुंडा देवी मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ हुआ। राजपाल सिंह मौर्य, पप्पू भटनागर, जमुना प्रसाद आदि शामिल रहे। गांव धूमनगर में हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। रमेश चंद्र शर्मा, शरद शर्मा, नवनीत शर्मा, कन्हई लाल शर्मा थे। मल्हपुर भवानी में भी श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। खेमपाल सिंह, लाल सिंह, राय बहादुर आदि थे। उधर बनियाठेर के गांव भुलाबई में राम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। डीजे पर श्रद्धालु झूम रहे थे। नगर पंचायत नरौली में नितिन सिंह व चमन सैनी के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शनिवार वाली बाजार से शुरू होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। इस अवसर पर दिव्य प्रताप सिंह, राजा शर्मा, संजीव राघव, राजेश राघव, रामबाबू शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, अनुज गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि रहे। पुलिस मुस्तैद रही। उधर गांव गुमथल स्थित मंदिर में हवन कर आयोजन कर वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी गईं। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कस्बा नरौली में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गांव गुमथल में हवन में आहुतियां देते लोग। ● अमृत विचार

- मंदिरों को गुब्बारों व रोशनी से सजाया गया, दीप भी जलाए गए
- शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं

एक नजर

धूमधाम से निकाली राम विजय यात्रा

चन्दौसी, अमृत विचार : अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मन्दिर के भव्य उद्घाटन पर श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर विजय यात्रा बारहसैनी धर्मशाला से धूमधाम से निकाली गई। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने राम दरबार की आरती कर शुभारंभ किया। ट्रस्ट द्वारा मुख्य अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राम विजय यात्रा बारहसैनी धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामबाग धाम पर पहुंच कर संपन्न हुई। वहां मंदिर श्री राम दरबार में महाआरती का हुई और मंदिर परिसर में हजारों दीयों द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रेमकिशोर गुप्ता, रवि पत्थर वाले, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, सुशील वार्ष्णेय, अशोक फैंसी, अमरीश बाबू, अमित केएस, प्रकाश चंद्र, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, आशीष वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, मोहित थैली, राकेश आर्य, अंकित वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय,संजय वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेयकौशल किशोर वंदेमातरम,आदि का सहयोग रहा।

विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे मोदी

बहजोई, अमृत विचार : भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया गया।नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में नया बाजार रामलीला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन राजेश शंकर राजू व सफाई कर्मचारी आयोग की पूर्व सदस्य मंजू दिलेर ने फीता काटकर किया। इसके बाद भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने का लाइव प्रसारण दिखाया गया। राजेश शंकर राजू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचा कर उनका जीवन स्तर उठाने का काम किया है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, आधार रस्तोगी, वैभव शंकर, अमित मोदी, मीनू वार्ष्णेय, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, ऋषि वार्ष्णेय, राधा दिलेर, चिराग वार्ष्णेय, बबीता शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 16 पर भी

मोहल्ला बारहसैनी में दीपोत्सव मनाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

चन्दौसी में आतिशबाजी करते राम भक्त। ● अमृत विचार

श्रीराम की पूजा-अर्चना कर घरों के बाहर दीप जलाए

शहर को बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों की झालर व गुब्बारों से सजाया, मंदिरों में हुए धार्मिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर को सजाया गया। बाजारों, कालोनियों व गली-मुहल्लों में बिजली की झालर व गुब्बारों लगाए गए थे। मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। घरों में श्रीराम की पूजा-अर्चना की । शाम को घरों के बाहर दीपक जलाए कर आतिशबाजी की गई।

सोमवार को अयोध्या में विधि विधान से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ। जिसकी खुशी में बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट, ब्रह्म बाजार, बिसौली गेट, शक्ति नगर, स्टेशन रोड, आवास विकास कॉलोनी, अक्रूरजी पुरम, सीता रोड, घंटाघर, फड़याई बाजार, घास मंडी आदि बाजारों को बिजली की झालर व रंग-बिरंगे व भगवा रंग के गुब्बारों से सजाया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी । शाम होने पर लोगों ने दिवाली मनाई और घरों व प्रतिष्ठान पर दीपक व मोमबत्तियां जलाईंऔर अपने ईष्ट देवता श्रीराम का विधि विधान से पूजन किया या। शाम को मंदिरों में महाआरती हुई। सीता रोड स्थित रघुनाथ मंदिर में श्रीराम दरबार सजाया गया और भंडारा हुआ। वहीं सीता रोड पर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मोती मोहल्ला स्थित राधाकृष्ण मंदिर में सुंदर कांड पाठ किया । जिसमें महिलाओं ने चौपाइयों का वाचन किया।

रघुनाथ मंदिर के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मोहल्ला मोती में सुंदरकांड का पाठ करती महिलाएं। ● अमृत विचार

कई स्थानों पर हुए भंडारे, की आतिशबाजी

चन्दौसी, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहर में कई स्थानों पर सीता रोड, गोशाला रोड, आवास विकास, स्टेशन रोड, घास मंडी, घंटाघर, खुर्जा गेट, ब्रह्म बाजार, सीता रोड अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार की शाम शहर में दिवाली मनाई गई। लोगों ने परिवार के साथ आतिशबाजी की और भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की एक-दूसरे को बधाई दी।

हनुमान मंदिर में किया सुंदर पाठ

संभल, अमृत विचार : विकासखंड क्षेत्र के गांव शरीफपुर में सोमवार की शाम पांच बजे अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ग्रामीण गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। हनुमान मंदिर में पंडित राजीव शर्मा ने सुंदर कांड का पाठ व हवन किया। हवन में आहूति देकर ग्रामीणों ने देश में शांति की भगवान से राम से प्रार्थना की और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान हरस्वरुप शर्मा, चमन शर्मा, भुवनेश शर्मा, मास्टर राजवीर सिंह, गुरमीत, हर्ष शर्मा, राजवीरी, महावीर विश्वकर्मा, आकाश, केहर सिंह, नित्या, मनोज, सतवीर सागर आदि मौजूद रहे।

पंजाबी सभा मंदिर से महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा मोहल्ला कागजी, मुरादाबाद गेट, फव्वारा चौक, बड़ा बाजार, हुसैनी बाजार होते हुए पुन: मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। रविवार से मंदिर परिसर में चल रहे श्री अखंड रामायण का सोमवार की दोपहर समापन किया गया। इसके उपरांत मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सतीश अरोरा, अशोक शर्मा, पूनम अरोरा, मधु बोहरा, प्रियंका आहूजा, एकता वार्ष्णेय, नेहा बजाज, सीता खुराना, आरती अरोरा, प्रियंका, प्रिंसी मग्गो, मीना अरोरा, रमा शर्मा, माला नारंग, पुष्पा खत्री, सुमित्रा आहूजा, वरण अरोरा, मंजू अग्रवाल, रेनू रस्तोगी आदि रहे।

पंजाबी मंदिर से कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

नवनिर्मित मंदिर में देव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा में शामिल मूर्तियां।

नवनिर्मित मंदिर में हुई देव मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ विधि विधान से हुआ पूजन, हवन में दी गईं आहुतियां

अमृत विचार: नगर के रामबाग धाम रोड स्थित अक्रूरजीपुरम में नवनिर्मित मंदिर में देव मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

सर्व प्रथम मंदिर में शिव परिवार, राम दरबार, काली माता, दुर्गा माता, शीतला माता, हनुमान जी, शनिदेव की मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया। खास बात ये कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य भोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं व पुरुष हाथों में श्री राम के भगवा झंडे लहराते हुए जयकारे लगा रहे थे। सिंहासन पर विराजमान देव मूर्तियों के आगे भजनों पर नृत्य कर रहे थे। नगर भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में देव मूर्तियों का विधि विधान से पूजन हुआ और हवन में आहुतियां दी गईं। तदोपरांत मंदिर में देव मूर्तियों को स्थापित किया गया। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ कमाया। ओमप्रकाश गुप्ता ओमी लाला ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कपिल गुप्ता, सौरभ कुमार, मोहित, दीपक गोयल, सत्तन वार्ष्णेय, टीटेश काका, कौशल किशोर, सोनू गुप्ता, सोने पंडित, दीपमाला, सिमरन, रेनू, बीना, सोनम, रागिनी गुप्ता आदि श्रद्धालु थे।

शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, नीलेश यादव व भाजपा नेता वीरेंद्र यादव। ● अमृत विचार

श्रीराम की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार :श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर असमोली में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। झांकी को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आतिशबाजी भी की गई।

असमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने श्रीराम का तिलक करके शोभायात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की महाआरती भी की गई। यहां भाजपा नेता वीरेंद्र यादव भी मौजूद रहे। झांकी सरस्वती शिशु मंदिर से संभल-जोया मार्ग होते हुए शिव मंदिर पर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस बीच झांकी को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई। रास्ते में जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान महीपाल सिंह यादव, सर्वेश यादव, नरेश यादव, प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शर्मा, कौशल, योगेश कुमार, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पहले कराए भगवान राम के दर्शन

चन्दौसी , अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर यहां निजी नर्सिंग होम में लघु राम मंदिर बनाया गया है। सोमवार को गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पहले भगवान राम के दर्शन कराए । सुभाष रोड स्थित आशी नार्सिंग होम की डॉक्टर वंदना सक्सेना ने बताया कि श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्होंने शिशु कक्ष को भगवा रंग से सजाया है। साथ ही नवजात कक्ष में एक लघु भगवान श्री राम का मंदिर भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हिन्दू गर्भवतियों को प्रसूति से पूर्व श्री राम की पूजा कराई जा रही है । बताया, कि अस्पताल में सोमवार को छह बच्चों का जन्म हुआ जिनमें तीन लड़के हैं। उनके नाम राम के नाम पर रखे गए हैं। साथ ही कन्याओं के नाम जानकी और सीता रखे हैं। शिशु के पिता मान सिंह ने बताया, कि आज उनके घर बेटे के रूप में भगवान राम आए हैं।

रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी में दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ पुलिस ने शनिवार की शाम होटल से हिरासत में लिए थे 14 युवक

▸▸ पुलिस पूछताछ में युवकों ने किया था ठगी का खुलासा

अमृत विचार: रेलवे में नौकरी लगवाने के लिए जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश से बुलाए गए युवकों ने दो आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शनिवार की रात युवकों को मालगोदाम रोड स्थित एक होटल से हिरासत में लिया था।

शनिवार को सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने पुलिस के साथ होटलों में चेकिंग की थी। पुलिस ने मालगोदाम रोड स्थित बीआर होटल से 14 लोगों को हिरासत में लिया । वे जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे।

इस पर पुलिस अधिकारियों ने युवकों से जब पूछताछ की तो मामला ठगी का निकला। युवकों ने बताया कि दो व्यक्तियों ने 13-14 युवकों को रेलवे में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर चन्दौसी बुलाया था। मगर ज्वाइनिंग लेटर से पहले युवकों से हजारों रुपये भी ले लिए थे। मगर आरोपी निशांत शर्मा व संजय ज्वानिंग लेटर नहीं दे रहा था।

युवक कई दिन से होटल में रह रहे थे। पुलिस ने अमर सिंह उर्फ अमन पुत्र ज्ञान सिंह निवासी छन खत्रियान थाना हीरानगर जिला कठुआ, जम्मू कश्मीर की तहरीर पर निशांत शर्मा निवासी नगरौटा बंगुआ थाना नागरोटा बागवान, जनपद कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश व संजय निवासी कांगडा, हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सार-संक्षेप

सूने मकानों को निशाना बना रहे चोर

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छाबड़ा में चोर सूने पड़े मकानों को निशाना बना रहे हैं। पांच तीन में तीन वारदातों को अंजाम देकर चोरों ने जेवर समेत हजारों का माल चोरी कर लिया। पीड़ित ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी देते हुए तहरीर दी है। गांव छाबड़ा निवासी साधुराम पुत्र बेनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह हरियाणा में परिवार के साथ रह कर मजदूरी करता है। 17 जनवरी की रात चोरों ने मुख्य द्वार का कुंडा उखाड़ लिया और सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब, हसली, खड़ुआ व पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। वहीं इसी रात चोर बाबूराम पुत्र तुलाराम के सूने मकान के ताले तोड़ कर चांदी के जेवर समेत पीतल के बर्तन ले गए। घटना के वक्त बाबूराम पत्नी का इलाज कराने चंडीगढ़ गया हुआ था। उधर नेपाल पुत्र नत्थूलाल ने बताया कि वह बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर पर ताला लगा था। 20 जनवरी की रात चोरों ने ताला तोड़ कर सोने का टीका, चांदी के आभूषण , हस्तफूल समेत 70 पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए।

गंधक पोटाश पीसते समय धमाका,झुलसा किशोर

संभल/मनोटा, अमृत विचार :चौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में पत्थर पर गंधक पोटाश पीसते समय तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। जिससे पत्थर के दो टुकड़े हो गए और किशोर बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने झुलसे किशोर को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।थाना क्षेत्र के गांव सेबड़ा जसरथ नगला निवासी नेमपाल सिंह का बेटा कामेश उर्फ पुष्पेंद्र (15 वर्ष) कक्षा आठ का छात्र है। कामेश ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में आतिशबाजी करने का मन बनाया। कामेश गंधक पोटाश को हथौड़ी में भरकर धमाका करना चाहता था। कामेश गंधक पोटाश को पत्थर (सिल) पर पीसने लगा। गंधक और पोटाश के एक साथ पीसने पर अचानक तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। पत्थर के दो टुकड़े हो गए तो कामेश बुरी तरह झुलस गया। धमाके की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आनन फानन में कामेश को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किशोर की हालात स्थिर बताई जा रही है।

छुट्टा पशु से टकराई बाइक,फार्मासिस्ट गंभीर घायल

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई सीएचसी से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे ट्रेनी फार्मासिस्ट की बाइक छुट्टा पशु से जा टकराई। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया।बहजोई सीएचसी पर गांव बहरौली निवासी अखिलेश फार्मासिस्ट की ट्रेनिंग कर रहा है। वह बहजोई सीएचसी से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी कर घर लौट रहा था। पुलिस लाइन के सामने उसकी बाइक के आगे छुट्टा पशु आ गया। जिससे उसकी बाइक जा टकराई। जिससे अखिलेश गंभीर रूप से घायल होगा। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल फार्मासिस्ट को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया।

घायल अवस्था में पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर के पास रास्ते में सोमवार की शाम पांच बजे एक अज्ञात व्यक्ति नशे की हालत में घायल पड़ा हुआ था। घायल व्यक्ति को देखकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन व्यक्ति अपना नाम पता नहीं बता सका। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से लोहे के पाइप चोरी

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में खेतों पर लगे ग्रामीणों के आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से चोरों ने रविवार की रात लोहे के पाइप चोरी कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर नवादा के जंगल में फसलों की सिंचाई करने के लिए लगे ग्रामीणों के आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से रविवार की रात चोरों ने लोहे के पाइप चोरी कर लिए। सोमवार की सुबह ग्रामीण सर्वेश सैनी, रामप्रसाद सैनी, आशा सैनी, सुलेख शर्मा, भूदेव शर्मा, सर्वेश, विजेंद्र और प्रताप सिंह काम करने खेत पर पहुंचे। देखा तो नलकूप पर लगा पाइप गायब था। ग्रामीणों ने आसपास के खेतों में तलाश की, लेकिन नलकूप के पाइप का पता नहीं चला।

राज्यमंत्री गुलाब देवी व भाजपा जिलाध्यक्ष को सम्मानित करतीं ब्लॉक प्रमुख।

प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण लोगों को एलईडी पर दिखाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विकास खंड बनियाखेड़ा में अयोध्या से श्रीराम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसारण एलईडी के माध्यम से लोगों को दिखाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी मनीष बंसल, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित किए। राम मंदिर निर्माण के दौरान कारसेवकों रामौतार शर्मा, कन्हैया लाल, यज्ञदत्त शर्मा को रामचरित मानस भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लोगों को अतिथियों ने कंबल वितरित किए। इस अवसर पर रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह, शिवेंद्र सिंह, कमल कांत सिंह, राजकुमार यादव, राजीव लोचन, शोभित राजा, शरद शर्मा, विनोद कुमार, सतीश अरोरा, चंद्रसेन दिवाकर आदि रहे।

बहजोई में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में शनि नवग्रह मंदिर से कलश यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसका शुभारंभ नागरिकों ने भगवान श्री राम की महा आरती के साथ किया।

कलश यात्रा में सबसे आगे महिलाएं सिर पर कलश लेकर भगवान श्री राम का जय घोष करते हुए चल रही थी। वहीं नागरिक अपने हाथों में धर्म ध्वजा लेकर जय श्री राम का जय घोष करते हुए चल रहे थे। भगवान श्री राम की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कलश यात्रा काली मंदिर रोड से प्रारंभ होकर मंडी समिति में जाकर संपन्न हुई। जहां पर भगवान श्री राम की महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, कमल कुमार कमल, ललित मोहन शर्मा, विकास वार्ष्णेय, अनिल नेताजी, बबीता शर्मा, धर्मपाल चौहान, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, प्रेम शंकर कश्यप आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।

कलश यात्रा में जयकारे लगाते लोग। ● अमृत विचार

सजाए नन्हें मुन्ने सीता राम, प्रसाद का हुआ वितरण

बहजोई,अमृत विचार : अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां नागरिकों में उत्साह था। तो वही घर-घर बच्चों में भी उसकी नजर आया। बच्चे भगवान श्री राम तथा सीता लक्ष्मण के स्वरूप में बने नजर आए। घर-घर भगवान श्री राम की अयोध्या में मूर्ति प्राप्त प्रतिष्ठा को लेकर दीपक जलाए गए। वहीं पूरा शहर भगवा ध्वज से सजाया गया। रात्रि में नागरिकों ने जमकर आतिशबाजी कर अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया पूरा नगर राम मय नजर आया।

मंदिरों में महाआरती घर-घर दीये जलाकर मनाई दिवाली

संभल, अमृत विचार :अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने के बाद शाम को जिलेभर के मंदिरों में महाआरती हुई। देवी देवताओं की आरती करते हुए गुणगान किया गया। लोगों ने घरों में मिट्टी के दीये जलाकर अनुष्ठान किए तो युवाओं ने आतिशबाजी जलाई।सोमवार को जैसे ही वक्त शाम का हुआ तो लोगों ने मंदिरों का रुख कर लिया। जहां महाआरती में हिस्सा लेकर गुणगान किया। घर-घर में मिट्टी के दीये जलाकर अनुष्ठान किए गए। सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। युवाओं ने आतिशबाजी की । संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में लोगों ने घरों में दीये जलाकर दिवाली मनाई।

प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा पर बलिहारी हुई रामनगरी...

रामोत्सव के रंग से सराबोर हुए गांव - गांव और गली - गली, जय श्री राम के साथ गूंजता रहा जर्रा - जर्रा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जहां जन्मे श्रीराम वही है अयोध्या धाम। 22 जनवरी 2024 का दिवस इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया। प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा पर अयोध्या ऐसी बलिहारी हुई कि सुधबुध खो बैठी। गांव - गांव गली - गली जय श्रीराम के उद्घघोष के बीच राम नाम संकीर्तन, अखंड रामायण पाठ, शोभा यात्राएं और भंडारों के साथ विविध आयोजनों की धूम रही। नगर से लेकर गांवों तक 800 से अधिक स्थानों पर जहां लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन का लाइव प्रसारण देखा वहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सुनने के लिए दोपहर तक एलईडी स्क्रीन के आगे जमे रहे।

अयोध्या-फैजाबाद जुड़वा शहर में प्रवेश करते ही चौतरफा फूलों की लड़ियों और झालरों से सजे घर, जगह - जगह पंडाल सजा कर सुंदर कांड का पाठ और भंडारे सचमुच त्रेतायुग का आभास करा रहे थे। सहादतगंज से लेकर नयाघाट तक रामपथ और बाईपास प्रभु की आगुवनी में ऐसा सजा था कि लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। नगर के सिविल लाइंस से लेकर चौक तक व्यापारी समाज की ओर से सुंदर कांड और भंडारे किए गए। चौक घंटाघर झालरों से सजाया गया। नगर के सभी क्षेत्रों में सुबह से देर रात तक चहुंओर रामोत्सव की धूम के बीच लोग दीपावली और बड़ा मंगल जैसे वातावरण का आनंद लेने के लिए सड़कों पर निकल पड़े। जिले की 835 पंचायतों और 1500 मजरों में भी रामोत्सव आनंदोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आह्लादित अयोध्या वासी इतने मगन हुए कि सुबह से सांझ तक दैनिक दिनचर्या भूल कर भजन कीर्तन और कालोनियों में भंडारे में सहभागिता करते रहे।

बीकापुर में सड़कों पर नृत्य करते लोग।

रानीबाजार क्षेत्र में निकली राम दरबार की शोभायात्रा।

▸▸ भजनों और मोदी-योगी के गीतों के साथ हुए भंडारे, 800 स्थानों पर लोगों ने देखा प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

अयोध्या धाम में रामोत्सव का एक रंग यह भी।

आनंदोत्सव का उल्लास और प्रभु श्रीराम के आगमन की खुशियां फूटीं

ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही देवस्थान व मंदिरों पर श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। मंदिरों पर सुंदर कांड हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत हवन और आरती हुए। रानी बाजार हनुमान मंदिर पर आयोजित भंडारे में लोग उमड़ पड़े। हनुमान मंदिर रानी बाजार को और पूरी बाजार को रंग बिरंगी लाइट व भगवा ध्वज से दुल्हन की तरह सजा दिया गया। मिल्कीपुर, हैदरगंज, मसौधा, रुदौली, सोहावल समेत सभी क्षेत्रों में आनंदोत्सव मनाया जा रहा है।

देवस्थानों पर भजन-कीर्तन के साथ विविध आयोजन

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा को यादगार पल बनाने के लिए सोमवार को सुबह से ही गांवों में स्थित मंदिर व देवस्थानों पर पूजन, कीर्तन, भजन से ग्रामीण क्षेत्र राममय हो गया है। मां दुर्गा मंदिर मोहतशिमपुर, अंकवारा में सुन्दर कांड पाठ के पूजन आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। रामपुर सरधा में श्रीराम जानकी मंदिर, अलावलपुर में जालापा मंदिर, सुरजी विरवा में हनुमान मंदिर, गंगौली चौराहा पर हनुमान मंदिर, राजा दशरथ समधि स्थल विल्हरिघाट, इटौरा में मां वैष्णो देवी मंदिर आदि पर प्राण प्रतिष्ठा होते ही आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

'सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुखकंद

गोसाईंगंज अयोध्या। अमृत विचार : 'सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुखकंद। चढ़ी अटारिन्ह देखहिं नगर नारि नर बृंद।। जिस तरह 14 वर्षो के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे थे तो उनके आगमन में अयोध्या के लोगों ने पलक पाँवड़े बिछा दिए और पुष्पों की वर्षा कर दी थी, ठीक वही माहौल सोमवार श्रीरामलला के 500 वर्षों के बाद उनके गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गोसाईंगंज कस्बे में नजर आया। लोग सुबह से ही स्नान ध्यान कर मंदिरों में जमा होने लगे।किसी मंदिर में मानस पाठ तो किसी मे हनुमान चालीसा पाठ होने लगा। इस अलौकिक क्षणों के साक्षी बनने के लिए लोग घरों में टीवी के सामने नजर गड़ाए रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरती उतारनी शुरू कर दी। सभी मंदिरों में आरती होने लगी और शंख घड़ियाल बजने लगे। सड़कों- गलियों में युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की, लोगों ने रामधुन पर जमकर नृत्य भी किया। एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाइयां दीं। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद एक शोभायात्रा महादेवाघाट से निकाली गई। शोभायात्रा तीनों बाजार भ्रमण करती हुई ठकुराइन मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

अयोध्या में निकली शोभायात्रा में गूंजे जयश्रीराम के उद्घोष। अमृत विचार

लता मंगेशकर चौक पर बैरिकेडिंग से घुस कर निकलते लोग।

आतुरता के आवेग से सराबोर रहे श्रद्धालु, कई बार लांघी सुरक्षा रेखा

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रद्धालुओं की आतुरता का आवेग सुरक्षा कर्मियों के लिए संकट बन गया। हालांकि सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ और धैर्य के चलते सब कुछ सामान्य ही रहा। आसपास के जिलों समेत विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालु दोपहर 12 बजे के बाद आतुर हो सड़क पर आने लगे। इस दौरान एटीएस और रैपिड एक्शन फोर्स समेत सिविल पुलिस के जवानों ने सम्मानजनक तरीके से श्रद्धालुओं को सहेजा। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या धाम में रामपथ से धर्मपथ तक दोनों ओर सड़क के किनारे श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा। सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी सहज रहे और प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा करते रहे। इसके बाद जब प्राण प्रतिष्ठा पूरी हुई तो हनुमानगढ़ी के निकट लोग सड़क लांघ कर आने-जाने लगे। दोपहर एक बजे के करीब बड़ी संख्या में लोग इधर से उधर होने लगे तो पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए। आनन-फानन हनुमानगढ़ी तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के जवान एक्शन में आ गए। बाइक से पेट्रोलिंग होने लगी और एटीएस के दस्तों ने बाइक से चक्कर लगाने शुरू कर दिए। इसी के बाद लता मंगेशकर चौक स्थित राम की पैड़ी के मार्ग पर श्रद्धालु नहीं संभले। वहां बैरिकेडिंग के नीचे से या ऊपर से फांदकर मुख्य मार्ग पर आ गए। यहां किसी तरह सुरक्षाबलों ने रस्सी बांध कर कंट्रोल किया। ऐसी स्थिति कई स्थानों पर आई लेकिन फिर बाद में सहज हो गई। दो बजे के बाद देर शाम तक लोगों की आवाजाही शुरू हो गई।

हम सब सौभाग्यशाली हैं : हेमा मालिनी

अयोध्या, अमृत विचार : विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहीं हेमा मालिनी ने कहा कि आज बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। हम लोग यहां पर आए हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि मंदिर में बैठे हुए हैं। यह बहुत साल पहले हो जाना था, लेकिन अब देखने को मिल रहा है। इसके लिए देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

रामपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

रामोत्सव पर शंखनाद, ठुमक ठुमक थिरकती रही रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या धाम समेत पूरे जिले में रामोत्सव का उल्लास चरम पर है। 100 से अधिक स्थानों पर 3500 से अधिक कलाकारों द्वारा अपने प्रांतों की लोक कलाओं की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री की प्रतीक्षा में खड़े श्रद्धालुओं रह - रह कर जयश्रीराम का उद्घघोष कर रहे हैं।

हदेश के विभिन्न प्रदेशों से आए रामभक्त भक्ति में झूमते रहे। प्राण प्रतिष्ठा में संस्कृतियों, भाषाओं, विचारधाराओं, संस्कारों व व्यवहारों का मिलन हो रहा है। आगरा के संदीप अग्रवाल कहते है कि अयोध्या का ऐसा दृश्य देखकर मन पुलकित है। रामपथ व धर्मपत्र ज्योतिर्मय है, इसकी सुंदरता देखकर लगता है कि कलियुग में त्रेतायुग आ गया है। हरियाणा के परवल निवासी अरुण चौधरी व उनकी पत्नी अर्चना भावविभोर हैं। वह कहते हैं कि इस पल का वर्णन नहीं किया जा सकता है। रामजन्म भूमि के सामने फूलों से सजाई गई दीवारों व उसमें लगाए गए प्रभु श्रीराम के कटआउट रामभक्तों को आकर्षित करते हैं। आंध्रप्रदेश के कलाकार तेलुगु में राम को वंदना कर रहे हैं तो राजस्थान के कलाकार कालबेलिया लोकनृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं। पांरपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों में लोक संस्कृति की झलक दिख रही है।

सचिन मर्सिडीज में, ई-ऑटो पर सवार दिखे प्रदीप मिश्र

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वाले विशिष्ट अतिथियों के ठाठ भी निराले थे। लता चौक और विशेष आगमन पथ महोबरा से उनका आना और जाना हुआ। लता चौक से आने वाले अथितियों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर मर्सिडीज से जन्मभूमि जाते दिखे, जबकि प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा समारोह से लौटते वक्त ई-ऑटो में सवार दिखे। वहीं लोगों का उत्साह देखकर स्वामी रामदेव अपने आप को रोक नही पाए और कार की रूफ से बाहर निकलकर जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे।

लता चौक से होते हुए राम जन्मभूमि तक जाने वालों में सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल रहे। वह 9: 21 बजे उधर से गुजरे। उनको देख लोगों ने जोर-जोर से जय श्रीराम जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद बीएमडब्लू से अभिनेता जैकी श्रॉफ, मर्सिडीज से सचिन तेंदुलकर, इनोवा क्रेस्टा से रजनीकांत, बीएमडब्लू से प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, फॉर्च्यूनर से चिराग पासवान, रामरथ (ई-रिक्शा) से कथावाचक प्रदीप मिश्र के अलावा कई लग्जरी वाहनों से उद्योगपति व साधु-संत जन्मभूमि जाते देखे गए।

रामलला के दर्शन करके जाते बाबा रामदेव।

रामलला के दर्शन करके जाते बाबा बागेश्वर।

...जब कुछ पल के लिए रुकी सचिन की कार

लता चौक के पहले वाले मोड़ से ही अतिथि अपने वाहनों से जन्मभूमि जा रहे थे। इस दौरान सचिन की मर्सिडीज बैरिकेडिंग के पास कुछ पल के लिए रुक गई। सुरक्षा कर्मियों से बात करने लगे। पूछा गया तो पता चला कि वह लता चौक पर लगी सितार को देखकर भावुक हो गए थे।

शाम तक वापसी का इंतजार करते रहे

अतिथियों को देखने का लोगों में उत्साह इस कदर था कि वे सड़कों पर 9 घंटे तक डटे रहे। उनकी ख्वाहिश ही थी वे जाने वाले अतिथियों को भी देखें। इसे लेकर वे शाम पांच बजे तक लता चौक में ही डेरा जमाए रहे।

राम के दर्शन करने आए हैं, करके जाएंगे

किशनदास, महाराष्ट्र

राजेश्वर गायकवाड पाटिल, महाराष्ट्र

जसप्रीत, दिल्ली

रघु कर्नाटक

दिलीप बिरादर कर्नाटक

जयश्री सउदिया

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या आए सउदी, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित देश विदेश के भक्तों ने एक स्वर में कहा कि हम राम लला के दर्शन के लिए आए हैं और दर्शन करके ही जाएंगे। राम भक्तों में श्रीराम और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दीवानगी दिखाई दी। सउदी अरेबिया के रियाद से आयीं जयश्री ने कहा कि हम इस पावन समय पर अयोध्या विशेष तौर पर आए हैं। रामलला के दर्शन करके ही जाएंगे। मोदी ने भारत में जो परिवर्तन की अभूतपूर्व अलख जगाई है तो अब भारत विश्व गुरू बनने की राह पर है। पूरे विश्व में मोदी के कार्यों की प्रशंसा हो रही है, जो यहां आकर सच में अनुभूति हुई। कर्नाटक से आए रघु ने कहा कि रामलला ने बुलाया है तो दर्शन तो करके ही जाएंगे, चाहें जब मिले। अयोध्या की दिव्यता उनके दिल को छू गई। दिलीप बिरादर ने कहा कि हम छह लोगों का ग्रुप है। जो आज के विशेष पर्व का साक्षी बनने ही आए हैं। अब पहुंच गए तो रामजी दर्शन भी देंगे ही। दिल्ली के जसप्रीत ने कहा कि आज अयोध्या में उपस्थिति हमारा सौभाग्य है। रामजी की इच्छा थी तभी पहुंच पाए हैं। अब राम जी के दर्शन करके ही जाएंगे। लातूर के किशन दास बत्तूसाव सोलंकी ने कहा कि मोदी ने अयोध्या का जो स्वरूप बनवाया है। वो आज पूरा विश्व देख रहा है। राम लला ने बुलाया है तो दर्शन भी देंगे ही। महाराष्ट्र की राजेश्वर गायकवाड पाटिल ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे राम राज है और हम त्रेता युग में हैं। यह सब मोदी की वजह से हुआ है। सच में वही इस देश का कल्याण कर सकते हैं। राम लला के दर्शन मिलेंगे तो धन्य समझेंगे।

पुलिस बैंड पर भी मेरे घर राम आए हैं की गूंज

अयोध्या, अमृत विचार : राम पथ के हनुमानगढ़ी प्रवेश द्वार के पास स्वागत में खड़े पुलिस बैंड पर भी मेरे घर राम आए है की धुन गूंजती रही। सुसज्जित परिधानों में पुलिस बैंड बीच-बीच में भजन और राम भक्ति धुन बजाते रहे। सबसे ज्यादा उत्साहित रहे मेरे घर राम आए हैं...की धुन पर। ये धुन बार-बार बैण्ड पर बजती रही और माहौल राम मय बना रहा। राम भक्त बार-बार जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण में ऊर्जा का संचार करते रहे।

धर्मपथ पर रामलला के दर्शन करने जाते जैकी श्रॉफ।

रामलला के दर्शन करने जाते कुमार विश्वास।

आज खुशी का दिन है: इकबाल

बाबरी मस्जिद की ओर से मुद्दई रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामजन्म भूमि विवाद खत्म हो गया है और आखिर संघर्षों के बाद राम मंदिर बन गया है। कड़े संघर्ष के बाद लोगों को यह दिन देखने को मिला है। आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम खुशी का दिन है। अयोध्या का विकास हर वर्ग को रोजी-रोटी दे रहा है।

रामलला के दर्शन करने जाते प्रदीप मिश्रा। अमृत विचार


प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने अपनी पत्नी पूजा प्रसाद के साथ श्री रामलला के किए दर्शन। अमृत विचार

खत्म नहीं होगा राम मंदिर मुद्दा, मोदी ने खोल दिया नया रास्ता

अजय दयाल, अयोध्या

शबरी, जटायू, गिलहरी का उदाहरण देकर समाज के कमजोर तबके में भरा जोश, चंद शब्दों में दे गए लोस चुनाव का संदेश

भगवत ने भी राम मंदिर का श्रेय मोदी को देते हुए आगे जनता को उन्हें और बल देने की अपील की

अमृत विचार। राजनीतिक विश्लेषक अक्सर अयोध्या की विध्वंस घटना को भाजपा के राम मंदिर मुद्दे की जड़ ही मिटा देने की साजिश के तहत भी देखते हैं। बहुप्रतिक्षित राम मंदिर के निर्माण के साथ एक बार फिर यह सवाल बड़ा है कि क्या इससे जुड़ी राजनीति का अध्याय समाप्त हो गया? रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं, बनाएंगे। भाजपा के इस नारे पर विराम तो लगा लेकिन क्या मुद्दा भी समाप्त हो गया?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नवनिर्मित राम मंदिर का हवाला देते हुए उसी राम लला वाले नारे को दोहराया और यह स्पष्ट किया कि हम जो कहते हैं, वहीं करते हैं। यानि जो कहा गया वह अब पूरा हो गया? इसी 'पूरा' होने का संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जनता से पूछा कि अब आगे क्या? उनके सवाल में भविष्य की चिंता है तो देशवासियों को एक नयी दिशा दिखाने की जिम्मेदारी भी।

प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बातों को समझें तो राम मंदिर और राम से जुड़े मुद्दे एक नयी दिशा पाकर अब आगे का रास्ता तय करेंगे। मोदी के शब्दों ने जहां विपक्ष को राम का इंतजार कराने का दोषी ठहराया वहीं, राम शब्द का व्यापक अर्थ बताकर देशवासियों से किया राम काज से राष्ट्र काज को जोडने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने रामायण के ही पात्रों के उदाहरण देकर खासकर समाज के कमजोर वर्ग में उत्साह भरा।

उनके शब्दों में, मेरी आदिवासी मां शबरी का ध्यान आते ही विश्वास जाग उठता। मां शबरी कबसे कहती थीं कि राम आएंगे। हर भारतीय में जन्मा यही विश्वास भव्य भारत का आधार बनेगा। यही देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार है। निषादराज का राम के लिए सम्मोहन और राम का निषादराज के प्रति मोह कितना मौलिक है।

मोदी ने यह कहते हुए उत्साह भरा कि, अगर कोई सोचता है कि मैं बहुत सामान्य और छोटा हूं तो उसे गिलहरी के योगदान का स्मरण करना चाहिए। यह हमे सिखाता है कि छोटे बड़े प्रयासों की अपनी ताकत और सामर्थ्य होता है। कहा कि, लंकाधिपति रावण प्रकांड ज्ञानी थे और अपार शक्ति के धनी थे। जटायु महाबली से भिड़ गए। उन्हें पता था कि रावण को परास्त नहीं कर सकते है। कर्तव्य का यही समर्पण देव से देश और राम से राष्ट्र का भाव उत्पन्न करता है। हम खुद को राम काज से राष्ट्र काज के जरिए जोड़ देंगे।

वहीं, भागवत ने भी मौके की नब्ज पकड़ते हुए मोदी की तप साधना की न केवल सराहना की बल्कि मंदिर निर्माण में उनके योगदान का वर्णन किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा, अब हमारी जिम्मेदारी है कि अब हम तपस्या करें। प्रधानमंत्री का रामकथा से जुड़ा एक उदाहरण गौर करने वाला हे। बोले, कल मैं प्रभु के आशीर्वाद से धनुषकोडी में रामसेतु के आरंभ बिंदु पर था। उस भाव, पल को महसूस करने का प्रयास किया। उन्होंने सागर पर रामसेतु को ही उस वक्त काल चक्र बदलने की शुरुआत बतायी और इसे सीधे सरयू से जोड़ा। और कहा, वैसे ही काल चक्र फिर बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर राम मंदिर पर सवाल उठाने वालों को भी नहीं बख्शा। बोले, लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ये लोग भारत की सामूहिकता को नहीं जानते थे। हम देख रहे हैं कि निर्माण किसी आदि को नहीं बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है।

धर्मपथ पर पश्चिम बंगाल से आए कलाकार नृत्य करते।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद दीपों से जगमगाया हनुमानगढ़ी।

श्रीराम का 'राज्याभिषेक' होते ही त्रेतायुग-सी दिखी अयोध्या

रामनगरी में चहुंओर आस्था, उल्लास और उमंग का दिखा माहौल

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या सोमवार को पूरी तरह से बदली नजर आई। जहां तक भी नजर गई, केवल उल्लास, उमंग और आस्था का ज्वार ही दिखाई दिया। सड़कों पर चहलकदमी कर रहे आस्था से सराबोर राम भक्त सिर्फ प्रेम, भाव के आराध्य के दर्शन को भूखे दिखे। हमेशा की तरफ पुलिस भी सुरक्षा में तैनात रही लेकिन ड्यूटी के दौरान उनकी आस्था प्रस्फुटित होती दिखाई दे रही थी। वो भी आराध्य के आतिथ्य को आतुर दिखे। नभ से लेकर धरा तक पूरा वातावरण राममय हो गया। आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ बह रही भक्ति की रसधार के बीच ऐसा लगा कि जैसे कलयुग में त्रेतायुगीन अयोध्या की झलक दिखाई दी।

मौका था रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का। 22 जनवरी को जैसे ही सुबह हुई... धर्मनगरी अयोध्या में सड़कों पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। रामनाम संकीर्तन और सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं गीतों के बीच लगातर श्रद्धालुओं का रेला रामपथ और धर्मपथ पर आता रहा। सुरक्षा व्यवस्था में तैनान पुलिस कर्मी आदर्शपूर्वक श्रद्धालुओं को बैरिकेडिंग के भीतर रहने का अनुरोध करते दिखे। उल्लास में डूबे श्रद्धालु जगह-जगह प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने की प्रतीक्षा में लाइव प्रसारण पर टकटकी लगाए रहे। जो घरों से बाहर नहीं निकले वो अपने-अपने घरों पर टीवी के सामने परिवार के साथ बैठे रहे।

मुंबई से आए हरीश पांडेय ने कहा कि आज प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने का गौरव मिला, हृदय के भाव शब्दों में नहीं व्यक्त कर सकते हैं। बोले अब मंगलवार को प्रभु के दर्शन मिल जाए तो क्या कहने। वहीं कुछ श्रद्धालु इतने मगन दिखे कि लगातार राम नाम का जाप करते रहे। बोले बस एक घंटे की प्रतीक्षा और है हमारे राम जी का राज्याभिषेक होने जा रहा है। वर्षों की साधना के फल का दिन है, सब मनोकामनाएं फलीभूत हुईं। बीच-बीच में रायबरेली नगर निगम का वाटर कैनन भी सड़क पर पानी की फुहारें फेकनें आता तो लोग बोल उठते सचमुच आज से अयोध्या में त्रेतायुग का आभास हो रहा है। लता मंगेशकर चौक से रामपथ पर पहुंचते ही ऐसा लगा मानों अयोध्या में संपूर्ण राष्ट्र के प्रांतवासी आराध्य के दर्शनों के लिए आतुर हो। भाषा बोली रीति-रिवाज और पहनावे के संगम के बीच राम राम की गूंज ने संकेत दिए अयोध्या से नवयुग का प्रारम्भ हो रहा है। वहीं जिले भर में बंदी के चलते घरों में टीवी के आगे जमे लोग रामलला की पहली तस्वीर सामने आते ही उनकी आरती-पूजा करने लगे।

टीवी में रामलला की तस्वीर सामने आते ही व्यवसायी रिशु अग्रवाल ने मां-पत्नी व बच्चों के साथ आरती उतारी।

मालिनी अवस्थी के गीतों से सुरमयी हुई रामनगरी की शाम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान दिनभर जहां रामनगरी में विविध कार्यक्रमों के जरिए कलाकार सांस्कृतिक छटा बिखरते रहे। तो वहीं रामनगरी शाम पद्मश्री मालिनी अवस्थी के गीतों से सुरमयी हो गई। मंदिर के गर्भगृह में रामलला के विराजमान होते ही 100 से अधिक मंचों पर प्रस्तुतियां दे रहे कलाकारों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तो लोग एक साथ समूचे भारत की सांस्कृतिक गतिविधियों से रू-ब-रू हो गए। आस्था इतनी प्रबल थी कि सुबह की ठंड भी कलाकारों के हौसले न डिगा सकी।

संस्कृति के विविध रंगों से सजी अयोध्या में उतरा समूचा भारत

तुलसी उद्यान पर मालिनी अवस्थी ने प्रस्तुति दी तो रामकथा पार्क में कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति पर पूरी अयोध्या राम-राम पर नृत्य कर उठी। कन्हैया ने जैसे ही अयोध्या के राजा, भारत हिग आपका... सुनाया, लोग थिरकने लगे। इसके बाद उनकी प्रस्तुति श्रोताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी। तुलसी उद्यान में उज्जैन के शर्मा बंधुओं ने भजनों की सुर गंगा में डुबकी लगवाई। इसी अवधि में राम कथा पार्क नागपुर के वाटेकर सिस्टर्स की प्रस्तुति हुई। प्रतिदिन की भांति सुबह 10.30 से भजन संध्या स्थल पर देवकीनंदन ठाकुर की श्रीरामकथा का भी भक्तों ने श्रवण किया।

100 मंचों पर सांस्कृतिक यात्रा के सारथी रहे कलाकार

प्राण-प्रतिष्ठा पर रामनगरी में सिर्फ अवध ही नहीं, बल्कि पूरा उत्तर प्रदेश नजर आया। डमरू वादन, शंख वादन से अतिथि देवो भव : की परंपरा का साक्षात्कार कराया गया। धोबिया लोकनृत्य, फरुआही नृत्य से माटी की खुशबू बिखरी तो गोरखपुर के वनटांगिया जनजातीय लोकनृत्य का दीदार कर हर आंखों में चमक दिखी। अवधी व उत्तरांचल के नृत्य से अभ्यागतों का स्वागत किया गया। बम रसिया, मयूर लोकनृत्य से ब्रज की खुशबू से अवध महक उठा। राई लोकनृत्य, आदिवासी नृत्य आदि पेश किया गया। धर्मपथ से लेकर रामपथ, जन्मभूमि पथ के पहले, एयरपोर्ट, लता चौक के पास व अन्य कई स्थानों पर नृत्य, वादन व गायन का लोगों ने आनंद उठाया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की झलकियां

- श्री राम जन्मभूमि के मुख्य नम्बर तीन से वीवीआईपी की गाड़ियों का प्रवेश नहीं होने दिया जा रहा था।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले ने सुबह करीब 11 बजे श्री राम जन्मभूमि के गेट नं. 11 प्रवेश किया।
- धर्म कांटा पार्किंग के पास श्री राम जन्मभूमि को जाने वाले रामपथ मार्ग पर खड़े लोग वीआईपी को जाते देख रहे।
- सड़क किनारे लगी लोगों की भीड़ को पुलिस ने कई बार डांट डपट कर दूर हटाने का प्रयास किया लेकिन लोग जमा होते रहे व फोटो खींचते रहे।
- बिहार से पैदल आए बुजुर्ग श्रद्धालु फुटपाथ पर खड़े नहीं होने देने को लेकर पुलिस पर ही भड़क गए। जिन्हें पुलिस ने समझाकर शांत कराया।
- इकबाल अंसारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए श्री राम जन्मभूमि के लिए अपने आवास से 10.30 मिनट पर निकले।
- दोपहर 12 बजे रामपथपर जब विशिष्ट और अति विशिष्ट के वाहनों का काफिला गुजरा तो लोग फोटो खींचकर कैमरे में कैद करने लगे।
- श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के आसपास जब हेलीकॉप्टर मंडराया तो सड़क पर खड़े लोग आसमान की तरफ देखने लगे।
- संत आशाराम बापू की संस्था ओर से रामपथ पर इकबाल अंसारी के आवास के पास खीर और चाय पिलाकर सेवा की गई।
- इकबाल अंसारी के आवास को आने वाले सड़क मार्ग पर लगी बैरिकेटिंग के पास खड़े लोग सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस मुस्तैद रही।
- धर्म कांटा बैरियर के पास एक दुकान में आशाराम बापू की ओर से चाय और खीर से लोगों की सेवा की जाती रही।
- प्रधानमंत्री के आगमन से पहले रामपथ को नगर निगम के टैंकरों से पानी का छिड़काव कर धुला गया।

सुबह से तकती रहीं अंखियां दीदार को...

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : देश भर से पहुंचे राम भक्त रामपथ पर लगी रेलिंग के पास सोमवार सुबह से ही खड़े थे कि देश व अयोध्या में परिवर्तन की आंधी लाने वाले मोदी के दीदार हो जाएँ। चार पांच घंटे खड़े रहने पर भी आंखों की प्यास न बुझी। ठंड की परवाह किए बिना सुबह साढ़े सात बजे से ही राम भक्तों ने राम पथ के दोनों ओर बनी रेलिंग के पार अपनी जगह ले ली। इनमे कुछ सेलिब्रिटीज का इंतजार करते रहे तो कुछ मोदी के दीदार को बेताब रहे। लगभग तीन किलोमीटर तक राम पथ पर राम भक्तों का हुजूम सा रहा। बच्चे भी इसमें पीछे नहीं रहे। अपने पापा-मम्मी, भाई-बहन के साथ वो भी अपने आइडल को देखने को आतुर दिखे। हर सायरन पर लोगों की आंखें सड़क पर तकने लगती और विशेष अतिथि को न पाकर जय श्री राम के उद्घोष से ही संतोष करते रहे। इनमे कर्नाटक, केरल, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, रामेश्वरम सहित उप्र के महिला, पुरुष, युवा व बच्चे राम भक्त शामिल रहे।

अतिथियों को मिले झोलों में स्टील टिफिन व भोजन प्रसाद

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान देख अतिथियों के लिए भव्य इंतजाम किए गए थे। समारोह के समापन के बाद उन्हें दो झोले दिए गए। जिनमें विहिप के सर्वेसर्वा रहे अशोक सिंघल पर लिखी एक पुस्तक, लड्डू के दो बड़े डिब्बे, कागज का एक छोटा डिब्बा, एक स्टील की टिफिन और पैकेट में इलायची दाना और ड्राई फ्रूट मिक्स प्रसाद था। इसके अलावा भोजन प्रसाद का भी एक-एक डिब्बा दिया गया है। जौनपुर से आए गुरु गोरखनाथ मठ के महंत योगी हरदेव नाथ ने बताया कि मंदिर और रामलला को देखकर जीवन धन्य हो गया। कारसेवा के बाद से वह अब अयोध्या पहुंचे हैं। उस दौरान वह विहिप के नगर मंत्री थे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी। नाश्ते में ड्राईफूड, पापड़ के अलावा चाय-पानी के भव्य इंतजाम थे। लौटते समय दो झोले मिले। इसके अलावा योगिसम्राट ब्रहर्षि श्री देवराहा बाबा सिद्धाश्रम की ओर से एक स्टील टिफिन में प्रसाद दिया गया है।

महंत योगी हरदेव नाथ

अतिथियों को यही मिला प्रसाद।

प्रसाद पाकर धन्य हुए

मणिपुर से आए उदय कुमार और टिकाराम ने बताया कि उन्हें भी यहां आमंत्रित किया गया था। मंदिर देख मन प्रसन्न हो गया। रामलला के दर्शन किए। प्रसाद पाकर हम लोग धन्य हो गए।

सदियों बाद अपने घर पहुंचे हैं प्रभु

बस्ती से आए अतिथि व संत अंकित शुक्ला ने बताया कि रामलला का दरबार बहुत ही निराला है। सदियों बाद भगवान अपने घर पहुंचे हैं। बिल्कुल यह माहौल जश्न का है। मिले प्रसाद को ले जाकर बांटेंगे।

100 चिह्नित स्थानों पर आयोजित हुईं सांस्कृतिक शोभायात्रा

उप्र के विभिन्न अंचलों के लोकनृत्यों के कलाकारों के साथ ही संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकारों की तरफ से अयोध्या के 100 चिह्नित स्थलों पर सांस्कृतिक शोत्रायात्रा हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों के कलाकारों ने भी हिस्सा लिया।

आओ री सखी जलाएं दीए, आओ रे साथी छुड़ाएं पटाखे

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा पूजन पूरा होते ही अयोध्या धाम में उत्सव के साथ दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है। घरों में महिलाओं ने दीपोत्सव को लेकर दीपक सजाने और रंगोली बनानी शुरू कर दी है। कई इलाकों में लोगों ने पूजन होते ही पटाखे छुड़ा कर अपने हर्ष का प्रकटीकरण किया। अयोध्या धाम में रामोत्सव को लेकर पूरे नगर में भिन्न भिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। लोग खुशियों से झूम रहे है। मंदिरों में राम नाम कीर्तन चल रहा है। मोहल्लों में लोग भंडारे कर रहे है। घर-घर में दीपक जलाया जा रहा है और पटाखे छोड़े जा रहे है। यह दृश्य सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि पूरे अयोध्या नगर में दिखाई दिया। लोग जिस तरह भी जैसे भी सिर्फ खुशी और आनंद में डूबे हुए है। महिलाएं भी खुशियां मनाने में पीछे नही है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्ण होते ही महिलाओं ने तेल दीपक जला कर श्री राम मंदिर मॉडल की और श्री राम जी की आरती उतारी। उत्साह में युवकों ने पटाखे जलाए।

अयोध्या धाम में दीपक सजातीं महिलाएं।

रामलला के द्वार रहे वीआईपी व श्रद्धालुओं को मिली सरयू की गोद

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पीएम-सीएम समेत देश-दुनिया के नामचीन हस्तियां रामलला के द्वार पर रहीं तो इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए रामनगरी पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़ को सरयू की गोद मिली। सरयू के किनारे धर्मपथ से लेकर रामपथ पर भक्तिमार्ग के प्रवेश द्वार श्रृंगारहाट तिराहे तक सड़क की दोनों पटरियों पर श्रद्धालुओं ने कब्जा जमा रखा था। उधर राम की पैड़ी से लेकर लता चौक और धर्मपथ के डिवाइडर पर देश-विदेश के मीडिया कर्मियों ने मोर्चा संभाल रखा था।

प्रधानमंत्री के आगमन और प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से तमाम प्रतिबंध लागू किये गए थे। किसी को रामनगरी में प्रवेश की अनुमति नहीं थी, लेकिन उत्साही श्रद्धालुओं की भीड़ ने रामनगरी में डेरा डाल रखा था। एजेंसियों की ओर से मीडिया कर्मियों को राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट स्थित रामकथा संग्रहालय में बनाये गए अस्थाई मीडिया केंद्र से रिपोर्टिंग की अनुमति दी थी। हवाई अड्डे से हाईवे बाईपास बालू घाट व धर्मपथ और रामजन्मभूमिमि तक रामपथ को अतिथियों के आगमन और प्रस्थान के लिए ग्रीन कॉरीडोर घोषित किया गया था। रामपथ पर श्रीरामजन्मभूमि प्रवेश द्वार से साकेत कॉलेज स्थित अस्थाई हैलीपैड और टेढ़ीबाजार ओवरब्रिज होते हुए महोबरा के रास्ते हवाई अड्डे पर वीवीआईपी व सेलिब्रिटी के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। अतिथियों के आगमन और प्रस्थान में मीडिया से लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ सहयोग करती दिखी और सब कुछ सुचारु रूप से चलता रहा।

साकेत से आरजेबी तक रहा साइलेंट जोन

अयोध्या, अमृत विचार : प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर एजेंसियों की ओर से उनके आगमन और प्रस्थान का एक मार्ग हवाई अड्डे से हाइवे वाया धर्मपथ-रामपथ के रास्ते रामजन्मभूमि प्रवेश मार्ग तय किया था। इस स्थलीय मार्ग पर मूवमेंट के लिए हवाई अड्डे पर पीएम की फ्लीट भी लगाई गई थी। वहीं दूसरा मार्ग हवाई अड्डे से वाया हेलीकॉप्टर साकेत कॉलेज स्थित हेलीपैड और वहां से रामजन्मभूमि प्रवेश मार्ग का खाका तय किया था। अस्थाई हेलीपैड पर भी पीएम के लिए फ्लीट लगाई गई थी। पीएम का आगमन और प्रस्थान साकेत कॉलेज स्थित अस्थाई हेलीपैड के माध्यम से हुआ, जिसको लेकर एसपीजी के निर्देश पर सुरक्षाबलों ने रामपथ पर साकेत कॉलेज से लेकर रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार तक के मार्ग को साइलेंट जोन में तब्दील रखा। इस मार्ग पर न तो किसी को सड़क की पटरियों के किनारे खड़ा होने दिया गया और न ही किसी को कार्यक्रम खत्म होने तक घर से निकलने की अनुमति दी गई।

अलग-अलग कंट्रोल रूम और केंद्रों से होती रही निगरानी

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सकुशल संपन्न होने पर पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली है। कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए एजेंसियों के आला अधिकारियों ने रामजन्मभूमि स्थित केंद्रीय कंट्रोल रूम समेत अन्य स्थाई और अस्थाई कंट्रोल में ड्यूटी संभाल रखी थी। मंदिर परिसर स्थित अत्याधुनिक उपकरणों और निगरानी सॉफ्टवेयर से लैस कंट्रोल रूम से निर्देश दिया जा रहा था। नयाघाट स्थित यलो ज़ोन कंट्रोल रूम, अमानीगंज स्थित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कंट्रोल रूम, पुलिस लाइंस स्थित जनपदीय और धारा रोड स्थित सिटी कंट्रोल रूम भी पल-पल की निगरानी में जुटा रहा। हर कंट्रोल रूम में आला अधिकारियों ने मोर्चा संभाल रखा था। वहीं प्रशासन की ओर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम को लेकर बनाया गया अस्थाई कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहा। इसके अलावा सर्विलांस से जुडी एजेंसियों के लखनऊ और दिल्ली स्थित निगरानी और विश्लेषण कंट्रोल रूम सक्रिय रहे। हवाई अड्डे और अयोध्या में चौधरी चरण सिंह घाट के बगल थल सेना की तकनीकी संचार शाखा ने राडार और इंटरसेप्टर स्टेशन बनाया था। यहां और केंद्रीय कंट्रोल रूम से निगरानी कराई जा रही थी। कमांडो के साथ एटीएस के एडीजी ने नयाघाट पुलिस चौकी पर डेरा जमा रखा था। सरयू में स्वचालित नावों के माध्यम से पीएसी बाढ़ राहत दल, जल पुलिस और एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के जवान पेट्रोलिंग और निगरानी में जुटे रहे।

दिल्ली से चले हनुमान, राम भक्त टोल प्लाजा पर फंसे

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते सोमवार को हाईवे टोल प्लाजा तहसीनपुर रौनाही में सुरक्षा को लेकर इतनी कड़ी व्यवस्था रही कि अयोध्या जा रहे पैदल यात्री राम भक्तों को भी टोल पार करने की इजाजत नही मिली। इनमे हनुमान के रूप में दिल्ली से चलकर टोल तक पहुंचे भगवा चोले में गदा धारी बैजनाथ यादव भी शामिल रहे। जो अकेले लखनऊ तक ट्रेन से आए। वहां से अयोध्या की यात्रा पैदल पूरी कर रहे थे। दोपहर बाद बड़ी याचना के बाद आगे की यात्रा पर निकल पाए।

नेत्रों से निकल पड़े हृदय के भाव, तो रो पड़े साध्वी समेत कई विशिष्ट

अयोध्या कार्यालय

सजल नेत्रों से प्राण प्रतिष्ठा पूजन निहारते रहे प्रख्यात गायक कैलाश खेर भी हुए भावुक

अमृत विचार : अंततः 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज राम आ गए.. जन्मभूमि परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यजमान के साथ जैसे ही पूजन प्रारंभ किया वातावरण में भावुकता के बादल छा गए। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी के रूप में मौजूद विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन अपलक निहारते रहे। जैसे - जैसे पूजन पूर्णता की ओर बढ़ता गया वैसे वैसे हृदय में उमड़ घुमड़ रहे मनोभाव अश्रु के रुप में परिवर्तित होकर नयनों को सजल करते रहे।

प्राण प्रतिष्ठा पूजन शुरू होते ही राम मंदिर आंदोलन से भावात्मक रुप से जुड़ी रहीं प्रख्यात साध्वी ऋतंभरा स्वयं के भाव नहीं रोक सकीं और उनकी आंखों से अविरल अश्रुधारा बहने लगी। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद पूजन प्रारंभ होते ही हाथों में नन्हीं सी घंटी लेकर बजाते हुए भावुक हो गए। चश्में के शीशे के पीछे उनके सजल हो चुके नेत्रों ने न केवल उनके मनोभावों का प्रकटीकरण किया वरन आराध्य के प्रति आस्था भी प्रस्फुटित होती रही। केवल रविशंकर प्रसाद ही क्यों, प्रख्यात गायक कैलाश खेर जब भाव विह्वल हुए तो उनकी कुर्सी के आगे बैठे बागेश्वर धाम के विख्यात संत कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उन्हें गले लगाया। काफी देर तक वह कैलाश खेर के शीश को स्नेह से सहलाते रहे। इतना ही नहीं पूजन कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट जन जिनमें कई संत और अपने - अपने क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियां जिनमें प्रख्यात संत महंत कलाकार, शिक्षाविद, सिने स्टार भी अपनी भावुकता का प्रकटीकरण नहीं रोक सके।


भावुक हुईं साध्वी ऋतंभरा।

भावुक हुए एक विशिष्ट जन।


प्रख्यात गायक कैलाश खेर को दुलारते कथा वाचक।

पूजन के दौरान खड़े भाजपा नेता के सजल हुए नयन।

ये भी रहे शामिल

अभिनेता अमिताभ बच्चन व अभिषेक बच्चन।


प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शामिल हुए साउथ के अभिनेता।

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुईं अभिनेत्री कंगना रनौत।


रामलला को नमन करते अभिनेता अनुपम खेर।

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी, सीएम योगी व मौजूद अन्य लोग।

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई।

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल अभिनेता रणवीर कपूर, आलिया भट्ट, माधुरी दीक्षित व अन्य फिल्मी जगत के लोग।

कार्यक्रम में श्रद्धालु को पड़ा दिल का दौरा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान एक श्रद्धालु को दिल का दौरा पड़ने का मामला सामने आया है। भारतीय वायुसेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीम के एक मोबाइल अस्पताल ने उस भक्त की जान बचा ली। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, रामकृष्ण श्रीवास्तव (65) के मंदिर परिसर के अंदर गिर पड़े। विंग कमांडर मनीष गुप्ता के नेतृत्व में भीष्म क्यूब की टीम ने तुरंत उन्हें वहां से निकाला और उपचार दिया। प्रारंभिक मूल्यांकन में उनका रक्तचाप 210/170 के खतरनाक स्तर तक बढ़ गया था। मरीज की हालत स्थिर होने पर उन्हें आगे की निगरानी और विशेष देखभाल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक बयान के अनुसार समारोह के लिए चिकित्सा तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आरोग्य मैत्री आपदा प्रबंधन परियोजना के तहत दो क्यूब-भीष्म मोबाइल अस्पतालों को अयोध्या में तैनात किया गया था।

दीप्तिमान अग्निदेव

जिस यज्ञस्थल पर सभी देवगण आनंदित होते हैं, उस उत्कृष्ट भूमि पर हम यजमानगण एकत्रित हुए हैं। ऋक् तथा सामरूपी मंत्रों से यज्ञ को पूर्ण करते हुए हम धन एवं अन्न से तृप्त होते हैं। यह दिव्य जल हमारे लिए सुखस्वरूप हो। हे दिव्य गुणयुक्त ओषधे! आप हमारी रक्षा करें। ज्ञान के अधिपति मनोदेवता हमें शुद्ध करें। वाणी के स्वामी हमारी वाणी पवित्र करें। पवित्र सविता देवता हमें शोधित करें। सोमयाग अनुष्ठान की कामना से हम पवित्र होना चाहते हैं, हमें यज्ञानुष्ठान की सामर्थ्य प्राप्त हो।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे देवगण! यज्ञ के प्रारंभ होने पर यज्ञफल की कामना से हम आपका आवाहन करते हैं। हम पूर्ण मनोयोग से यज्ञ-अनुष्ठान करते हैं। विस्तीर्ण अंतरिक्ष के लिए यज्ञ करते हैं। द्युलोक और पृथ्वीलोक के लिए हम यज्ञ कार्य करते हैं। सभी कर्मों के प्रेरक वायुदेव की कृपा से हम यज्ञ प्रारंभ करते हैं। यज्ञ करने के मानसिक संकल्प के प्रेरक अग्निदेव के लिए यह आहुति है। दीक्षा एवं तप की सिद्धि के लिए अग्निदेव को यह आहुति है। श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति के लिए हम हविष्यान्न समर्पित करते हैं। यह आहुति बृहस्पति देव के लिए समर्पित है। हे शिल्प रुपात्मक ऋक् और साम के अधिष्ठाता देवताओं! हम आपका स्पर्श करते हैं। आप उत्तम ऋचाओं के उच्चारण काल तक हमारी रक्षा करें। हे वनस्पति से उत्पन्न दंड! आप उन्नत होकर यज्ञ समाप्ति तक हमें पापों से बचाए। यह अग्नि यज्ञ का साधनभूत है। खदिर, पीपल आदि वनस्पतियां यज्ञ योग्य हैं। यज्ञ की सिद्धि के लिए यज्ञ-अनुष्ठान विषयक बुद्धि की हम देवताओं से याचना करते हैं। सुस्पष्ट बुद्धि हमारे अधीन रहे। प्राणरूप देवताओं के लिए यह आहुति समर्पित है।

> हे दीप्तिमान अग्निदेव! आप संपूर्ण प्राणियों के व्रतों के पालनकर्ता हैं। यह घृतरूप आपकी देह और स्वर्णाभ आपका यह तेज है। आपका स्वरूप और तेजस् एकाकार होकर आकाश में व्याप्त हो।

हे दीप्तिमान अग्निदेव! आप संपूर्ण प्राणियों के व्रतों के पालनकर्ता हैं। यह घृतरूप आपकी देह और स्वर्णाभ आपका यह तेज है। आपका स्वरूप और तेजस् एकाकार होकर आकाश में व्याप्त हो। मन के द्वारा धारण की गयी मंत्र रूप वाणी वेगवान होकर यज्ञ को तुष्ट करने वाली हो।

हे गौ रूप वाणी! आप चित्त, मन और बुद्धि की प्रतिनिधि रूप हैं। कर्म से आप क्षत्रिय शक्ति हैं। आप यज्ञ में मंत्र रूप में प्रयुक्त होने योग्य हैं। आप देव माता अदिति हैं। आप कटु और मधुर वाणी रूप दो सिर वाली हैं। आप वसु, देव-माता अदिति, द्वादश आदित्य, ग्यारह रुद्र और चंद्ररूपा हैं। बृहस्पति आपको हर्षातिरेक प्रदान करें। रुद्र, वसुगणों के साथ आपकी रक्षा करें।

प्राचीनकाल से सांस्कृतिक समन्वय स्थली रही है अयोध्या

भारतवासियों की मान्यता है कि सृष्टि एक ही तत्त्व से सृजित है, वही प्राणी मात्र में विद्यमान है। ऋचाओं और परवर्ती साहित्य में यही प्रस्फुटित भी हुआ है। "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति। अग्नि यमं मातिरिश्वान माहु:।" अर्थात सत्य एक है विद्वान उसे कभी अग्नि, यम और कभी अन्य नामों से कहते हैं। "इन्द्र: वर्धन्तो असुर: कृण्वन्तो विश्वमार्यम" आओ! अर्थात विश्व को आर्य (श्रेष्ठ) बनाएं।

वस्तुतः चेतन शक्ति पुरूष ही सब कुछ है। इतिहास (पूर्ववृत्त) साक्षी है कि जब तक हमारे पूर्वजों का संकल्प-'सम्भूय समुत्थान', 'वसुधैव कुटम्बकम', 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' अर्थात सभी प्राणियों को समान मानना, 'अद्वैष्टा सर्वभूतानां' अर्थात प्राणियों से ईष्या नहीं करना, वैदिक प्रार्थना-'संगच्छध्वं, संवद्ध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागम यथा पूर्वे संजानाम उपासते।। समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानास्तु वो मनो, यथा वः सुसहासति एवं सह नावतु, सह नौ भुनक्त, सह वीर्यं करवावहै तेजस्विनाव-धीतमस्तु मा विद्विषावहे', शान्तिः शान्तिः, 'एक नूर ते सब जग उपज्या कौन भले कौन मन्दे'? आदि संकल्प क्रियाशील रहा, भरत की संतति और भारतीय संस्कृति अजर-अमर और विकासशील रही।

आचार्य मनोज दीक्षित
लखनऊ

आर्य कुटुम्ब में पिता, माता और पुत्र क्रमशः भिषक्, जांता चलाने वाली एवं कवि के वर्ण धर्म में उसी प्रकार क्रियाशील रहे जैसे-बछड़ा (वत्स) गाय के पीछे लगा रहता है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः' उद्घोष। सभी को संघटित विकास हेतु प्रेरित करता रहा।

मध्यकाल के आगमन के पहले ही आक्रान्ताओं की संस्कृति ने सुनियोजित षड्यंत्र के द्वारा भारतीयता को आघात पहुंचाया, रही सही कमी आंग्ल सम्प्रभुओं और उनकी चाटुकार सन्ततियों ने पूरी कर दी, क्रान्तिकारियों और महापुरूषों को आलेखों से अलग कर दिया गया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की सेना, वासुदेव कृष्ण का सारथि धर्म, ऐतरेय ब्राह्मण के रचयिता महीदास, छान्दोग्य उपनिषद् के रचयिता जाबालि, रामायण के रचयिता वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्रा, गुरूनानक, सन्तकबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम, मीराबाई, दादू, मणिराम दास, बनादास तथा सिक्ख गुरूओं गुरूनानक, तेगबहादुर एवं गुरूगोविन्द सिंह आदि ने सामाजिक समरसता पुनः स्थापित की। इसी उद्देश्य को लक्ष्य मानकर उत्तर प्रदेश शासन ने प्रयागराज में प्रस्तावित कुम्भ के अतिरिक्त 5 वैचारिक कुम्भों पर्यावरण, नारी-शक्ति, समरसता, युवा एवं सांस्कृतिक के आयोजन का क्रमशः वाराणसी, वृन्दावन, अयोध्या, लखनऊ का दायित्व निर्धारित किया गया है। यह सौभाग्य का विषय है कि श्रीअयोध्या स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (फैजाबाद) अयोध्या को 'समरसता कुम्भ' के आयोजन का दायित्व उ.प्र. शासन ने प्रदान किया है। समरसता की मूल भावना समाज को संघटित और पारस्परिक विद्वेष को समाप्त करना है। वस्तुतः समरसता एक सामाजिक आंदोलन है, जो सम्भूय समुत्थान की भावना पर आधारित है। अनेक विचारों, भाषाओं, धर्मों और वर्गों के होते हुए भी एकत्त्व हम भारतवासियों की पहचान है। समरसता के शलाका पुरूष पुरूषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली पर समरसता कुम्भ का आयोजन श्री अयोध्या के भौगोलिक और सांस्कृतिक अभिज्ञान के अनुरूप है।

मोक्षदायक सप्तपुरियों में प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठित देवपुरी अयोध्या प्राचीनकाल से सांस्कृतिक समन्वय स्थली है। यह वैदिक, जैन, बौद्ध, मुस्लिम तथा सिक्ख पंथानुयायियों की कर्मस्थली रही है। आठ चक्रों नव द्वारों और हिरण्यमय कोश से अलंकृत अयोध्या स्वर्ग की आभा से सुसज्जित है।

देवपुरी अयोध्या को मन्दिरों की नगरी, सूकर क्षेत्रा, विनीता, अयुज्झया, हिरण्या, चिन्मया, विशाखा, पद्मपुरी, अपराजिता, नन्दिनी, पुण्य लक्षणा अयुधा, रघुपुरी, अजपुरी, साकेत (दिव्यावदान/किसी के साथ स्वयं आना), इक्खाक भूमि (प्राकृत), सोकेड (तिब्बती), श-कि/श-कि त (चीनी) तथा अवध नाम से लोक प्रसिद्ध रही है। साहित्यिक संदर्भो में अयोध्या के दिव्य और पार्थिव रूपों का विवेचन हुआ है। वशिष्ठ संहिता में वशिष्ठ जी ने भारद्वाज जी से कहा है कि पुरातन साहित्य में अयोध्या के दिव्य रूप का वर्णन हुआ है। शिव संहिता में अयोध्या के दिव्य एवं पार्थिव रूप के अन्तर का स्पष्ट विवेचन हुआ है- गोलोक स्थित अयोध्या पुरुषोत्तम राम की दिव्य भोग भूमि है तथा भू-लोक स्थित अयोध्या उनकी लीला भूमि है। आदिकवि वाल्मीकि के काल से कौशल महाजनपद के रूप में अयोध्या का उल्लेख प्राप्त होता है- कौशल महाजनपद सरयू नदी के किनारे अवस्थित धन-धान्य से परिपूर्ण है। अयोध्या नाम से लोक प्रसिद्ध यह नगर वैवस्त मनु द्वारा आवासित है। मनुष्यों में इन्द्र, महर्षि कृष्ण द्वैपायन 'व्यास', कौटिल्य, मत्स्य पुराण, कामन्दक एवं मानसोल्लास द्वारा मनु के शासक बनने का समर्थन किया गया है। स्कंद पुराण के अनुसार अयोध्या इच्छवाकुवंशी प्रजावत्सल अवतार रामचन्द्र के धनुष के अग्रभाग पर स्थित अर्थात सुरक्षित है। 'श्रीराम धनुषाग्रस्था अयोध्या सा महापुरी'। अयोध्या नाम में अकार, यकार और धकार क्रमशः ब्रह्म विष्णु और रूद्र का वाचक है। अकारों ब्रह्म च प्रोवतं यकारो विष्णुरूच्यते। धकारों रूद्र रूपस्य अयोध्या नाम राजते। मेरी मान्यता है कि देवत्रायी ब्रह्म, विष्णु एवं शिव की साधना भूमि अयोध्या धाम है। कतिपय वेत्ता ब्रह्मपुराण एवं हरिवंशपुराण के आधार पर प्रतिपादित करते हैं कि इक्ष्वाकु के पुत्रा विकुक्षि के अन्य नाम 'अयोध' के नाम पर अयोध्या नामकरण किया गया है।

सगुण धारा के भक्त कवि तुलसी

तुलसी मूलतः उसी रामानंदी सगुण धारा के भक्त थे और वही बने रहे। बचपन में माता-पिता द्वारा परित्यक्त उनका लालन-पालन पहले 'मुनिया' नाम की एक सेविका ने, किया। उसकी मृत्यु के बाद उन्हें बेसहारा देखकर, एक रामानंदी संत नरहरिदास ने उन्हें अपने आश्रय में ले लिया और उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध किया। उन्हीं नरहरिदास के साथ वे काशी आये और पंचगंगाघाट पर रहते हुए एक विद्वान शेषसनातन जी से 15 वर्ष तक वेद, वेदाङ्ग, दर्शन, इतिहास, पुराण आदि की समुचित शिक्षा प्राप्त की। अपने जन्म और बचपन तथा शिक्षाकाल के विशेष परिवेश के चलते, तुलसी उस उन्मुक्त दार्शनिक बिंदु तक नहीं पहुंच सके, जिस तक कबीर पहुंचे। दूसरी ओर, तुलसी ने राम को केंद्र में रखकर जनभाषा में जो सांगोपांग प्रबंधकाव्य लिखा, वह कबीर के लिए असम्भव था। दोनों का आकलन उनके अलग-अलग परिवेश और अलग-अलग कोटि की उपलब्धियों के परिप्रेक्ष्य में स्वतंत्र रूप से होना चाहिए। एक के परिवेश-गत विचलन की दूसरे के आदर्श से तुलना करना समीचीन नहीं कहा जा सकता।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

तुलसी एक भक्त कवि थे, भक्त कवि की मर्यादा के प्रति सतत सावधान। उस युग की कृष्ण भक्ति धारा में प्रचलित श्रृंगार रस का सहारा उन्होंने कभी नहीं लिया जैसा कि उनके समकालीन सूरदास ने किया। तुलसी मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र रचने की संभावना से संगर्भित (वर्णाश्रमी) सामाजिक मर्यादा के कवि थे। उनका श्रृंगार भी तदनुरूप सामाजिक मर्यादा का श्रृंगार था जो अपनी सात्विक सीमा से पाठकों और श्रोताओं को चमत्कृत करता है।

जनकपुर पुष्पवाटिका में सीता और राम का प्रथम मिलन। अनुप्रास की अद्भुत् ध्वनि से शुरू होती है चौपाई। (सीता के हाथों के) कंगन, (कमर की) करधनी, और (पैरों के) नूपुर की मिली-जुली झंकार सुनकर राम हृदय में विचार करने के बाद लक्ष्मण से कहते हैं—मानो कामदेव विश्वविजय के संकल्प से दुंदुभी बजा रहे हों। ऐसा कहकर राम ने पुनः सीता की ओर देखा। फिर तो सीता का मुख चंद्रमा बन गया और राम की दृष्टि उसे निहारने वाली चकोर। सीता को देखते हुए राम के सुंदर नेत्र स्थिर हो गए। मानो निमि (जनक के पूर्वज, जिनका निवास पलकों में माना जाता है) ने सकुचाकर राम की पलकों को त्याग दिया जिससे झपने-खुलने का उनका गुणधर्म जाता रहा।

पूजा-अर्चना

भगवान की महिमा को समझ पाना सहज और सरल नहीं बल्कि कठिन है। लंबे अरसे से पूजा-पाठ, व्रत-उपवास के बावजूद बहुतों की मनोकामनाएं पूरी नहीं होती तथा जीवन में असफलताएं ही मिलती रहती है जबकि जो पूजा-पाठ नहीं कर रहे, वे अपने कार्यों में सफल हैं। ऐसी स्थिति में लगता है कि भगवान का कोई अस्तित्व नहीं है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

दर-असल मूर्तियों में भगवान को देखने वाले कहीं न कहीं भूल जरूर कर बैठते हैं जिससे भगवान की जिस मूर्ति, प्रतिमा या चित्र की विधिवत पूजा अर्चना में चंदन, पुष्प, धूप-दीप, विविध प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा रहे हैं, वह भगवान इतने निष्ठुर हो जाएंगे, ऐसा संभव नहीं। पूजा-अर्चना में जिन वस्तुओं का प्रयोग किया जा रहा, उन वस्तुओं के स्वभाव को समझना पड़ेगा। प्रश्न उठता है कि क्या जड़ वस्तुओं का भी स्वभाव होता है तो इसका उत्तर 'हां' ही होगा।

इन जड़ पदार्थों के स्वभाव को समझने की जरूरत है। प्रथमत: भगवान को जल से स्नान कराया जाता है। जल से आवाज़ आ रही कि मन में तरलता और आंखों में पानी होना चाहिए। श्रीदुर्गासप्तशती के कवच अध्याय में 'हृदये ललिता देवी, उदरे शूलधारिणी' श्लोक का उल्लेख है। हृदय में लालित्य भाव बनाए रहने के लिए ललिता देवी से प्रार्थना की जा रही है। इसके आगे 'उदरे शूलधारिणी' का भी आशय पेट में अग्नि का शूल यानी ज्वाला होती हैं। जिसके मन में करुणा होगी, वह जिस भी व्यक्ति के पेट में भूख की ज्वाला देखेगा, उसके भोजन का इंतजाम करेगा। इसी तरह भगवान को चंदन तथा पुष्प अर्पित करने का सन्देश यही है कि उपासक चंदन की तरह शीतल स्वभाव का रहे तथा जहां रहे पुष्पों की तरह खुशबू बिखेरता रहे। जब पूजा-पाठ का स्वरूप इस तरह हो जाएगा, तब भगवान की मूर्ति या प्रतिमा से आवाज़ आएगी। इस तरह की निकली आवाज़ को गोस्वामी तुलसीदास ने जरूर सुन लिया था, जिसके चलते उन्होंने 'जे जानई तेहिं देई जनाई, जानत तुम्हहिं तुम्हहिं होइ जाई' चौपाई का उल्लेख कर दिया। इस तरह के उद्धरणों से स्पष्ट है कि भगवान की कृपा के लिए संकीर्ण सोच से ऊपर उठना पड़ेगा तथा मूर्ति या प्रतिमा में स्थित भगवान क्यों पूजनीय हुए, उसे आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए।

बिजनौर

एक नजर

अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हल्दौर, अमृत विचार : थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने नगर के मुहल्ला जमनावाला निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से फाइटर गोल्ड मार्का अवैध देसी शराब के 20 पाउच मिले हैं। इसके अलावा नहटौर थाना क्षेत्र के गांव नौरंगपुर निवासी पंकज कुमार को चेकिंग के दौरान 20 पाउच नाईट किंग देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर की आतिशबाजी

किरतपुर, अमृत विचार : श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी मंदिरों को पुष्पमाला व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम होते ही दिवाली की तरह पटाखे भी जलाये गए। अयोध्या में रामलीला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिरों को पुष्प, दीप व रंग बिरंगी लाइटों से सजाकर खुशियां मनाईं। रामलीला मंच पर आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन करते हुए प्रसाद बांटा गया।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों ने मनाया उत्सव

क्षेत्र के 35 मंदिरों में आकर्षक सजावट कर भजन-कीर्तन व सुंदरकांड का किया पाठ

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपतराय बंसल के गृह नगर नगीना में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों ने उत्सव मनाया। चंपत राय बंसल के आवास व नगर के सभी 35 मंदिरों की आकर्षक सजावट कर भजन कीर्तन व सुंदर कांड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

सोमवार को अयोध्या में रामलला की की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महामंडलेश्वर रविदासाचार्य, भाजपा नेता सुरेश राठौर की ओर से धामपुर रोड स्थित श्री रामलीला मैदान स्थित मां देवी के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर में हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर खुशियां मनाई। व्यवस्था बनाने में विनित अग्रवाल व उनकी टीम का सहयोग रहा।

पदयात्रा निकालते श्री बालाजी सेवा मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

दूसरी ओर भाजपा नेता रोशन लाल की ओर से मंडी मौलागंज स्थित श्री लोकेश्वर नाथ मंदिर में भी सुंदर कांड का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। यहां व्यवस्था बनाने में अक्षय चौहान व उनकी टीम का सहयोग रहा। चंपत राय बंसल के मुहल्ला सरायमीर स्थित आवास पर भी सुंदर कांड का आयोजन कर प्रसाद व मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ नवीन विश्नोई मंदिर, श्री पंजाबी मंदिर, चिकित्सालय स्थित नीलेश्वर मंदिर, पंजाबी मंदिर सैयदवाडा सहित नगर क्षेत्र के सभी 35 मंदिरों को सजाकर भजन कीर्तन कर प्रसाद व मिष्ठान वितरित किया गया। मंदिरों में हुए भजन कीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।

भगवा झंडों से सजे बाजारों में लोग मिष्ठान, हलवा वितरण कर खुशी मनाते नजर आये। शांति व्यवस्था में सड़कों पर पुलिस गश्त करती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में भी सुंदरकांड के आयोजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मातृशक्ति ने किया कीर्तन

बिजनौर, अमृत विचार : श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शिव मंदिर कुटिया कॉलोनी आदमपुर मंडल में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद अयोध्या से श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखा गया। मातृशक्ति ने कीर्तन भी किए और भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पूनम गोयल, विधानसभा सह संयोजक मीडिया एवं मंडल महामंत्री आदमपुर मंडल आशीष शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष देशराज सिंह, मान देवी शर्मा, रणजीत सैनी, शुभम सैनी, मंडल मंत्री राजेंद्र शर्मा, अभ्रा पाठक, प्रमोद, मनोरमा शर्मा, मोनिका अग्रवाल, नीलम, ममता रुचि, कपिल, नितिन, प्रगति, दीपक समेत अनेक राम भक्त मौजूद रहे।

भंडारे में हलवा बांटते भक्त। ● अमृत विचार

कुशवाहा समाज ने बांटा हलवा

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : नगर की कछियाना बस्ती स्थित शिव मंदिर पर अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें कुशवाहा समाज के बच्चे, बूढ़े, नौजवान व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भजन कीर्तन किया। आरती के बाद कुशवाहा समाज के अध्यक्ष रणवीर सिंह निराला द्वारा हलवा के प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर निराला ने कहा कि आज पूरे देश के लिए बड़े गौरव का विषय है। क्योंकि हम भगवान श्री राम के बड़े पुत्र महाराजा कुश के वंशज हैं। हमारी भाषा में कहा जाए तो भगवान दादा श्री राम जी कि आज अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इसलिए आज हमने अपने घरों पर श्री राम का ध्वज लगाया है। सभी ने मिलकर पूरी बस्ती में दिवाली मनाई है। इस अवसर पर गोपाल कुशवाहा, रिशिपाल कुशवाहा, कल्लू सिंह, तेजपाल कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, भभिराम, पप्पू, भगवत कुशवाहा, हरिराम, अर्जुन भगत, आनंद, डोरी लाल, सौरभ, दिनेश उर्फ चुन्नू, नथिया, सावित्री, रेखा, दिनेश उर्फ दीनू आदि उपस्थित रहे।

मंदिर में आरती में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

भक्तों ने की प्रभु श्री राम की स्तुति

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के गांव गंगादासपुर तथा खारी में हवन यज्ञ तथा अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान राम की स्तुति तथा भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। मुख्य अतिथि व यजमान भाजपा नेता प्रिंस चौधरी रहे।

सोमवार को अयोध्या में राममंदिर के भव्य अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते हसनपुर गंगादासपुर स्थित झारखंडी शिवमंदिर व धर्मपुरा मार्ग खारी शिव मंदिर में सुन्दरकांड का आयोजन किया गया। इससे पूर्व पंडित चेतन शर्मा ने हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण कराया। रामभक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए तथा फूल वर्षा की। प्रिंस चौधरी ने लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के बाद बधाई दी। इस मौके पर शौवीर प्रधान, सूरज प्रधान, ओमप्रकाश प्रांत कोषाध्यक्ष, सुनील जिला कारवा, सत्यवती देवी, दीपक व पिंटू सिंह रहे।

भव्य तरीके से सजे मंदिर, प्रसाद का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महापर्व को लेकर जिले में राम लहर दिखाई दी। दुकानों व घरों में श्री राम भगवान के ध्वज दुकानों पर लगाए गए। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। सभी मन्दिरों में धार्मिक अनुष्ठान व प्रसाद वितरण हुआ। संयुक्त व्यापार मंडल ने कई व्यापारी संगठनों के साथ मिलकर बाजारों की सड़कों को तोरन द्वार से सजाकर चार-चांद लगा दिए। बाजारों में दिवाली की तरह रौनक दिखाई दी। घरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। चारों तरफ सिर्फ जय श्री राम की गूंज सुनाई दी।

शहर में व्यापारी संगठनों ने बाजार बन्द कर दुकानों के सामने, चौराहों पर भंडारे लगाए।



पालिका प्रशासन द्वारा सजाया गया मंदिर। ● अमृत विचार

बिजनौर-नजीबाबाद प्राइवेट यूनियन पर अकरम ने लोगों को रोक कर लड्डू खिलाए और बधाई दी। जनपद के धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, चादंपुर, अफजलगढ़, स्योहारा, नूरपुर, हल्दौर, झालू, कोतवाली देहात, नहटौर, शेरकोट बढ़ापुर, मंडावर, हीमपुर दीपा, नांगल सोती, मंडावली, भागूवाला, रेहड़, सहसपुर आदि सहित ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार जैसा माहौल रहा।

कुछ बुर्जुगों का कहना था कि उन्होंने अब तक अपने जीवन काल में किसी भी त्योहार पर इतना उत्साह व सजावट नही देखी। बड़े-बड़े धार्मिक अनुष्ठानों में भी इतनी जीवंतता नहीं देखी है।

पालिका प्रशासन द्वारा सजाया गया चौराहा। ● अमृत विचार

वहीं थाने भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाए गए। सुबह से ही जिले में 22 जनवरी को लेकर भारी उत्साह रहा।

मंदिरों को सजाने के लिए फूलों की काफी मांग रही। मांग अधिक होने के कारण फूल 120 से 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिके।

सार संक्षेप

भक्तों ने निकाली शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ भी किए

अफजलगढ़, अमृत विचार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग राम नाम के रस में डूब रहे। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अनेक स्थानों पर शोभा यात्रा निकाली गईं तथा सुन्दरकांड व अखंड रामायण का पाठ किया गया। शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। सोमवार की सुबह बड़े शिव मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। इस दौरान राम भक्त श्रीराम ध्वज लिए राम जी के जयकारे लगाते तथा नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान राम सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की सुन्दर झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होली चौक होते हुए गौरीशंकर मंदिर पर सम्पन्न हुई। इसके बाद युवाओं ने बाइक रैली निकाली। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, हरिश्चन्द्र कर्णवाल, अतुल अग्रवाल, अनिल रस्तोगी, अजय कौशिक, अमरीश अग्रवाल, अतुल जैन, अंकुर अग्रवाल, विनय भार्गव, विकास जैन, करुण अग्रवाल, सर्वजीत सिंह हुंदल,अगम कुमार जैन, नितिन कौशिक, सभासद उमेश अग्रवाल, विभोर, आलोक गुप्ता, सनी गुप्ता, मुकेश कंबोज, सुनील जोशी, बादल, लवी कुमार तथा बबीता रूहेला आदि मौजूद रहे।

हवन-पूजन कर की खुशहाली के लिए प्रार्थना

किरतपुर, अमृत विचार : ग्राम सिकरी बढ़ापुर में अयोध्या में बने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव के मंदिरों में हवन व सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सोमवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ग्राम पंचायत सीकरी बढ़ापुर में कुल देवता के मंदिर पर हवन व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हवन पूजन कर सभी ने देशवासियों की खुशहाली के लिए प्राथना की। गांव में स्थित तीनों मंदिरों पर हवन व सुंदरकांड का योजना हुआ। इसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य यजमान ग्राम प्रधान निरंजन चौधरी, देवेंद्र सिंह,अशोक धीमान, धर्मेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, बलजीत सिंह, दीपेंद्र, रिपेनेदर, टीना, रूबी, रुद्राक्ष आदि रहे।

एक नजर

टूटी पुलिया की मरम्मत नहीं होने से लोग परेशान

रामपुर, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला नालापार कलघर में कई दिनों से पुलिया, स्लैब टूटे हुए हैं। जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासी काशिफ, यासीन गुड्डू का कहना है कि पुलिया का निर्माण कराए जाने के लिए पालिका अधिकारियों का ध्यान नहीं देने से खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि जल्द ही पुलिया का निर्माण कराया जाए।

सांसद की रिहाई को राष्ट्रपति को लिखा पत्र

रामपुर, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी सदस्य फैसल मियां ने राष्ट्रपति को अपने खून से पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि संजय सिंह ऐसे नेता है जो केंद्र सरकार की नाकामियों को उजागर करते हैं, इसीलिए उनको झूठे आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उनकी रिहाई नहीं होने से पार्टी को नुकसान हो रहा है।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का बदला जाएगा नाम, स्वास्थ्य विभाग जल्द शुरू करेगा प्रक्रिया

214 एचडब्ल्यूसी पर लिखा जाएगा आरोग्य मंदिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए 214 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के नाम बदलेंगे। यह सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाने जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग जल्द ही नाम बदलने की प्रक्रिया को शुरू करेगा। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किए जाने का निर्णय लिया है।

नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि जिले में 214 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। यहां पर्याप्त दवा, जांच की सुविधा, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी सहित बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। अब इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया जाएगा। अभिलेखों में नाम बदलने और सेंटरों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का बोर्ड लगेगा।

इसकी प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी। नाम बदलने में करीब एक माह का समय लगेगा। आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत पांच साल पहले की गई थी। केंद्र सरकार 2018 में शुरू की गई इस योजना के तहत कम आय वाले लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। इस योजना के दो घटक है जो एक दूसरे के पूरक हैं। पहले घटक के तहत प्राथमिक स्वास्थ्यस देखभाल के लिए देशभर में स्वास्थ्य और कल्याण का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। आयुष्मान भारत के दूसरे घटक के तहत जन आरोग्य पीएम, जेवाई योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत कम से कम पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलता है।

पहाड़ी गेट पर बनेगी 50 बैड की क्रिटिकल केयर यूनिट

सड़क हादसे में घायल लोगों का उपचार करने को पहाड़ी गेट स्थित 50 बैड की क्रिटिकल केयर यूनिट बनेगी। इसके बनने से मरीजों दिल्ली, अलीगढ़ रेफर नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले दिनों कार्यदायी संस्था द्वारा जगह का चिन्हाकंन के लिए टीम रामपुर आई थी। यह यूनिट तीन हजार वर्ग फिट में बनायी जाएगी। इसके बनने से गंभीर रोगियों को समय से उपचार मिलेगा। मालूम हो कि एक चादरवाला बाग में भी कम्प्रिहैंसिव इमरजेंसी यूनिट का निर्माण में बजट के अभाव में लटका हुआ है। कार्यदायी संस्था द्वारा 1.45 करोड़ का ठेका हुआ है, लेकिन इसमें अभी तक सिर्फ 24 लाख रुपये ही स्वीकृत हुए है।

अस्पताल में चिकित्सकों की कराई जाए नियुक्ति

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 37 के सभासद सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। सभासद ने बताया कि चिकित्सालय में डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं होने पर मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते मरीज मजबूरी में प्राईवेट चिकित्सकों के यहां उपचार करा रहे हैं। उन्होंने सीएमओ से मांग की, चिकित्सालय में मरीजों को परेशानी को देखते हुए रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति कराई जाए। डॉक्टरों के आने से मरीजों को उपचार में काफी सहूलियतें मिलेंगी।

18 फरवरी को होने वाले कीर्तन में राजस्थान के मंत्रियों को दिया निमंत्रण

रामपुर, अमृत विचार: मिलक के कुछ लोगों ने राजस्थान के गृह राज्यमंत्री , गोपालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार जोरावर सिंह से मुलाकात की।

इस दौरान खाटू श्याम मंदिर राजस्थान में उत्तर प्रदेश से फागुन मेले में जो श्रद्धालु आते हैं। उनको लेकर कुछ चर्चा हुई। इसमें मंत्री ने आश्वासन दिया की, उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। 18 फरवरी का मिलक कीर्तन का निमंत्रण दिया। उधर, कीर्तन की जल्द ही तैयारी की जाएगी। मुलाकात करने वालों में डॉ पंकज गुप्ता, सुनील गुप्ता जी, वीरेंद्र कश्यप जी, हरिओम गंगवार जी , मोहित मौर्य जी आदि लोग शामिल रहे।

सर्दी में ठिठुरे लोग, कोहरे में रेंगते रहे वाहन

अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन रही रद, दोपहर बाद निकली धूप, शाम होते ही फिर बढ़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार सुबह कोहरे के बीच हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। लोगों ने अलाव सेंककर सर्दी से बचाव किया। कोहरे के कारण अवध असम एक्सप्रेस रद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

जनवरी के अंतिम दिनों में सर्दी अधिक है। दोपहर बाद कुछ देर के लिए धूप निकली, लेकिन लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिली। शाम होते ही फिर से सर्दी बढ़ गई। बाजारों और गली मोहल्लों में भी लोग जरूरी कामों से निकले। हालांकि शनिवार मौसम कुछ साफ रहा था। दोपहर में धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से राहत मिल गई थी।

उधर, कोहरे के चलते ट्रेनें भी कई-कई घंटे विलंबित चल रही हैं। सोमवार को सियालदा जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन आधा घंटा देरी से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस ट्रेन काफी दिनों से रद चल रही है। लालगढ़-डिब्रुगढ़ सोमवार को रद रही। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान रहे। इसके अलावा बसों में यात्री सफर कर रहे हैं, लेकिन सर्दी के चलते दिल्ली जाने वाले यात्री बसों में कम ही सफर कर रहे हैं। रोडवेज की बसें और डग्गामार वाहनों को सवारियां कम मिल रही हैं। अब दो -दो घंटे तक चालक अपने वाहनों को लेकर खड़े रहते हैं।

सर्दी से बचने के लिए अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार

कोहरे के बीच से गुजरती ट्रेन। ● अमृत विचार

अब 25 तक स्कूलों में रहेगा अवकाश

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी के निर्देश पर शीत लहर के कारण जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त स्कूलों में अवकाश 25 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा-1 से 8 तक के बच्चों की 25 जनवरी छुट्टी रहेगी। समस्त शिक्षक विद्यालयों में उपस्थित रहकर गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कराएंगे। उधर, नगर पालिका अध्यक्ष के पति मामून शाह खां ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा कि शीतलहर और कोहरे को देखते हुए जनपद में सीबीएससी, यूपी बोर्ड, मदरसे में अवकाश बढ़ाने की मांग की है।

विशेष लोक अदालत में हुआ 23 वादों का निस्तारण

हापुड़, अमृत विचार : जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह की अध्यक्षता में एवं डॉ०रीमा बंसल, अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं छाया शर्मा, अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की देखरेख में 138 एनआई एक्ट के वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा कुल 697 वाद चिन्हित करते हुए कुल 23 वादों का निस्तारण किया, जिसमें से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार द्वारा कुल 2 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 7,00,000 रूपये का सेटलमेंट किया गया। सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, गढ़मुक्तेश्वर द्वारा 1 वाद का निस्तारण किया गया, जिसमें मु० 1,00,000/-रूपये का सेटलमेंट, किया गया। अपर सिविल जज (जू०डि०) व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम गढ़मुक्तेश्वर ने एक वाद का निस्तारण किया ,जिसमें 1,02,000 रूपये का सेटलमेंट किया गया। सिविल जज (जू०डि०) एफ०टी०सी-1 ने 6 वादों का निस्तारण किया जिसमें 2,11,500 रूपये का सेटलमेंट किया गया। अपर सिविल जज (जू०डि०) प्रथम, हापुड़ ने 3 वादों का निस्तारण किया ,जिसमें 15,14,249 रूपये का सेटलमेंट किया गया । इनके अलावा अपर सिविल जज (जू०डि०) द्वितीय ने 10 वादों का निस्तारण किया ।

अस्पतालों में गूंजीं 47 नवजात की किलकारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जहां पूरे देश में अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों का खुशी माहौल था, तो ऐसे में जनपद के 47 लोगों के घरों में नवजात की किलकारियां गूंजीं। दोहरी खुशी के मौके पर लोगों ने श्री राम के जयघोष लगाए। अस्पताल के स्टाफ ने तिलक लगाकर आरती की। अधिकांश बच्चों का नाम राम, श्रीराम रखा गया।

अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 जनवरी को कई घरों में किलकारी गूंजी। सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राइवेट नर्सिंग होम और घरों में राम के रूप में बच्चों ने जन्म लिया तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चे के जन्म के बाद अस्पताल के स्टॉफ ने आरती उतारी। जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डा. अभिलाषा मिश्र ने बताया कि चिकित्सालय में तीन डिलीवरी हुई हैं। जिसमें 1 नार्मल और दो आपरेशन से महिलाओं ने नवजात को जन्म दिया है। अगर जिले के ब्लॉकवार आंकड़ों पर नजर डाले तो बिलासपुर में छह, चमरौआ में पांच, मिलक में ग्यारह, सैदनगर में एक, शाहबाद में आठ, स्वार में सात, टांडा छह नवजातों को महिलाओं ने जन्म दिया है। इसमें 14 बेटियां, 30 बेटे शामिल है।

श्री राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रसाद वितरण

हापुड़, अमृत विचार : पिलखुवा मे श्री राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा केअवसर पर दिनेश नगर पिलखुवा में दिनेश नगर अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन ने एक विकास समिति का गठन किया गया है जिसमें दिनेश नगर के सम्मानित 11 लोगों को सम्मिलित किया गया है। मंच की अध्यक्षता कर रहे दिनेश नगर के डायरेक्टर डॉ0 विपिन मित्तल एवं दिनेश नगर अपार्टमेंट ऑनर संगठन के अध्यक्ष चौधरी श्रीनिवास सिंह तेवतिया द्वारा सभी 11 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया है। जिसमें संगठन के सभी सदस्यों ने भाग लिया। श्री राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसाद वितरण करवाया गया है। संगठन के उपाध्यक्ष निर्मल राणा, सचिव समरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष हरेश मित्तल, प्रमोद रावत, सुमित सारस्वत, भरमपाल, सुभाष गोयल, पीसी चरण, सगीर अहमद, नीतू सिंह, रमन तिवारी, रुपेश आर्या, पूजा, आरती चौधरी, अजय कश्यप, सोमा अत्रि, सत्येंद्र तेवतिया आदि रहे।

निजी कंपनी करेगी कूड़ा कलेक्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कूड़ा एकत्रीकरण का काम निजी हाथों में देने के लिए तैयारी है। इसके लिए अभी पीलीभीत की एक कंपनी से बातचीत चल रही है। नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक होने के बाद यूजर चार्ज तय किए जाएंगे। अभी तक पालिका वार्डों में घरों से कचरा उठाने पर 50 रुपये का चार्ज ले रही थी। लेकिन कई माह से वार्डों में चार्ज लेना बंद कर दिया था। नई प्रणाली लागू होने के बाद सभी से चार्ज लिया जाएगा।

इस समय शहर में 161 टन कचरा उठाया जाता है। नगर पालिका की ओर से अभी सफाई व्यवस्था की देखरेख की जा रही है। इसमें पालिकाकर्मी 50 रुपये शुल्क के साथ कचरा उठाने का काम करते हैं। प्रत्येक 43 वार्ड में यह प्रक्रिया चलती है। कूड़ा उठान की यह व्यवस्था जल्द ही निजी हाथों में जाने वाली है। इसके लिए पालिका स्तर से काफी प्रयास किए जा रहे हैं। पालिका में इसके लिए अभी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद कंपनी को चिह्नित किया जाएगा। पीलीभीत की एक कंपनी से बातचीत चल रही है। अंतिम बातचीत होने के बाद कंपनी पालिका अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद इसमें रेट तय किए जाएंगे। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि संभावना है कि 50 रुपये के रेट से अधिक नहीं होने चाहिए। रामपुर के अंदर कई वार्डों में गरीब तबके के लोग भी रहते हैं।

डायमंड रोड किनारे पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

> कूड़ा कलेक्शन में यूजर चार्ज की वसूली के लिए प्रक्रिया चल रही है, कई जगह से बातचीत चल रही है। सभी के साथ बैठक के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। - दुर्गेश त्रिपाठी, ईओ

एलआईसी चौराहा पर स्पीड ब्रेकर की मांग

रामपुर, अमृत विचार: एलआईसी चौराहा पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने को दुकानदारों ने शहर विधायक को पत्र सौंपा। जिसमें सुशील कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता का कहना है कि स्पीड ब्रेकर के नहीं होने से चौराहे पर आए दिन हादसे हो रहे है।

ज्यादातर एलआईसी पार्क की ओर से चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर ज्यादातर हादसे होते है। दुकानदारों का कहना है कि इसके लिए पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र दिया था। जिन्होंने मौके पर आकर ब्रेकर बनवाए जाने की बात कही थी। इस बात को भी काफी समय गुजर चुका है। चौराहे पर स्पीड ब्रेकर के बनने से काफी हद तक हादसों से निजात मिल सकेगी।

सम्मान कार्यक्रम में क्षय रोग विभाग, परिवार नियोजन के अधिकारियों को सीडीओ ने किया सम्मानित

क्षय रोग उन्मूलन में 46 स्वास्थ्यकर्मियों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने को प्रदेश में जनपद को पहला स्थान मिला है। क्षय रोग को मिटाने में सहयोग करने वाले एसटीएस सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, एसटीएलएस सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर, लैब टैक्नीशियन, टीबी एचवी, डीपीसी, पीपीएम को सीडीओ और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सम्मानित किया। परिवार नियोजन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नोडल, आशाएं, एएनएम और मेडिकल ऑफिसर की पीठ थपथपाई गई।

बरेली रोड स्थित एक होटल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव मौजूद रहे। सीडीओ ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन में प्रदेश में जनपद को पहला स्थान मिला है। टीबी को खात्मा करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी के निर्देशन टीमें कार्य कर रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिया। इसके लिए केंद्र सरकार बराबर प्रयासरत है। इसके बाद उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ओपी आर्या, डॉ. सतेंद्र कुमार को शील्ड देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य कर्मियों में 13 एसटीएस, 6 एसटीएलएस, 17 लैब टैक्नीशियन, 8 टीबीएचवी, 1 डीबीसी और एक पीपीएम शामिल रहे।

सम्मानित होने के बाद सीडीओ, सीएमओ के साथ मौजूद एसटीएस। ● अमृत विचार

परिवार नियोजन में नोडल समेत सात कर्मी सम्मानित

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए नोडल समेत सात कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रदेश में जनपद का बेहतर प्रदर्शन होने पर नोडल अधिकारी डॉ. के के चहल, तीन आशाएं, तीन एएनएम और एक मेडिकल आफिसर को सीएमओ ऑफिस में सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ. एससपी सिंह ने कार्यक्रम में परिवार नियोजन के बारे में जागरूक कर परिवार नियोजन के तरीके और फायदों के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा आदि योजनाओं के बारे में बताया। कन्या सुमंगला योजना बच्चियों के हित की योजना है। इस योजना का बच्चों को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

मुरादाबाद के पीतल कारोबारी की हादसे में मौत

रामपुर, अमृत विचार : मूंढापांडे क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में मुरादाबाद के पीतल कारोबारी प्रदीप भटनागर (55) की मौत हो गई। उनके साथ स्कूटी सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसे में घायल व्यक्ति को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जयंतीपुर में पीतल कारोबारी प्रदीप भटनागर का परिवार रहता है। रविवार को वह स्कूटी से पास के ही रहने वाले राहुल के साथ किसी रिश्तेदारी में रामपुर आए थे। रात को यहां से वापस जाते समय मूंढापांडे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

सार-संक्षेप

लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर दिलाई शपथ

बबराला अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पंचायत बबराला पहुंची। इस दौरान लोगों को केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई। इस दौरान विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, कुमोद वार्ष्णेय, राम अवतार, मीना गुप्ता, गिरिराज, प्रभाष किशन, प्रशांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

सपा की पीडीए यात्रा बनेगी बदलाव की यात्रा

बबराला अमृत विचार : समाजवादी यात्रा पीडीए यात्रा सोमवार को मुरादाबाद जनपद की ओर रवाना हो गई। समाजवादी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती ने कहा कि पीडीए यात्रा पूरे देश में बदलाव की यात्रा होगी। समाजवादी की पीडीए यात्रा एनडीए को परास्त करेगी। उन्होंने कहा कि गुन्नौर में समाजवादी यात्रा के विभिन्न कार्यक्रमों को प्रशासन ने निरस्त कराया है, वह संविधान के विरुद्ध है। चाहते तो हम कार्यक्रमों को कर सकते हैं लेकिन हम बाबा साहब के अनुयायी हैं। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और दबे कुचले अगड़े इस यात्रा को सफल बना रहे हैं। देश में यह यात्रा बदलाव की यात्रा होगी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, अमित यादव, जुगल किशोर वाल्मीकि, कृष्ण मुरारी शंखधार, विपिन यादव, मांगेराम कश्यप, ओमप्रकाश प्रजापति, विमलेश कुमारी, सतीश प्रेमी, नेत्रपाल सिंह, अनिल यादव, पूरनलाल, विजेंद्र सिंह, चरण सिंह, उमेश यादव आदि रहे।

संविधान की प्रस्तावना पढ़ शपथ दिलाई

चन्दौसी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती के नेतृत्व में लखनऊ से 17 जनवरी को पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा रवाना की गई पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) यात्रा सोमवार को चन्दौसी पहुंची। यहां बहजोई रोड स्थित ग्राम आटा के ज्ञानवती वेंकट हॉल पर यात्रा का स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी, बलवंत सिंह, नगराध्यक्ष संजय मदान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर धर्मनिरपेक्षता की शपथ दिलाई गई। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती ने कहा कि आज के ही दिन 22 जनवरी 1949 को संविधान सभा ने संविधान की प्रस्तावना को स्वीकृत किया था तथा देश का संविधान सभी को अपना धर्म, संस्कृति तथा अपने सामाजिक विरासत को अपनाने की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इस मौके पर जुगल किशोर बाल्मीकि, असगर अली अंसारी, फिरोज खान, कृष्ण मुरारी शंखधार, विमलेश कुमारी, राजीव रस्तोगी, सलीम राईन, कपिल देव, सुरेन्द्र यादव, सुभाष बाल्मीकि, निकुंज गंगवार आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महफिल में शायरों ने कलाम पेश कर लूटी वाहवाही

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में बज्मे शोआरा ए सादात की ओर से मुहल्ला चौधरियान में जामिन अब्बास जाफरी के मकान पर महफिल का आयोजन हुआ। जिसमें शायरों ने कलाम पेश करके वाहवाही लूटी। महफिल का आरंभ मौलाना मोहम्मद अब्बास ने तिलावत ए हदीसे किसा से किया। नाते पाक मोहसिन और अली हैदर ने पढ़ी। महफिल में महमाने खुसूसी नय्यर अली जैदी बिजनौरी, मुन्तकिम मेहंदी, सलमान खुर्शीद, अमान रिजवी, गुलाब अली हैदर, नईम अब्बास, परवेज आलम, हादी रजा, बाबर, मोहसिन शाहपुरी, जैद, मोहम्मद रिजवी, अजमल, मेहंदी, नूर, फैजी, शमशीर, अरशद जलाल, काशिफ, शोबी, अजीम, शमीम, मीर सादिक सिरसीवी, महबूब, शबीउल, नय्यर बिजनौरी, शमीम, हसन मेहंदी, असद, नकी, नश्तर, जरीफ, सबा आदि ने कलाम पेश किए। आखिर में मौलाना शमीम हैदर नकवी ने मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ की। इस दौरान मोहम्मद हुसैन जाफरी, मौलाना मुनव्वर रजा, मौलाना काजी हुसैन रजा, मौलाना मोहम्मद अब्बास, मौलाना मीसम अब्बास आदि रहे। संचालन असद सिरसीवी ने किया।

घर में घुसकर नहाती महिला से छेड़छाड़

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : थाना रजपुरा क्षेत्र में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर नहा रही महिला से छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर युवक धमकी देकर भाग गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण पेट्रोल पंप पर मजदूरी करने के लिए बाहर रहता है। सोमवार को दोपहर के समय ग्रामीण की पत्नी महिला घर में अकेली थी और वह नहा रही थी। आरोप है कि पड़ोसी युवक छत के रास्ते घर में घुस आया। युवक अश्लील हरकतें करते हुए महिला से छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। तब आरोपी युवक धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

नारायण सेवा समिति ने कारसेवकों को किया सम्मानित

चन्दौसी, अमृत विचार : स्व. भगवान दास एवं प्रेमवती की पुण्य स्मृति में नारायण सेवा समिति ने 1990 में अयोध्या गए 11 कार सेवकों का शिवालय मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया । मुख्य वक्ता विनय अग्रवाल, योगेंद्र मोहन शास्त्री, नैतिक तिवारी आदि ने श्री राम पर विचार व भजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि बृजेश चौहान ने भी विचार रखे। पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने कारसेवकों के अनुभव बताए। डॉ. अक्षय व रजनीश ने संबोधित किया। कार सेवकों में लक्ष्मी देवी, विनय अग्रवाल, कन्हैया वार्ष्णेय, परमेश्वरी लाल सैनी, अजय अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, डूंगरमल, उमेश सक्सेना, हरिओम कश्यप, रजनीश कुमार व यशपाल को सम्मानित किया गया। मंच के अतिरिक्त उर्मिला देवी, यशपाल, सोनी सक्सेना, दिनेश कुमार, शैलेंद्र सक्सेना, अनुज कृष्ण, डॉ. संजय कुशवाहा, डॉ. खेलेंद्र सक्सेना को सम्मानित किया। संचालन हरीश कठेरिया ने किया। इस अवसर पर सूर्यजीत सिंह, पवन अग्रवाल, उदयवीर सिंह, मुकेश जाटव, देवांश कृष्ण, डॉ. हरवेंद्र सिंह, डॉ. दिग्विजय, डॉ. हेमेशनाथ, शीतल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

पत्नी से विवाद पर किया जहरीले पदार्थ का सेवन

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के प्रगति विहार में युवक ने पत्नी से विवाद होने पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को सीएचसी लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रगति विहार निवासी राजेश का सोमवार की दोपहर किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। युवक ने गुस्से में आकर घर में रखा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब युवक की हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजन युवक को गंभीर हालत ने सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

हत्यारोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र में गोली मारकर ग्रामीण की हत्या के आरोप में दो माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव चंदनकटी मौजा निवासी देव सिंह गांव के ही सोमवीर की हत्या के आरोप में नबंवर माह से फरार चल रहा था। सोमवार को देव सिंह गांव मुजाहिदपुर में स्थित गौशाला के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और देव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को देव सिंह के पास से तमंचा बरामद हुआ।

रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

चन्दौसी, अमृत विचार : अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों के सामान की तलाशी ली। साथ ही ट्रेन के अंदर में संदिग्ध लगने पर यात्रियों से पूछताछ की गई। सोमवार को जीआरी प्रभारी राजदेव पूनिया ने आरपीएफ के साथ रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में चेकिंग की । सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के सामान की तलाशी लेकर पूछताछ की। कुछ संभ्रांत नागरिकों की ओर से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निशुल्क जलपान कराया गया।

सुभाषचंद्र बोस जयंती पर बादाम पर पेंटिंग बनाई

हापुड़, अमृत विचार : आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चन्द्र बोस के 127 वें जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर युवा आर्टिस्ट, समाजिक कार्यकर्ता सहायक प्रोफेसर ओमपाल सिंह ने बादाम पर एक्रेलिक कलर से मात्र 30 मिनट में नेता जी की पेंटिंग बनाकर उनका स्मरण किया। ओमपाल सिंह ने बताया कि अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलाने में अनेक लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस महान देश भक्त थे। जिन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा दिया और आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

माफिया की सूची में दर्ज बदमाशों पर नहीं हो रही प्रभावी कार्रवाई

डीजीपी ने बीते महीने समीक्षा के दौरान जाहिर की थी नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर से बनी माफिया की सूची में शामिल बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई में जिले स्तर भी गंभीरता नहीं दिख रही है। जबकि कुछ माह पहले डीजीपी विजय कुमार ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए नौ माफिया को खास तौर पर चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उनमें से सिर्फ गौतमबुद्धनगर का बदमाश अनिल भाटी के खिलाफ पिछले माह प्रभावी कार्रवाई की गई थी। उस दौरान उसकी एक करोड़ सात लाख की संपत्ति कुर्क की गई।

प्रयागराज में दिन-दहाड़े पूरे फिल्मी स्टाइल में उमेश पाल हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा माफिया के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की घोषणा किए जाने कुछ हफ्ते बाद प्रदेशभर में 64 माफिया की सूची जारी की गई थी। उसमें से अतीक अहमद की हत्या हो गई, जबकि पश्चिम के माफिया अनिल दुजाना और आदित्य राणा को एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा जा चुका है। वहीं अभी ढेर सारे चुनौती बने हुए हैं। जिन तक एसटीएफ और जिले की पुलिस पहुंच नहीं पायी है। डीजीपी विजय कुमार की की समीक्षा में यह बात सामने आयी थी कि प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल नौ बदमाशों पर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई थी। उसके बाद जिस जिले के माफिया रहने वाले हैं, वहां के पुलिस कमिश्नर, पुलिस कप्तान को पत्र लिख कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सूची में देवरिया के पूर्व एमएलसी संजीव उर्फ रामू द्विवेदी का भी नाम है।

▸▸ फरार ही नहीं, जमानत पर चल रहे माफिया भी बने चुनौती

मुजफ्फरनगर के विनय त्यागी, गाजीपुर के त्रिभुवन सिंह, गौतमबुद्धनगर के अनिल भाटी, सिंह राज भाटी, वाराणसी के सुभाष सिंह ठाकुर, बृजेश सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ जहर और प्रतापगढ़ के मनोज तिवारी पर कार्रवाई 'शून्य' होना सामने आया था। माफिया की सूची में शामिल मेरठ जिले का पांच लाख का इनामी कुख्यात बदन सिंह उर्फ बद्दो करीब चार वर्षों से चुनौती बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के अपराध जगत की समझ रखने वाले जानकारों का कहना है कि सूचीबद्ध फरार माफिया तो चुनौती हैं ही, जमानत पर चल रहे माफिया भी पुलिस के लिए कम सिरदर्द नहीं हैं। गैंगवार से लेकर उनके गिरोह की आपराधिक गतिविधियों का खतरा हमेशा बना रहता है।

नहीं रहे सीएमएस के संस्थापक व शिक्षाविद डॉ. जगदीश गांधी

लखनऊ, अमृत विचार : सीएमएस के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी (87) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर उन्हें 28 दिसंबर को शहर के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां वेंटिलेटर सपोर्ट पर उनका इलाज किया जा रहा था। रविवार रात 12:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जगदीश गांधी एक प्रखर शिक्षाविद थे। मंगलवार को गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा में उनका पार्थिव शरीर दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।जगदीश गांधी का जन्म 10 नवंबर 1936 को अलीगढ़ जिले के सिकंदराराऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम बरसौली में हुआ था। जगदीश गांधी अपने पीछे एक समृद्ध पारिवारिक विरासत भी छोड़ गए हैं। जिनमें उनकी पत्नी डॉ. भारती गांधी, बेटा विनय, दो बेटियां सुनीता और गीता गांधी शामिल हैं। डॉ. जगदीश गांधी ने अपना सफर 1957 में लखनऊ विश्वविद्यालय से शुरू किया।

सीटेट परीक्षा में पकड़ा गया आजमगढ़ का सॉल्वर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : परीक्षा किसी की, दे कोई और रहा था। शक होने पर युवक को दौड़ाकर पकड़ा गया। सीटेट परीक्षा में सॉल्वर बनकर परीक्षा देते पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आशियाना पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशियाना का कहना है कि सॉल्वर को गिरफ्तार करते हुए अभ्यर्थी की तलाश में आजमगढ़ पुलिस से मदद ली जा रही है।

दरअसल, रविवार को सीटेट परीक्षा का आयोजन लखनऊ के कई विद्यालयों में किया गया था। दो पालियों में आयोजित परीक्षा आशियाना पब्लिक इंटर कॉलेज में भी आयोजित हुई। बताते हैं कि पहली पाली में कक्ष संख्या 7 में आजमगढ़ जनपद के भेदौरा अतरौलिया थाना क्षेत्र स्थित गजेन्द्र पट्टी निवासी सौरभ चन्द्र को परीक्षा देनी थी। इसके स्थान पर गुपचुप तरीके से सॉल्वर हरगोविंद सिंह आ गया। कुछ देर चली परीक्षा के बाद कक्ष में सचल दस्ते के साथ प्रधानाचार्य अनिल कुमार श्रीवास्तव पहुंचे तो उन्हें हरगोविंद पर शक हुआ। पूछताछ के बीच राज-फाश होता देख हरगोविंद ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वो पकड़ा गया। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद प्रधानाचार्य की ओर से आशियाना थाने में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक आशियाना छत्रपाल सिंह का कहना है कि सॉल्वर बनकर परीक्षा दे रहे आजमगढ़ जनपद स्थित अतरौलिया थाना क्षेत्र के भेदौरा निवासी हरगोविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस अभ्यर्थी के स्थान पर आरोपी परीक्षा दे रहा था, वो भी नामजद है। अभ्यर्थी सौरभ चन्द्र की गिरफ्तारी को लेकर आजमगढ़ पुलिस से मदद ली जा रही है।

राज खुला तो स्वीकार किया अपराध

राज खुलने पर हरगोविंद ने अपने अपराध को स्वीकार किया। ऐसे में उसने विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार श्रीवास्तव को लिखकर अपनी गलती स्वीकार की। बताते हैं कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद साक्ष्यों में इसे भी सम्मिलित किया है।



अयोध्या से लखनऊ लौटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपने सरकारी आवास पर रामज्योति प्रज्वलित करते हुए। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

शोभायात्रा के दौरान करंट लगने से नौ बच्चे झुलसे

अमेठी, एजेंसी : जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में शोभायात्रा के दौरान करंट लगने से नौ बच्चे गम्भीर रूप से झुलस गये जिनमें से एक को नाजुक हालत में लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक लल्लन सिंह ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के दुरई का पुरवा गांव में शिव मंदिर में भंडारे का कार्यक्रम था और शोभायात्रा निकाली गई थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान डीजे सिस्टम ऊपर से बिजली के तार से छू गया जिससे करंट लगने से नौ बच्चे झुलस गए। सिंह ने बताया कि सभी घायल बच्चों को गौरीगंज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से नंदन सिंह (15) को हालत गंभीर होने के कारण ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि बाकी आठ बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है और सभी बच्चों की आयु नौ से 15 वर्ष के बीच है।

अंगीठी जलाकर सोये बुजुर्ग दंपत्ति व बेटे की मौत

कानपुर, अमृत विचार : जूही के बसंती नगर में रविवार रात घर के कमरे में अंगीठी जलाकर सोये परिवार के पांच लोगों में से बुजर्ग दंपति और एक बेटे की मौत हो गई। सोमवार सुबह दूध वाले के आने पर घर के पीछे कमरे में सोये छोटे बेटे की नींद खुली तब घटना की जानकारी हुई। परिजन सभी को लेकर कॉर्डियोलॉजी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार, एसीपी नौबस्ता, जूही पुलिस व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। बसंती नगर निवासी पूरनचंद शर्मा (90), पत्नी मिथलेश शर्मा (85), दो बेटों नरेंद्र (52), रामजी (38) के परिवार के साथ पहली मंजिल पर रहते थे। घर के ग्राउंड फ्लोर पर चारा मशीन के पाइप बनाने का कारखाना है। पूरनचंद्र के चकेरी निवासी भाई सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि ठंड होने के कारण रविवार रात सभी लोग अंगीठी जला कर ताप रहे थे। इसके बाद रामजी पत्नी रंजना, बेटे छज्जू (8) व बेटी मोमो (4) के साथ कमरे में सोने चले गए। जबकि पूरनचंद्र, मिथलेश, नरेंद्र और उनके दोनों बच्चे निमिषा (22) व ध्रुव (18) के साथ एक कमरे में सोने चले गए और अंदर अंगीठी भी रख ली।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

मेरठ : मेरठ के ग्रामीण इलाके में सोमवार को कथित रूप से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार, घटना जिले के फलावदा कस्बे में सोमवार की सुबह हुई। उस वक्त पेंठ बाजार में युवती मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रही थी।

बताया जाता है कि गांव के ही एक युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने जेब से तमंचा निकाल कर उसे गोली मार दी और भाग गया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। खून से लथपथ युवती ने अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश ठाकुर ने बताया कि मृत युवती की पहचान सोफिया (18) के रूप में हुई और आरोपी का नाम फरहान है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दल गठित किया गया है। इस बीच, घटना को लेकर इलाके के लोगों में भारी आक्रोश है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने फलावदा महलका मार्ग अवरुद्ध कर दिया। सूचना पा कर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए।

वकील आज भी न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे

विधि संवाददाता, प्रयागराज : अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं में हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। इसी क्रम में न्यायविद् हनुमान मंदिर में सुंदरकांड, भजन कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसी के साथ 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे ओल्ड स्टडी रूम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक आपातकालीन बैठक अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ताओं की समस्याओं को समझते हुए अव्यवस्थित यातायात के कारण दिनांक 23 जनवरी 2024 को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

40 चार्टर्ड विमान से उतरे वीआईपी प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने को पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए देश के बड़े उद्योगपति घरानों के लोग चार्टर्ड विमान से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर पहुंचे, जबकि सोमवार देर शाम कुछ उद्योगपति वापस लौट गए।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले उद्योग पतियों के लिए पूरी तैयारी की गई थी। 24 से अधिक उद्योगपतियों ने विमान उतारने के लिए अनुमति मांगी थी। शनिवार से ही चार्टर्ड विमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने अयोध्या में मौसम खराब होने पर प्रधानमंत्री के विमान की लैंडिंग को लेकर भी सभी तैयारी की थी। उक्त हवाई अड्डे से प्रतिदिन 150 छोटे-बड़े विमान आते-जाते हैं। अधिकारियों ने दो सौ छोटे-बड़े और 50 चार्टर्ड विमान को लेकर व्यवस्था की थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को लगभग 40 चार्टर्ड विमान चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरे। अतिथियों को उतारने के बाद यहां से कुछ चार्टर्ड विमान चकेरी और वाराणसी खड़े होने के लिए भेज दिए गए। जबकि कुछ उक्त एयरपोर्ट पर ही खड़े रहे। सोमवार को हैवेल्स ग्रुप के चेयरमेन अनिल गुप्ता, हिंदुजा समूह के अशोक हिंदुजा, जेएसडब्ल्यू के सज्जन जिंदल, मित्तल ग्रुप के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल, गुरुविंदर सिंह ढिल्लन और पवन कल्याण शामिल है। इसके अलावा बजाज ग्रुप, राधा स्वामी सत्संग न्यास एवं कल्याण ज्वैलर्स ग्रुप के साथ ही अन्य कई उद्यमियों के विमान उतरे। इनमें से कुछ उद्योगपतियों के विमान सोमवार देर शाम वापस लौट गए।

▸▸ चकेरी और वाराणसी में खड़े कराए गए विमान

हड़ताल के दौरान निलंबित बिजली कर्मियों की बहाली में हीलाहवाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बिजली हड़ताल के दौरान निलंबित कर्मियों में सभी की बहाली नहीं की गई है। इसको लेकर बिजली अभियंताओं व कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है।

पिछली गर्मी के मौसम में हड़ताल किये जाने व हाईकोर्ट के सख्ती के बाद 170 बिजली कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था, पर हड़ताल के खत्म होने पर राज्य सरकार ने इन कर्मियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने का निर्णय लिया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच हुई वार्ता में सभी बिजली कर्मियों के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई वापस लेने का आश्वासन दिया गया था, पर अभी तक 70 बिजली कर्मियों की ही बहाली हो सकी है। निलंबित चल रहे कर्मियों का कहना है कि सभी कर्मियों को निलंबन के दौरान एक साथ आरोप पत्र दिये गये थे। सभी कर्मियों ने उसके जवाब दाखिल कर दिये हैं, पर शेष कर्मियों को बहाल नहीं किया जा रहा है। इस सिलसिले में कारपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बाकी कर्मियों की बहाली के लिए विभागीय कार्रवाई चल रही है। इन कर्मियों को भी जल्द ही बहाल किया जाएगा।

अयोध्या समेत प्रदेश में हुई 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति

लखनऊ। अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में सोमवार को चैबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराई गई। इस दौरान बिजली अभियंता बिजली आपूर्ति पर सतर्क नजर रखे रहे। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 15 जनवरी से ही चैबीस घंटे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। यह क्रम 24 जनवरी तक जारी रहेगा। इसके अलावा पावर कॉरपोरेशन ने सोमवार को पूरे प्रदेश में चैबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था के निर्देश दिये थे। इसके तहत प्रदेश भर में निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराई गई। सोमवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट दर्ज की गई।

जौनपुर में हमले में एक ही परिवार के 6 लोग घायल

एजेंसी

जौनपुर : जिले के एक गांव में व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते कुछ लोगों ने एक परिवार पर सोमवार को हमला कर दिया जिसमें एक नाबालिग लड़की सहित परिवार के छह सदस्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि छह लोगों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया और उनपर गोली भी चलाई। पुलिस के मुताबिक, घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा कर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने ने एक्स पर कहा कि जौनपुर में सरेआम पांच लोगों को गोली मारने की वारदात दिखा रही है कि आज जब उप्र सबसे चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में है तब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं तो सोचिए बाकी दिनों में उत्तर प्रदेश का क्या हाल होता होगा। लगता है एक गोली भाजपा सरकार के अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के दावे को भी मारी गयी है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुबह लोगों का एक समूह शेखाहीं गांव निवासी अनुराग यादव के घर पहुंचा और उनके परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में अनुराग यादव समेत परिवार के पांच पुरुष सदस्य और 15 वर्षीय एक लड़की घायल हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह हमला आपसी दुश्मनी का नतीजा था। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि घायलों में से कितने लोगों को गोली लगी है। कानून एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

वर्ग पहेली-321

बाएं से दाएं

1. एक प्रकार का मीठा व्यंजन।
3. 1. सुनार का तराज़ू 2. लौहशलाका।
5. 1. जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन, जीविका 2. रोज़ी-रोटी का प्रबंध।
8. 1. किसी दूसरे को बीनने या छांटने के काम में प्रवृत्त करना, चुनवाना 2. सिलाई आदि की सहायता से धागे से कपड़ा बनाना, बुनवाना।

ऊपर से नीचे

2. रोष से भरा, रोषयुक्त, रोषपूर्ण।
4. 1. दूर करना, हटाना 2. बंद करना 3. छिपाना 4. आच्छादित करना, ढकना 5. विचार या इच्छा को दबाना 6. रोकना 7. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह 8. निग्रह 9. पसंद करना, चुनना 10. समाप्ति।
6. 1. मोटरयान
7. 1. चार कोनों वाला, चौखूंटा 2. जिसके या जिसमें चार कोण हो 3. चौकोर, चतुष्कोण।



वर्ग पहेली - 320 का हल

	1 ए		2 अ	र	3 ना
	क		रु		गां
	म		णो		ग
4 हि	त	वा	द		
फ़ा			य		5 जि
6 ज़	ख़	नी			ग
ती			7 प	ने	री

सुडोकू-38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		3			8		7	9
	9		6			3		
2			9					1
		2			5		1	
9		4		7			3	2
1			3			7		
	5			8			6	
7			1			4		3
		1			4		2	

सुडोकू - 37 का हल

1	3	8	5	4	6	9	2	7
4	2	5	9	7	3	1	8	6
6	9	7	1	8	2	3	4	5
9	5	6	8	2	4	7	1	3
3	4	2	6	1	7	8	5	9
7	8	1	3	9	5	2	6	4
8	1	4	7	5	9	6	3	2
2	6	9	4	3	2	5	7	8
5	7	3	2	6	8	4	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 20.39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-प्रदोष व्रत। **मुहूर्त**-अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.05-09.48, 22.59-23.52 तक। **दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 24 जनवरी 06.26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दूर के स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। मीडिया और प्रकाशन समूह से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

वृष — आज आप लोगों के लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेंगे। घर का माहौल बहुत ही सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेत्तर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे।

मिथुन — आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

कर्क — आज आप अपना मन शान्त रखें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। स्वार्थी लोग आपके संपर्क में रहेंगे। इसीलिए लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। पहले की गई गलती का खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा।

सिंह — आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें। दिन की शुरुआत किसी शुभ खबर से होगी। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों का काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें।

तुला — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म के प्रति बोरियत महसूस होगी। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं। अनर्गल कार्यों में ज्यादा ध्यान न लगाएं। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

वृश्चिक — आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आयेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जायेंगे।

धनु — आज नई तकनीक के प्रति जिज्ञासु रहेंगे। परिश्रम का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बितायें। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

मकर — आज व्यापार में प्रतिद्वन्दियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

कुंभ — आज लंबी दूरी की यात्रा आप कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सुधार करने पड़ेगा। आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहने वाली है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें।

मीन — आज मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अपनी कमियों को लेकर थोड़े कुण्ठित हो सकते हैं। अहङ्कारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आर या पार — सुबह : 09.40
- प्रेम दिवाना — रात : 07.11

SONY SMAX
- अब तक छप्पन — सुबह : 09.04
- बैंक चोर — रात : 07.00

Utsav Gold
- वेटिंग.. — सुबह : 09.00
- दंबग — शाम : 04.30

ZEE CINEMA
- बीबी हो तो ऐसी — सुबह : 08.58
- डॉन — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- काल — सुबह : 10.18
- वेलकम — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी

लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।

पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।

पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

पत्नी : आप बहुत भोले हैं, आपको कोई भी बेवकूफ बना देता है।

पति : शुरुआत तो तेरे बाप ने की थी।

फिर .... दे चप्पल- दे चप्पल

मोदी ने एक नए युग का सूत्रपात किया उन्हें श्रीराम का आशीर्वाद : राजनाथ

रक्षामंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा पर दिल्ली के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर लिया आशीष

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त है। सिंह ने कहा कि अयोध्या का आयोजन क्रांतिकारी कार्य था और जो इस पल के गवाह रहे लोग भाग्यशाली हैं। रक्षामंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां एक शिव मंदिर में दर्शन किए और इसके बाद यह टिप्पणी की।

अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न हुई और पूरे कार्यक्रम को देशभर के लोगों ने टेलीविजन के जरिये अपने घरों और मंदिरों में देखा।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रक्षामंत्री ने दिल्ली में शिव मंदिर में की पूजा। ● एजेंसी

राजनाथ सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, यह क्रांतिकारी कार्य हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है कि नए युग की शुरुआत हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के फलस्वरूप हम सभी महसूस कर रहे हैं कि लंबे समय के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम राम अयोध्या वापस आ रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी भाग्यशाली हैं कि इस क्षण का साक्षी बनने का मौक मिल रहा है।

विपक्षियों के शामिल न होने पर रहे चुप

शीर्ष विपक्षी नेताओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं शामिल होने के सवाल पर सिंह ने कहा कि मुझे किसी (राजनीति) पार्टी पर टिप्पणी नहीं करनी है। राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां मौजूद अतिथियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान राम अब तंबू में नहीं रहेंगे, बल्कि अब एक भव्य मंदिर में निवास करेंगे।

प्रशासन ने राहुल को मोरीगांव में पदयात्रा न करने को कहा

मोरीगांव (असम)। मोरीगांव जिला आयुक्त ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत नुक्कड़ सभा और पदयात्रा करने से परहेज करने को कहा क्योंकि शरारती तत्व जिले में शांति भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने कांग्रेस पदाधिकारियों को लिखे एक पत्र में कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर जिला प्रशासन को ऐसे शरारती तत्वों की संलिप्तता की आशंका है, जो एक ही दिन दो बड़े आयोजन-भारत जोड़ो न्याय यात्रा और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का फायदा उठाकर असामाजिक गतिविधियों के जरिये शांति को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। इससे पहले, गांधी को वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान पर जाने से रोक दिया गया था।

रंगोली बनाकर सामूहिक पूजा...

अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर के अंदर, भक्त राम मंदिर के अभिषेक समारोह को चिह्नित करने के लिए उसकी रंगोली के पास प्रार्थना की। इस दौरान श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। ● एजेंसी

एक नजर

पवार को सरकार से सवाल करना चाहिए: जरांगे

मुंबई। कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को कहा कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने में हो रही देरी को लेकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र सरकार से सवाल पूछना चाहिए लेकिन वह (पवार) आरक्षण के मुद्दे के खिलाफ बोल रहे हैं। जरांगे राज्य की राजधानी मुंबई की ओर अपने मार्च के तीसरे दिन अहमदनगर जिले के एक गांव में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुंबई तक के अपने मार्च के तहत जरांगे अपने हजारों समर्थकों के साथ 20 जनवरी को जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव से निकले थे। उनकी योजना मुंबई में तब तक आमरण अनशन करने की है जब तक सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने के लिए आदेश जारी नहीं कर देती।

गोवा के मंत्री मोनसेरेट को पड़ा दिल का दौरा

पणजी। गोवा के राजस्व मंत्री अतानासियो (बाबुश) मोनसेरेट को दिल का दौरा पड़ने के बाद बीती रात पणजी के समीप गोवा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया। जीएमसीएच के डीन डॉ. शिवानंद बंडोडकर ने बताया कि मंत्री की रात करीब डेढ़ बजे एंजियोप्लास्टी हुई और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे मोनसेरेट को जीएमसीएच लाया गया था।

भाजपा महिला विरोधी, देवी सीता पर साध लेती है चुप्पी : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता में एक सर्वधर्म रैली में हिस्सा लिया और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ टीएमसी प्रमुख सर्वधर्म रैली में भाजपा पर हुई हमलावर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले धर्म के राजनीतिकरण का प्रयास करने को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की और भगवान राम के बारे में विमर्श से देवी सीता को हटा देने के लिए उसे महिला विरोधी करार दिया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा यहां आयोजित मार्च (सर्वधर्म रैली) का नेतृत्व करते हुए ममता ने देश में धर्मनिरपेक्षता और समावेशिता के सिद्धांतों को संरक्षित करने में बंगाल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

रैली में अपने समापन संबोधन में उन्होंने कहा, मैं चुनाव से पहले धर्म का राजनीतिकरण करने में विश्वास नहीं करती। मैं ऐसी परिपाटी के खिलाफ हूं। मुझे भगवान राम की पूजा करने वालों से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन लोगों की खान-पान की आदतों में हस्तक्षेप पर आपत्ति है। ममता ने विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और पार्टी नेताओं के साथ हाजरा मोड़ से 'सर्व-धर्म सद्भाव' मार्च शुरू किया, जो यहां पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) भगवान राम के बारे में बात करते हैं, लेकिन देवी सीता का क्या? वह वनवास के दौरान हमेशा भगवान राम के साथ रहीं। वे उनके बारे में नहीं बोलते क्योंकि वे महिला विरोधी हैं।

राहुल को शंकरदेव मंदिर जाने से रोका, धरने पर बैठे

नगांव (असम), एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच असम में बताद्रवा थान में सोमवार को संत श्रीश्री शंकरदेव के जन्मस्थान में दर्शन और पूजा करने से रोका गया। इसके बाद गांधी वहीं सड़क पर बैठ गए। गांधी ने उनको मंदिर प्रवेश की अनुमति नहीं देने की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा के आदेश पर उठाया गया है जबकि मंदिर प्रबंध समिति पहले ही दर्शन की अनुमति दे चुकी थी। पुलिस ने श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो कांग्रेस नेता वहीं सड़क पर बैठने को मजबूर हो गये।

पार्टी ने कहा कि श्री गांधी ने अनुमति ली थी लेकिन कल देर रात मंदिर जाने के आदेश के रद किया गया। इस बीच श्री गांधी ने ट्वीट किया, भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। कांगेस नेता ने कहा कि उन्होंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। अमर्यादित सत्ता के विरुद्ध मर्यादा का यह संघर्ष हम आगे बढ़ाएंगे। पुलिस ने जब श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो उन्होंने पूछा, "क्या मामला है भाई। मैंने क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

असम के नागांव जिले में कार्यकर्ताओं संग धरना देते राहुल गांधी। ● एजेंसी

भगवान के दर्शन करने से रोकना अधर्म: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मंदिर में दर्शन से रोकने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान के दर्शन से रोकना बड़ा अधर्म है। उन्होने एक्स के जरिये कहा कि किसी को भी भगवान के दर्शन करने से रोकने से बड़ा अधर्म और क्या हो सकता है। इससे पहले सोशल मीडिया के जरिये उन्होंने जौनपुर में एक ही परिवार के सदस्यों पर गोली चलाये जाने की वारदात पर कहा कि सरेआम पांच लोगों को गोली मारने की वारदात दिखा रही है कि आज जब प्रदेश सबसे चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में है तब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं।

कोर्ट का सोरेन पर कार्रवाई में हस्तक्षेप से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर लोकपाल द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि लोकपाल की कार्यवाही के साथ-साथ शिकायत को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका समयपूर्व दाखिल की गई। न्यायाधीश ने सोरेन की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अभी इसका वक्त नहीं आया है। उच्च न्यायालय ने 12 सितंबर, 2022 को लोकपाल कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

हनुमान बने कलाकार को आया अटैक, मंच पर तोड़ा दम

भिवानी। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भिवानी में राज तिलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार हरीश की मौत हो गई। हरीश 25 सालों से हनुमान जी का किरदार निभा रहे थे। उन्हे हार्ट अटैक आया और उन्होंने प्राण त्याग दिए। दरअसल कार्यक्रम में भजन के माध्यम में श्री राम के राजतिलक की तैयारी चल रही थी। भजन के बोल के अनुसार हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार हरीश अभिनय कर रहे थे. जैसे ही भजन खत्म हुआ तो श्री राम का किरदार निभा रहे कलाकार के पैर छूते हुए उन्होंने प्राण त्याग दिए। बताया जा रहा है कि मंच पर हरीश को श्री राम के चरणों में नतमस्तक होना था. जैसे ही वो नतमस्तक हुए तो उनको हार्ट अटैक आया और वहीं उन्होंने दम तोड़ दिया। कुछ देर तो मंच पर मौजूद बाकि कलाकारों और दर्शकों ने सोचा की हनुमान जी बने हरीश अभिनय ही कर रहे हैं, जब मंच पर उपस्थित लोगों उनको उठाने की कोशिश की तो वो नहीं उठे. जिसके बाद उन्हें हनुमान जी की वेशभूषा में ही अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। हरीश बिजली विभाग से जेई के पद से रिटायर अधिकारी थे।

एयर इंडिया के चालक दल के सदस्य की हत्या में दो पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी का किया दावा

दिल्ली पुलिस ने तिहाड़ जेल के अंदर से मिले आदेश पर नोएडा में एयर इंडिया के चालक दल के एक सदस्य की गोली माकर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की पहचान दिल्ली के भजनपुरा के कुलदीप और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के अब्दुल कादिर के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि सोमवार सुबह अपराध शाखा की एक टीम ने मुठभेड़ के बाद दिल्ली में सराय काले खां बस अड्डे के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

मुठभेड़ में कुलदीप और अब्दुल, दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई और गोगी गैंग के कल्लू खेड़ा ने कुलदीप और अब्दुल को तिहाड़ जेल के अंदर से 32 वर्षीय सूरज मान की हत्या करने का काम सौंपा था। हत्या का आदेश कल्लू खेड़ा उर्फ कपिल गिरोह और दिल्ली की मंडोली जेल में बंद गैंगस्टर परवेश मान गिरोह के बीच चल रही रंजिश के कारण दिया गया था। परवेश मारे गये युवक सूरज मान का भाई है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

सरकार ने आईएफएससी से जुड़ी वित्तीय सेवाओं का दायरा बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के जरिए की जा सकने वाली गतिविधियों के दायरे को बढ़ाया है। इसमें बहीखाता और लेखांकन जैसी सेवाओं को शामिल किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा कि बही-खाता, लेखा, कराधान और वित्तीय अपराध अनुपालन सहित विभिन्न सेवाओं को वित्तीय सेवाओं के दायरे में शामिल किया गया है। यह अधिसूचना 18 जनवरी को जारी की गई।

स्काई में 60 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण

नई दिल्ली। विकास लाइफकेयर लि. (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी।कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) म शेयर अदला-बदली सौदा है।

तरूण बने जिंदल स्टेनलेस के सीईओ

नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरूण खुल्बे को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद पर पदोन्नत किया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया था।

अधिकारी बोले-दोनों पक्षों में प्रमुख मुद्दों पर बनी साझा सहमति

अग्रिम चरण में पहुंची भारत- ईएफटीए के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चार देशों के समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अग्रिम चरण में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच प्रमुख मुद्दों पर एक साझा समझ बन गई है।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। भारत और ईएफटीए के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर बातचीत जारी है। अधिकारी ने कहा कि व्यापक बातचीत के बाद, मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान प्रमुख मुद्दों पर एक साझा समझ बना ली गई है। अब इन्हें एक ठोस आकार देने पर काम चल रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में मुंबई में स्विट्जरलैंड के फेडरल काउंसलर गाइ पार्मेलिन के साथ बैठक की थी।



पार्मेलिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट कर लिखा है कि अधिकारी अंतिम ब्यौरा तैयार करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं, ताकि इस पर जल्द से जल्द हस्ताक्षर किया जा सके। दोनों देशों के बीच आखिरी दौर की वार्ता 13 जनवरी को यहां संपन्न हुई थी।

एयर इंडिया के ए350 विमान का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

मुंबई। निजी एयरलाइंस एयर इंडिया ने सोमवार को अपने पहले चौड़े आकार वाले ए350 विमान का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। इस विमान ने मुंबई हवाई अड्डे से चेन्नई के लिए उड़ान भरी। कुल 316 सीटों वाले ए350-900 विमान में तीन श्रेणी के केबिन हैं। इनमें फुल-फ्लैट बेड वाले 28 निजी बिजनेस सुइट, 24 प्रीमियम इकोनॉमी और 264 इकोनॉमी सीट हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया की उड़ान एआई-589 ने सोमवार को यात्रियों की पूरी क्षमता के साथ मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चेन्नई के लिए उड़ान भरी। चालक दल के इससे परिचित होने और नियामक अनुपालन के लिए विमान शुरू में घरेलू मार्गों - बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई पर उड़ान भरेगा।

सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ विलय समझौता किया रद

नई दिल्ली। सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को समाप्त कर दिया है। विलय की गई इकाई का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर गतिरोध के कारण यह फैसला किया गया। समूह ने जी को एक नोटिस भेजा और विलय समझौते की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए समाप्ति शुल्क के रूप में नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग की। जी ने इस संबंध में शेयर बाजार को दी जानकारी में सोनी के सभी दावों का खंडन किया और कहा कि वह कानूनी मदद लेगा। सोनी ने विलय के बाद भी प्रमुख बने रहने की जी के मुख्य कार्यकारी पुनित गोयनका की मांग का विरोध किया था। पुनित गोयनका के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जांच कर रहा है। जापान की कंपनी ने एक बयान में कहा, सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आज एक नोटिस जारी करते हुए एसपीएनआई और (जील) के बीच समझौतों को समाप्त करने की घोषणा करती है। समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को गई थी।

▸▸ जी को नोटिस भेजकर समाप्ति शुल्क के रूप में मांगे नौ करोड़ डॉलर

देश के निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था बनने में ईवी का रुख करना अहम

नई दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि 2047 तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में कर प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और चार्जिंग बुनियादी ढांचे के अनिवार्य प्रावधान द्वारा समर्थित विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर एक बड़ा बदलाव शामिल है। सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विकास और उन्हें अपनाना भारत के निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि सड़क से रेल तक माल ढुलाई के मॉडल शेयर में बदलाव माल परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए एक प्रभावी कदम होगा। अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी देना सतत विकास के प्रति देश के समर्पण को रेखांकित करता है।

कर संग्रह बढ़ने से बजट में सामाजिक योजनाओं पर व्यय की गुंजाइश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ वित्तीय वर्ष पूरा होने में ढाई महीने शेष कर संग्रह का 81 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। सूत्रों ने यह अनुमान जताया है। सरकार आम चुनाव में जाने के पहले एक फरवरी को अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। ऐसे में इस बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आय और कॉरपोरेट कर संग्रह में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में लगभग ढाई महीने का वक्त बाकी है।

बजट से उम्मीद | जीटीआरआई ने कहा-मौजूदा शुल्क संरचना बदलने से विनिर्माण को हो सकता नुकसान

स्मार्टफोन के घटकों पर आयात शुल्क में न हो कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार को आगामी बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं करनी चाहिए क्योंकि मौजूदा शुल्क संरचना अभी तक सफल साबित हुई है और उसे बदलने से स्थानीय विनिर्माण को नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार मौजूदा दरों को बनाए रखने से भारत के बढ़ते स्मार्टफोन बाजार में उद्योग की वृद्धि तथा दीर्घकालिक विकास को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में भारत में स्मार्टफोन के आयातित घटकों पर शुल्क 7.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत के बीच है। बजट में इन करों को बरकरार रखा जाना चाहिए। बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं की जानी चाहिए। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्माण और निर्यात के लिए आवश्यक कच्चे माल या पूंजीगत सामान शुल्क-मुक्त आयात कर सकती हैं।

स्थानीय स्तर पर बनते हैं 98 प्रतिशत स्मार्टफोन

जीटीआरआई ने रिपोर्ट में कहा, भारत का स्मार्टफोन उद्योग 2022 में 7.2 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 13.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) योजना तहत सबसे बेहतर करने वाला क्षेत्र बन गया है। भारत में बेचे जाने वाले 98 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन स्थानीय स्तर पर बनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के स्मार्टफोन विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि और गहराई को बनाए रखने के लिए मौजूदा आयात शुल्क को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

तूतीकोरिन के तमिलनाडु संयंत्र में परिचालन शुरू

चेन्नई। तूतीकोरिन अल्कली केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इसे दिसंबर 2023 में विनाशकारी बारिश के बाद बंद कर दिया गया था। कंपनी सोडा ऐश और अमोनियम क्लोराइड उर्वरक का उत्पादन करती है। दिसंबर 2023 में देश के दक्षिणी हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण तूतीकोरिन संयंत्र में काम बंद करना पड़ा था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को बताया कि 21 जनवरी से संयंत्र में परिचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है।

तैयारी में कमी से चिंतित मगर बैजबॉल पर भरोसा : कुक

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को उम्मीद भारत को पछाड़ने के लिए अपनानी होगी आक्रामक होकर खेलने की रणनीति

लंदन, एजेंसी

पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम को भारत में मैच की तैयारी का समय नहीं मिलने पर पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने चिंता जाहिर की। हालांकि उनका मानना है कि रोहित शर्मा की टीम को पछाड़ने के लिए उन्हें बैजबॉल यानी हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति पर भरोसा है। कुक की कप्तानी में ही इंग्लैंड ने 2012 में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट श्रृंखला जीती थी। अबु धाबी में एक महीने के ट्रेनिंग शिविर के बाद बेन स्टोक्स और उनकी टीम गुरुवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से 4 दिन पहले रविवार को हैदराबाद पहुंची। वर्ष 2012-13 की श्रृंखला में भारत पर 2-1 की जीत के दौरान 562 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे कुक ने द संडे टाइम्स में अपने कॉलम में लिखा कि इंग्लैंड के लिए मैच की तैयारी की कमी एक समस्या होगी। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक दौरे की प्रकृति है। जब हमने 2012 में भारत में जीत हासिल की थी तो अच्छी टीमों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेले थे। युवराज सिंह, अजिंक्य रहाणे और मुरली विजय भारत ए टीम में शीर्ष चार में शामिल थे।

टेस्ट श्रृंखला में 2012 से अजेय है भारत

कुक ने कहा कि कम से कम एक अभ्यास मैच होना चाहिए था। इस समय कई श्रृंखलाओं में घरेलू टीम का पूरी तरह से दबदबा है और यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में हार के बाद भारत 14 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय रहा है। हालांकि कुक को इंग्लैंड के बैजबॉल रवैये पर भरोसा है जो आक्रामक होकर खेलने की रणनीति है।

इंग्लैंड के पास बल्लेबाजी को अस्थिर करने की क्षमता

कुक ने कहा कि इंग्लैंड टीम के पास सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम को अस्थिर करने वाला आक्रमण मौजूद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है। इंग्लैंड की यह टीम भारत के गेंदबाजों को सीधे दबाव में डाल सकती है। इससे उनकी लय खराब हो सकती है। वे इसके अभ्यस्त नहीं होंगे क्योंकि अधिकांश टीमें मुकाबले में बने रहने की कोशिश करती हैं लेकिन यह आम तौर पर घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ काम नहीं करता है। कुक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया।

अब तक भारत नहीं पहुंच पाए इंग्लैंड के स्पिनर बशीर

हैदराबाद। कागजी कार्रवाई में विलंब के कारण इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को पहले टेस्ट से पूर्व यूएई में रुकने को बाध्य होना पड़ा है। बशीर को टेस्ट पदार्पण का इंतजार है। उनके माता-पिता पाकिस्तानी मूल के हैं। अबु धाबी में इंग्लैंड के ट्रेनिंग शिविर के खत्म होने के बाद उन्हें वहीं रुकना पड़ा। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से हाल में क्रिकेट संचालन के प्रबंध निदेशक के रूप में जुड़ने वाले स्टुअर्ट हूपर बशीर के साथ हैं। टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने बताया कि ईसीबी ने यह मुद्दा बीसीसीआई और भारत सरकार के सामने रखा है।

इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच से बाहर कोहली

मुंबई, एजेंसी

बीसीसीआई ने जारी किया बयान कहा- व्यक्तिगत कारणों से नहीं खेल पाएंगे शुरुआती दो मैच

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। विराट ने इस बारे में कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और यह भी कहा है कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना उनकी पहली प्राथमिकता है लेकिन व्यक्तिगत कारणों से वह पहले दो टेस्ट मैचों का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। कोहली ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला में खेला था। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ टी-20 श्रृंखला में लंबे समय बाद वापसी की थी।

बीसीसीआई ने अब तक कोहली की जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन दौड़ में सबसे आगे चेतेश्वर पुजारा, रजत पाटीदार, अभिमन्यु ईश्वरन और सरफराज खान शामिल हैं। पुजारा ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। इस साल की रणजी ट्रॉफी की शुरुआत झारखंड के खिलाफ नाबाद दोहरे शतक और अपने अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक अर्धशतक लगाया।

वहीं पाटीदार और सरफराज दोनों ने इंग्लैंड लायंस के दौरे के खिलाफ भारत ए के लिए खेला और प्रभावित किया। पाटीदार ने उनके खिलाफ दोनों टूर गेम और पहले अनौपचारिक टेस्ट में शतक लगाया, जबकि सरफराज ने दोनों मैचों में अर्धशतक बनाए। अभिमन्यु ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट के लिए भारत के रिजर्व ओपनर के रूप में घायल रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी और वर्तमान में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं।

सूर्यकुमार चुने गए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम के कप्तान

दुबई, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह भी टीम में शामिल

सूर्यकुमार यादव को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया है। टीम में यशस्वी जायसवाल, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह के रूप में तीन और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी की टीम में 11 बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है, जिन्होंने साल भर में अपने बल्ले, गेंद या ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। सूर्यकुमार को लगातार दूसरे साल टीम में जगह मिली है। वह आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में भी शामिल हैं।

मुंबई के इस बल्लेबाज ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया। श्रीलंका के खिलाफ सात रन के साथ साल की शुरुआत करने वाले सूर्यकुमार ने अगले दो मैच में 36 गेंद में 51 और 51 गेंद में नाबाद 112 रन बनाए। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन की पारी भी खेली और फिर फ्लोरिडा में 45 गेंद में 61 रन बनाए। साल के अंत में रोहित शर्मा के ब्रेक लेने के कारण सूर्यकुमार को भारतीय टीम की अगुवाई करने का मौका भी मिला। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया (42 गेंद में 80 रन) और दक्षिण अफ्रीका (36 गेंद में 56 रन) के खिलाफ अर्धशतक जड़े। उन्होंने साल का अंत जोहानिसर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 56 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर किया।

फिल सॉल्ट और यशस्वी चुने गए ओपनर

टीम में इंग्लैंड के फिल सॉल्ट को यशस्वी जायसवाल के सलामी जोड़ीदार के रूप में चुना गया है। वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण टीम के विकेटकीपर होंगे। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, जिंबाब्वे के सिकंदर रजा, युगांडा के अल्पेश रामजानी, आयरलैंड के मार्क एडेयर और जिंबाब्वे के रिचर्ड नगारवा को भी टीम में जगह मिली है।

महिला टीम में दीप्ति शर्मा एकमात्र भारतीय

महिलाओं में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा 11 सदस्यीय टीम में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टीम की अगुवाई श्रीलंका की चामरी अटापट्टू करेंगी। टीम में बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पैरी, ऐश गार्डनर और मेगान शुट के रूप में ऑस्ट्रेलिया की चार, नैट स्विकर ब्रंट और सोफी एक्लेस्टोन के रूप में इंग्लैंड की दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर भी टीम का हिस्सा हैं।

पाकिस्तान पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर

मस्कट। एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड से 2-3 से हारकर पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हो गई है। ओमान में रविवार को खेले गए क्वालीफायर टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड से हारने के साथ पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलिंपिक 2024 में खेलने का सपना टूट गया। यह लगातार तीसरी बार है जब पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ओलिंपिक से बाहर रहेगी। पाकिस्तान हॉकी टीम आखिरी बार 2012 लंदन ओलिंपिक में खेला था। पाकिस्तान तीन बार की ओलिंपिक विजेता टीम है और तीन बार ही क्वालीफाई करने में नाकाम रही है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन : बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

वेस्ली कूलहोफ और निकोला मेकटिक की जोड़ी को हराकर बनाई जगह

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को मेलबर्न में नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेंटीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

बोपन्ना की शुरुआत रही खराब

बोपन्ना की सर्विस ने शुरुआत में उन्हें निराश किया। पहले सेट के दूसरे गेम में उनकी सर्विस तोड़कर विरोधी जोड़ी ने 15 मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त बना ली। हाल में डेविस कप से संन्यास लेने वाले बोपन्ना ने कुछ शानदार बैकहैंड के साथ वापसी करते हुए अंक जुटाए। पहले सेट के सातवें गेम में कूलहोफ और मेकटिक की जोड़ी ने कुछ सहज गलतियां की और भारत-ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को वापसी का मौका दिया। बोपन्ना ने इसके बाद नेट पर शानदार खेल दिखाया और ढेरो अंक बटोरे।

टाईब्रेकर में जीता मैच

दूसरे गेम की शुरुआत में भी बोपन्ना ने सर्विस गंवाई जिससे नीदरलैंड-क्रोएशिया की जोड़ी 4-2 से आगे हो गई। आठवें गेम में बोपन्ना और एब्डेन ने एक बार फिर विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की। टाईब्रेकर में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने 3-0 की बढ़त बनाई और फिर सेट और मैच जीत लिया।

मेदवेदेव, नोसकोवा और यास्त्रेमस्का क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न। दानिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा भी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। मेदवेदेव ने सोमवार को नुनो बोर्गेस को 6-3, 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम आठ के मुकाबले में उनकी भिड़ंत नौवें नंबर के ह्युबर्ट हुरकाज और फ्रांस के वाइल्ड कार्ड धारक आर्थर केजो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6, 6-4 से हराया, जबकि एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

भारत के गुकेश तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

विज्क आन जी (नीदरलैंड), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सोमवार को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में महिला विश्व चैंपियन चीन की जू वेनजुन से ड्रा के बाद संयुक्त बढ़त पर बने हुए हैं। गुकेश के नाम आठ मुकाबलों में से पांच अंक है। वह नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ तालिका में शीर्ष पर है। गिरी ने चीन के वेई यी के साथ ड्रा खेला।

विदित गुजराती को स्लोवेनिया के एलेक्जेंडर डोनचेंको ने ड्रा पर रोका। वह हमवतन आर प्रज्ञानानंद के साथ 4.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है। प्रज्ञानानंद के साथ नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम का मुकाबला बराबरी पर छूटा।

भारत ने फ्रांस को 4-0 से हराया

केप टाउन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को केप टाउन में पेरिस ओलंपिक खेलों के मेजबान फ्रांस के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे की शुरुआत की। भारत का पहला गोल हरमनप्रीत ने ड्रैगफ्लिक के जरिये किया। उन्होंने दूसरा गोल पेनाल्टी कार्नर के जरिये करके टीम को बढ़त दिलाई।

भारत का तीसरा गोल भी पेनाल्टी कार्नर वेरिएशन से हुआ जब ललित उपाध्याय ने गोल किया। 49वें मिनट में मिडफील्डर और उप कप्तान हार्दिक सिंह ने बेहतरीन गोल करके भारत को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। इस टूर्नामेंट में फ्रांस, नीदरलैंड, भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

भारत पेरिस ओलंपिक में सबसे कठिन पूल में

लुसाने (स्विट्जरलैंड)। भारत को इस साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कठिन पूल बी में रखा गया है। आठ बार के चैंपियन भारत ने तोक्यो में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत के साथ पूल बी में ओलंपिक चैंपियन और विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम, बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया, रियो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं। भारत वर्तमान में बेल्जियम और नीदरलैंड के बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। टीम के लिए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना को हराना मुश्किल साबित होगा। पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

खेल डायरी

दीपक, निशांत मुक्केबाजी टूर्नामेंट के लिए टीम में

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है, जो 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63 .5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी सोमवार को घोषित टीम में जगह मिली है। इसके अलावा मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) की टीम में वापसी हुई है। हसामुद्दीन घुटने की चोट के कारण पिछले साल अधिकतर समय बाहर रहे। अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

पाकिस्तान क्रिकेट की बदहाली के लिए जका अशरफ जिम्मेदार

कराची। पूर्व कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम उल हक ने भारत में हुए एकदिवसीय विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पीसीबी के निवर्तमान प्रमुख जका अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है। इंजमाम ने एक टीवी चैनल से कहा कि क्या आप खिलाड़ियों की मानसिकता की कल्पना कर सकते हैं जब भारत में विश्व कप के दौरान वे सुनते हैं कि पीसीबी अध्यक्ष कह रहे हैं कि टीम का चयन बोर्ड नहीं बल्कि कप्तान और मुख्य चयनकर्ता ने किया है। इंजमाम ने कहा कि जब उन्होंने सुना होगा कि मुख्य चयनकर्ता के खिलाफ एक जांच समिति गठित की गई है और उन्होंने इस्तीफा दे दिया है तक क्या हुआ होगा। पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी मुस्तफा रामदे ने आरोप लगाया कि जका ने वन मैन शो चलाया, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को बहुत नुकसान हुआ।

देर रात तक पार्टी करने के बाद मैक्सवेल अस्पताल में भर्ती

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मैक्सवेल शराब पी रहे थे और ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ी। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेले गए विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सीए ने बयान में कह कि मामला उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं देने से संबंधित नहीं है। मैक्सवेल के टी-20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है।

बीसीसीआई पुरस्कारों से सम्मानित होंगे गिल, शास्त्री

हैदराबाद। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री को मंगलवार को बीसीसीआई के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार दिया जाएगा। इन 12 महीनों के दौरान वह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और इस प्रारूप में पांच शतक लगाए। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई पुरस्कार 2019 के बाद पहली बार दिए जा रहे हैं और गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों के खिलाड़ियों के समारोह में मौजूद रहने की उम्मीद है। शास्त्री ने 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में पहचान बनाई। शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच रहे।

लता मंगेशकर की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी सुन भावुक हुए फैंस

एआई ने वह कर दिखाया है, जिसके बारे में लोग कभी सोच भी नहीं पाए। अभी हाल ही में लता मंगेशकर की आवाज में एक नया गाना वायरल हो रहा है। जिसे एआई द्वारा बनाया गया है। इस वीडियो में लता मंगेशकर की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने को बनाया गया है। लता जी की आवाज में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाना खूब वायरल हो रहा है। इस राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने को सुनने के बाद लोग भावुक हो गए। इसे फैंस जमकर शेयर कर रहे हैं। लता मंगेशकर साल 2022 की 6 फरवरी को इस दुनिया को अलविदा कह गई थीं। लता मंगेशकर ने बॉलीवुड के साथ-साथ देश को भी कई हिट गाने दिए हैं।

हमारे राम आए हैं भजन रिलीज

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामभक्तों के लिए हमारे राम आए हैं गाना रिलीज किया गया है। रामानंद सागर के लोकप्रिय सीरियल रामायण में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की भूमिका अदा करने वाले सितारे अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी पर गाना हमारे राम आए हैं फिल्माया गया है। तीनों सितारों ने अयोध्या में इस गाने की शूटिंग की। कई दिनों से वे अयोध्या में हैं। अभिषेक ठाकुर निर्मित और अक्षय के अग्रवाल निर्देश में इस गाने को सोनू निगम ने गाया है। अभिषेक ठाकुर ने गाने के बोल लिखे हैं और संगीत निर्देशन किया है। अरुण गोविल ने रामभक्तों को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सदियों के संघर्ष और लंबी प्रतीक्षा के बाद मानवता के आदर्श श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। प्रभु की घर वापसी की हार्दिक बधाई, जय सियाराम। दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी ने भी इंस्टाग्राम के जरिये गाना रिलीज होने की जानकारी साझा की है।

कैटरीना समेत कई अभिनेत्री हो चुकी है डीपफेक का शिकार

एआई की मदद से भारत की तमाम एक्ट्रेसेस के डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा चुके हैं। साउथ की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का सबसे पहले डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था और उसके बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ सहित तमाम एक्ट्रेसेस इसका शिकार हुई हैं। रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार किया जा चुका है। डीपफेक वीडियो के लेकर सरकार ने भी सख्त कदम उठाए हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इन अभिनेत्रियों के फर्जी वीडियो आ चुके हैं सामने

रश्मिका मंदाना : रश्मिका मंदाना का सबसे पहले डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में जारा पटेल नाम की लड़की की बॉडी पर रश्मिका मंदाना का चेहरा लगाकर डीपफेक वीडियो वायरल किया गया था। रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाले मुख्य आरोपी को दिल्ली पुलिस ने आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।

नोरा फतेही : नोरा फतेही का डीपफेक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से लोगों को इस वीडियो से सावधान किया था। इस वीडियो में उन्हें किसी प्रोडक्ट का प्रचार करते दिखाया गया था।

कैटरीना कैफ : फिल्म टाइगर 3 में कैटरीना कैफ के एक सीन को लेकर उनका डीपफेक वीडियो बनाया गया था। इस वीडियो में कैटरीना कैफ के शरीर से तौलिया हटा दिया गया था।

काजोल : काजोल का भी डीपफेक वीडियो वायरल हो चुका है। एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर काजोल का चेहरा लगाया जो कि कपड़े चेंज कर रही थी।

आलिया भट्ट : आलिया भट्ट का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक लड़की के चेहरे पर आलिया भट्ट का फेस लगाया गया है जो कि बोल्ड पोज देती दिख रही है।

सारा तेंदुलकर : सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। सारा तेंदुलकर अपने भाई अर्जुन तेंदुलकर के साथ नजर आ रही थीं। वीडियो को एडिट कर अर्जुन तेंदुलकर की जगह शुभमन गिल का फोटो लगा दिया गया था।

सैफ अली खान के घुटने-कंधे में हुआ फ्रैक्चर

अभिनेता सैफ अली खान को हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती सैफ अली खान के घुटने और कंधे में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें घुटने की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। अब तक चोट लगने की असली वजह सामने नहीं आ पाई है। इस सर्जरी के दौरान उनकी पत्नी करीना कपूर भी अस्पताल में उनके साथ मौजूद हैं। सैफ अली खान बॉलीवुड के बाद साउथ में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं। सैफ अली खान साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवारा में नजर आने वाले हैं। देवारा से बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर साउथ में डेब्यू करने वाली हैं।

बॉक्स ऑफिस पर हनुमान ने मचाया धमाल

शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की फिल्म सलार के धमाल मचाने के बाद 2024 की शुरुआत बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्मों से हुई है। इन दिनों महेश बाबू की गुंटूर करम, धनुष की कैप्टन मिलर के अलावा कटरीना की मेरी क्रिसमसऔर तेजा की हनुमान भी सिनेमाघरों में छाई हुई हैं। हालांकि, इन फिल्मों में से कुछ से ये उम्मीद की जा रही थी कि ये बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई करेंगी लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन फिल्मों में से दो का हाल तो बहुत बुरा है, जिनमें से एक कटरीना कैफ की मेरी क्रिसमस भी है। प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म हनुमान में लीड एक्टर के तौर पर तेजा सज्जा नजर आए। बाकी फिल्मों की तुलना में हनुमान ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। इस फिल्म ने कुल मिलाकर 132 .05 करोड़ की कमाई इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कर ली है। वहीं वर्ल्डवाइड ये फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है और इसने अब तक 198 .20 करोड़ की कमाई कर ली है। 10वें दिन फिल्म ने 17 .6 की धमाकेदार कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

दुनियाभर में सारे पर्वों की रौनक एक साथ उतरी

रामलला प्राण प्रतिष्ठा की संध्या पर भक्तों ने मनाया दिवाली सा जश्न

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या के राम मंदिर में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भारत के साथ-साथ दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश में दिवाली सा जश्न मनाया गया। ऐसा लग रहा है कि, दुनियाभर में सारे पर्वों की रौनक एक साथ उतर आई हो।

बता दें, विभिन्न प्रदेशों में लगभग 50 हजार जगहों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल कहा, देश के विभिन्न शहरों में 30 हजार से अधिक स्थानों पर भंडारे लगाए गए हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक राम को लेकर करीब 40 हजार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस तरह देशभर में आयोजित सभी कार्यक्रमों को मिलाकर वह आंकड़ा, एक लाख की संख्या को पार कर गया है।

खंडेलवाल के मुताबिक, दिल्ली सहित देशभर में धार्मिक कार्यक्रमों का तांता लगा रहा। देश के सभी बाजार पूरी तरह से श्रीराम के झंडों से सजे हुए नजर आए।

नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में रामभक्तों ने दीये जलाकर लिखा जय श्रीराम। दूसरी तरफ पटना में कमल के फूल के आकार में भक्तों ने जलाए दिये।

यूपी की छात्रा ने केरल के केंद्रीय विवि में फहराया भगवा झंडा

तिरुवनन्तपुरम। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर देशभर में जश्न का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश की एक छात्रा ने पीले वस्त्र पहनकर भगवा झंडा फहराकर एक नया इतिहास रचा है।

बता दें, यहां पर लेफ्ट फ्रंट की सरकार है और केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया का कब्जा है। गौरी शोध छात्रा है और योग विज्ञान से पीएचडी कर रही है। इससे पहले उसने बेंगलुरु स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान से एमएससी एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग विज्ञान पर बीएससी ऑनर्स किया है। बता दें, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्य गौरी चुनाव भी लड़ना चाहती है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बौखलाया पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी। रामलला की प्राण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तानी मीडिया ने कहा, बाबरी मस्जिद को गिराकर बनाए गए राम मंदिर में सोमवार को पीएम मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार द डॉन ने लिखा, जहां पहले पांच शताब्दी पुरानी बाबरी मस्जिद हुआ करती थी, अब वहां राम मंदिर बन रहा है। राम मंदिर के चारों तरफ वेटिकन सिटी जैसा शहर बनने को तैयार है।

उन्होंने आगे लिखा, नए भारत में अब धार्मिक साम्प्रदायिकता घृणा की तरह नहीं मानी जाती है। पाकिस्तानी अखबार ने आगे लिखा है कि भाजपा के विपक्ष कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता को छोड़ धार्मिक पिच पर आए और भाजपा के साथ खेलती दिखे। अगर वो ऐसा नहीं करती है तो उसे हिंदू विरोधी के रूप में देखा जाएगा।

मैक्सिको: भारत से भेजीं प्रतिमा हुई स्थापित

दुनियाभर के देशों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया के मंदिरों में भी सुंदरकाण्ड, रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इसी बीच, मैक्सिको को पहला राम मंदिर मिल गया है। मैक्सिको में बने मंदिर में भारत से लाई गई मूर्तियों को स्थापित किया गया। इस दौरान एक अमेरिकी भारतीय पुजारियों में विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया।

नेपाल की हर गली हर राह पर रामनाम, घरों पर लगे श्रीराम के झंडे

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास नेपाल में छाया है। नेपाल के लोगों के लिए यह अवसर दीपावली से कम नहीं है। घरों को श्रीराम के झंडे, स्टीकर से सजाया गया है। गलियों में भगवा पताके लगाए गए हैं। सीमाई कस्बों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अर्थात 22 जनवरी को एलईडी स्क्रीन लगाकर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाने की तैयारी की गई है। मंदिरों पर कीर्तन, सुंदरकांड व मानसपाठ का आयोजन किया जाएगा। वहां के लोग पूरे मनोयोग से इस आयोजन को खास बनाने में जुटे रहे।

न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्काव्यर पर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खुशी का माहौल देखा जा सकता है। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर के सदस्यों ने लोगों को लड्डू बांटे।

सरयू तट पर 24 घंटे सीताराम का जाप कर रहे 21 हजार नेपाली भक्त, 25 तक चलेगा कार्यक्रम

सरयू नदी के किनारे नेपाल से आए 21 हजार रामभक्त 24 घंटे सीताराम का जाप कर रहे हैं। धर्मपथ चौराहे के पास 100 एकड़ के परिसर में 1008 घास से ढंके हुए छोटे-छोटे कक्ष बनाए गए हैं। हर कक्ष में एक शिवलिंग हजार भक्तों का सीताराम जाप के पास 2-3 भक्त सीताराम का जाप करने में मग्न हैं। 14 जनवरी से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 25 जनवरी तक चलेगा।

कैशलेस भुगतान में भारत ने अमेरिका को पछाड़ा: जयशंकर

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी

▸▸ नाइजीरिया दौरे पर जयशंकर बोले- हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान

नाइजीरिया दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को आज अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास पर गर्व है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका तीन सालों में जितना कैशलेस लेनदेन करता है, भारत एक महीने में ही उतना भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक का जीवन आसान हो गया है और ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने बहुत गहरे तरीके से टेक्नोलॉजी को अपनाया है। आप इसे भुगतान में देख सकते हैं, आज बहुत कम लोग नकद भुगतान करते हैं और बहुत कम लोग नकदी स्वीकार करते हैं। नाइजीरिया के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच लगभग 12-15 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम ऐसी सभ्यताएं हैं जो एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में बची हैं और हम उनमें से एक हैं। उन्होंने नाइजीरियाई निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए भी आमंत्रित किया। विदेश मंत्री ने भारत द्वारा कोविड महामारी से निपटने के तरीके की भी सराहना की।

नाइजीरिया में भारतीयों को संबोधित करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

प्राण प्रतिष्ठा: प्रसारण रोक पर सरकार से जवाब तलब

▸▸ पूजा पर रोक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु सरकार की तरफ से राज्य के मंदिरों को राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसारण और विशेष पूजा आयोजित करने से रोकने का मामला शीर्ष कोर्ट में पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले को लेकर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि अनुमति को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि क्षेत्र में अन्य समुदाय रह रहे हैं। पीठ ने तमिलनाडु के अधिकारियों से कहा कि वे कानून के अनुसार काम करें, न कि राज्य भर के सभी मंदिरों में विशेष प्रार्थना और प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने वाले किसी मौखिक आदेश पर। जज संजीव खन्ना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वे कोई भी मौखिक आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है।

हालांकि, तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है और आज अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा, अर्चना, भजनों के सीधे प्रसारण पर कोई प्रतिबंध नहीं है। ये याचिका सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। पीठ ने तमिलनाडु के लिए वरिष्ठ वकील अमित आनंद तिवारी के बयान को रिकॉर्ड पर लिया कि मंदिरों में पूजा-अर्चना या अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

इस बीच राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए कामाक्षी अम्मन मंदिर में लगाई गई एलईडी स्क्रीन को हटा दिया गया है। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखने वाली थीं। पीठ ने याचिका पर तमिलनाडु सरकार से 29 जनवरी तक जवाब भी मांगा है। बता दें कि विनोज नाम के व्यक्ति ने यह याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि तमिलनाडु सरकार ने प्राण प्रतिष्ठा के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सियासी जंग जारी, उद्धव गुट की याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने शिंदे गुट को थमाया नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने यह नोटिस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'असली' शिवसेना घोषित करने के स्पीकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर जारी किया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों को नोटिस जारी किया है। राहुल नार्वेकर के आदेश को उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने ठाकरे गुट की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया और मुख्यमंत्री शिंदे और अन्य विधायकों से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट भी सुनवाई कर सकता है। हालांकि, ठाकरे गुट के सीनियर वकीलों ने इस विचार का विरोध किया और कहा कि शीर्ष कोर्ट मामले को संभालने के लिए ज्यादा उपयुक्त है।

बयान वापस ले लिया तो मुकदमा जारी क्यों.. तेजस्वी की सुनवाई टली

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के मानहानि मामले में दायर याचिका पर सुनवाई 29 जनवरी तक टाल दी है। तेजस्वी यादव ने उनके खिलाफ दर्ज मानहानि मामले को अहमदाबाद कोर्ट से स्थानांतरित करके राज्य से बाहर दिल्ली भेजने की मांग की थी। जस्टिस ए एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने शिकायतकर्ता के वकील द्वारा समय मांगे जाने के बाद मामले की सुनवाई टाल दी।

पीठ ने शिकायतकर्ता के वकील से कहा 'जब वह (तेजस्वी यादव) अपना बयान वापस ले चुके हैं तो फिर भी उनके खिलाफ अभियोग जारी क्यों रहना चाहिए? आप ने निर्देश लें वरना हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते। शिकायतकर्ता के वकील ने याचिकाकर्ता के बयान पर जवाब देने के लिए समय मांगा है, इसलिए मामले को अगले सोमवार को लिस्ट करें। तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ चल रहे मानहानि के मामले पर सुनवाई रोकने की मांग की थी।

न्यूजक्लिक के एचआर हेड ने वापस ली याचिका

नई दिल्ली। न्यूजक्लिक के मानव संसाधन (एचआर) विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने सोमवार को याचिका वापस ली। उन्होंने यूएपीए के तहत अपनी गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली की अदालत ने मामले में इस महीने की शुरुआत में उनको सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी थी। आतंकवाद रोधी कानून के तहत न्यूज पोर्टल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पोर्टल पर आरोप है कि उसे चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए फंडिंग मिली थी। न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं।

इजराइल-हमास युद्ध में 27 हजार के पार हुई मृतकों की संख्या

गाजा। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज के जवान गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं। हिंसक संघर्ष में पिछले 107 दिनों में 27 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 178 लोगों की मौत हो चुकी है। शव बरामद होने के अलावा 300 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर भी सामने आई है। इजराइल और हमास शासकों के बीच तीन महीने से अदिक समय से युद्ध हो रहा है। हजारों फिलिस्तीन लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा 25 हजार से अधिक हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इजराइल-हमास युद्ध में महिलाएं और बच्चे मुख्य पीड़ित हैं।

नहीं थम रहा महिलाओं पर तालिबान का अत्याचार, यूएन ने जारी की रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

▸▸ अविवाहितों और लड़कियों पर लगाए कई प्रतिबंध, बिना हिजाब के निकलने पर हो रही गिरफ्तारी

अफगानिस्तान में तालिबानियों की महिलाओं पर क्रूरता बढ़ती ही जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान अफगान अविवाहित महिलाओं की काम, यात्रा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को प्रतिबंधित कर रहा है।

एक घटना में, उपाध्यक्ष एवं सदाचार मंत्रालय के अधिकारियों ने एक महिला को सलाह दी कि अगर वह स्वास्थ्य सुविधा में अपनी नौकरी बरकरार रखना चाहती है तो, उसे शादी करनी होगी। साथ ही, कहा कि एक अविवाहित महिला के लिए काम करना अनुचित है।

शुरुआत में अधिक उदार शासन का वादा करने के बावजूद, तालिबान ने 2021 में सत्ता संभालने के बाद से कई कठोर नियम लाकर सार्वजनिक जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं को प्रतिबंधित कर दिया है और लड़कियों को छठी कक्षा से आगे स्कूल जाने से रोक दिया है। तालिबानियों ने ब्यूटी पार्लर भी बंद कर दिए हैं और एक ड्रेस कोड लागू करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत यदि महिलाएं हिजाब या स्कार्फ पहने बिना बाहर आती हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। 2022 में, तालिबान ने एक फरमान जारी किया, जिसमें महिलाओं को केवल अपनी आंखें दिखाने के लिए कहा गया और उन्हें सिर से पैर तक बुर्का पहनने की सिफारिश की गई, जो 1996 और 2001 में तालिबान के पिछले शासन के दौरान प्रतिबंधों के समान था।

अमेरिका में खुलेंगे दो और भारतीय वाणिज्य दूतावास

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत-अमेरिका के संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरी दुनिया की भलाई के लिए अहम है। अमेरिका में जल्द ही दो और भारतीय वाणिज्य दूतावास खुलेंगे।

इससे दोनों देशों के बीच कारोबार और सुगम तथा कारोबारी रिश्ते मजबूत होंगे। प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों के एक समूह को संबोधित करते हुए संधू ने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अगली पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने प्रवासियों से नियमित आधार पर भारत की यात्रा करते रहने का भी आह्वान किया। उन्होंने शनिवार को विदाई समारोह के दौरान करीब 200 भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित किया।

गणतंत्र दिवस...

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 जनवरी को लोक कल्याण मार्ग पर एनसीसी कैडेट के साथ झांकी कलाकारों से मुलाकात करेंगे। इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित होगा और इसका लक्ष्य विकसित भारत है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 26 झाकियां होंगी। इनमें से 16 झाकियां राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं अन्य इसरो, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना मंत्रालय, बंदरगाह मंत्रालय, शिपिंग और जलमार्ग, आईटीबीपी, एमईए, ईसीआई, सीपीडब्ल्यूडी और संस्कृति मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। ● एजेंसी

इमरान खान के पार्टी उम्मीदवार ने लाहौर सीट से नाम वापस लिया

लाहौर (पाकिस्तान)। राष्ट्रव्यापी चुनावों से पहले पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के लिए एक बड़ी सफलता में पीटीआई के उम्मीदवार मेहर मुहम्मद वसीम ने पीएमएल-एन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज के पक्ष में अपनी वापसी की घोषणा की है।

8 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले देशभर में लुभावने घोषणापत्रों और वादों से लैस सभी राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान जोरों पर है। पीएमएल-एन और पीपीपी की नजर प्रधानमंत्री के कार्यालय पर है और वे मतदाताओं को सत्ता में लाने के लिए जोर-शोर से लुभा रहे हैं। पीटीआई टिकट धारक ने मरियम से मुलाकात की और अपने समर्थकों के साथ में शामिल होने की घोषणा करने के अलावा उनके पक्ष में लाहौर के एनए-119 से हटने की घोषणा की।

विज्ञान | अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दी जानकारी, कहा-किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं

क्षुद्रग्रह से जगमगा उठा जर्मनी के बर्लिन का आसमान

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: बीती रात एक अप्रत्याशित खगोलीय घटना हो गई। एक छोटा क्षुद्रग्रह जर्मनी के आसमान के ऊपर वातावरण से जा टकराया। इस घटना में जर्मनी के बर्लिन का आसमान रोशनी से जगमगा उठा। इस घटना में किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस घटना की जानकारी दी है।

इस क्षुद्रग्रह का पृथ्वी से टकराने की कुछ समय पहले पता चल पाया था। इसका आकार लगभग तीन फीट का था। रविवार की आधी रात को जर्मनी के बर्लिन शहर के आसमान में अचानक तेज रोशनी नजर आई। जिससे आसमान में समूचा वातावरण जगमगा उठा। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते रोशनी गायब हो गई।

इस घटना में की अप्रिय घटना नहीं हुई। जमीन में गिरने से पहले ही क्षुद्रग्रह आसमान में जलकर खाक हो गया। यदि यह क्षुद्रग्रह बड़े आकार का होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना के कुछ ही देर बाद आसमान में आग के गोले की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। खास बात यह है कि बुडापेस्ट, हंगरी के निवासी क्रिस्टियान सरनेज़की ने घटना से कुछ समय पहले ही इस क्षुद्रग्रह की खोज की थी। सार्नेक्ज़की पहले भी क्षुद्रग्रह की खोज कर चु के हैं। उन्होंने 2023 में फ्रांस के ऊपर और 2022 में आर्कटिक महासागर के ऊपर से टकराए क्षुद्रग्रह की खोज भी की थी। इस क्षुद्रग्रह का उपनाम एसएआर 2736 दिया गया है, जबकि इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन के माइनर प्लैनेट सेंटर ने इसे 2024 बीएक्स 1 का औपचारिक नाम दिया है।





क्षुद्रग्रह का प्रतीकात्मक चित्र दूसरी तरफ बर्लिन के आसमान मे बीती रात क्षुद्रग्रह के टकराने के बाद की वास्तविक तस्वीर।

बड़े खतरे का संकेत है यह छोटी घटना

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलूरू के पूर्व वैज्ञानिक प्रो आर सी कपूर के अनुसार क्षुद्रग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन हैं। माना जाता है कि पृथ्वी से डायनासोर जैसे विशाल जीवों का सफाया करने में इन्ही की भूमिका रही थी। बीते पिछले वर्षों में क्षुद्रग्रहों के पृथ्वी से टकराने की कुछ घटनाएं सामने आई हैं। मगर कोई बड़ा क्षुद्रग्रह अभी नही टकराया है। हालाकि बड़े क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के करीब आने का पता चल जाता है, लेकिन छोटे क्षुद्रग्रह नजरों से बचकर हमारे आसमान में पहुंच जाते हैं।

अमेरिका: हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

वेदरफोर्ड। अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में शनिवार देर रात एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में एयर एम्बुलेंस चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

विमान कंपनी के अधिकारी ने जानकारी दी कि रात 11:30 बजे से कुछ देर पहले नियंत्रण केंद्र का एयर इवैक लाइफटाइम हेलीकॉप्टर चालक दल से संपर्क टूट गया। इसके बाद वेदरफोर्ड के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई। यह हेलीकॉप्टर ओक्लाहोमा सिटी से 113 किलोमीटर पश्चिम में वेदरफोर्ड स्थित बेस पर लौट रहा था।

हालांकि, कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी कि हेलीकॉप्टर (बेल 206एल3) का मलबा कहां पाया गया। वहीं, मृतकों की जानकारी भी अभी सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस हादसे की जांच करेगी।

चीन में बड़ा हादसा, भूस्खलन में 7 लोगों की मौत, 40 लापता

चीन के युन्नान प्रांत में भूस्खलन से दबे लोगों को निकालते बचावकर्मी।

बीजिंग, एजेंसी

चीन के पर्वतीय इलाके युन्नान में बड़ा हादसा हुआ है। भूस्खलन से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लापता हैं। घटनास्थल से 200 लोगों को बचाया गया है। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है।

भूस्खलन में कई मकान तबाह हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना चीन के दक्षिण पश्चिमी प्रांत युन्नान की है। भूस्खलन सोमवार सुबह करीब छह बजे युन्नान के लियांगसुई गांव में हुई। हादसे वाला इलाका जेनजियांग काउंटी के तांगफांग शहर के अंतर्गत आता है। प्रशासन ने बयान जारी कर बताया है कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया गया है कि भूस्खलन में 18 घर मलबे में दब गए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित जगह से निकाला गया है। मलबे में दबे लोगों को निकालने की भी कोशिशें चल रही हैं। भूस्खलन की वजह अभी तक पता नहीं चली है। चीन के युन्नान प्रांत में भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। यह चीन का रिमोट इलाका हैं, जिसमें बड़े-बड़े पहाड़ हैं।